फाल्गुन कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 28 फरवरी 2024
वर्ष 5, अंक 102, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com






मंगल की धरती पर उड़ान भरेगा भारतीय हेलीकॉप्टर 14

यामी गौतम के आगे विद्युत का एक्शन फेल 13


# सांसद शफीकुर्रहमान बर्क का 94 की उम्र में निधन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



- मुरादाबाद के कांठ रोड स्थित निजी अस्पताल में चल रहा था इलाज

**अमृत विचार** : संभल से समाजवादी पार्टी के सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क (94) का मंगलवार को सुबह निधन हो गया। मुरादाबाद के कांठ रोड स्थित एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। उनके निधन पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, बसपा सुप्रीमो मायावती, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी समेत कई राजनेताओं ने गहरा शोक जताया है।

पांच बार के सांसद बर्क संभल के अलावा मुरादाबाद जिले से भी तीन बार सांसद रह चुके हैं। वह करीब एक महीने से बीमारी के चलते अस्पताल में भर्ती थे। मंगलवार को उनके निधन की खबर सुनते ही उनके परिवार व शुभचिंतकों में शोक व्याप्त हो गया। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर शोक संदेश में लिखा कि समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता, कई बार के सांसद जनाब शफीकुर्रहमान बर्क साहब का इंतकाल अत्यंत दुखद। उनकी आत्मा को भगवान शांति दे।

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- हम अंतरिक्ष के लिए तैयार...इस बार काउंटडाउन, समय और राकेट भी हमारा होगा

# गगनयान मिशन के लिए चार अंतरिक्ष यात्रियों के नामों की घोषणा

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी





प्रशांत बालकृष्णन | अजित कृष्णन | अंगद प्रताप | शुभांशु शुक्ला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को उन चार अंतरिक्ष यात्रियों के नामों की घोषणा की जो देश के पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगनयान के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने थुंबा स्थित विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर, अंगद प्रताप, अजीत कृष्णन और विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला गगनयान मिशन के लिए नामित किए गए अंतरिक्ष यात्री हैं। उन्होंने इन चारों को अंतरिक्ष यात्री पंख प्रदान किए। मोदी ने इन चार अंतरिक्ष यात्रियों को चार ताकतें करार दिया, जो देश के 1.4 अरब लोगों की आकांक्षाओं को समाहित करती हैं। मोदी ने कहा कि चार दशक बाद कोई भारतीय, अंतरिक्ष में जाने के लिए तैयार है और इस बार उलटी गिनती (काउंटडाउन), समय और यहां तक कि रॉकेट भी हमारा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ये चार अंतरिक्ष यात्री सिर्फ चार नाम या व्यक्ति नहीं हैं, बल्कि वे 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को अंतरिक्ष में ले जाने वाली चार 'शक्तियां' हैं। मोदी ने केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री पिनराई विजयन, विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन और इसरो के प्रमुख एस सोमनाथ सहित अन्य गणमान्य की उपस्थिति में नाम की घोषणा की। मिशन में स्वदेशी पुर्जों के इस्तेमाल पर प्रधानमंत्री ने खुशी जताई।

### प्रयागराज से ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप और लखनऊ से विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला बने टीम के सदस्य

**प्रयागराज/लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को जिन चार अंतरिक्ष यात्रियों के नामों की घोषणा की उनमें दो यात्री अंगद प्रताप और शुभांशु शुक्ला उत्तर प्रदेश से हैं। रक्षा मंत्रालय के जनसंपर्क अधिकारी समीर गंगाखेडकर ने एक विज्ञप्ति में बताया कि 17 जुलाई 1982 को प्रयागराज में जन्मे ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप एनडीए के छात्र रह चुके हैं। उन्होंने 18 दिसंबर 2004 को वायु सेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन प्राप्त किया था। अंगद प्रताप एक फ्लाइंग प्रशिक्षक और एक टेस्ट पायलट हैं जिनको लगभग 2000 घंटे के उड़ान का अनुभव है। वहीं, 10 अक्टूबर 1985 को लखनऊ में जन्मे विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला भी एनडीए के छात्र रहे हैं और उन्होंने 17 जून 2006 को वायु सेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन प्राप्त किया था। शुक्ला एक फाइटर कोम्बेट लीडर और एक टेस्ट पायलट हैं जिनको लगभग 2000 घंटे का विमान उड़ाने का अनुभव है। दोनों को सुखोई, मिग-21, मिग-29, जगुआर, हॉक, डॉर्नियर, एएन-32 जैसे विमान उड़ाने का अनुभव है।


पढ़ते रहिये... अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
₹ 5/- प्रतिदिन


# सपा में फूट, भाजपा के सभी 8 प्रत्याशी विजयी

## राज्यसभा चुनाव : सपा के दो प्रत्याशी जीते, सात विधायकों ने की भाजपा के पक्ष में वोटिंग

- बसपा विधायक उमा शंकर सिंह ने भाजपा प्रत्याशी को किया वोट
- अखिलेश का आरोप-विधायकों से वोट लेने को पैकेज डील हुई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



जीत के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ विजयी प्रत्याशी।

**अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की 10 सीटों पर भाजपा ने परचम लहराया। चुनाव में भाजपा के सभी आठों प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की जबकि सपा के तीन उम्मीदवारों में केवल दो ही विजयी हुए। भाजपा के विजयी प्रत्याशियों में आरपीएन सिंह, सुधांशु त्रिवेदी, चौधरी तेजवीर सिंह, साधना सिंह, अमरपाल मौर्य, संगीता बलवंत, नवीन जैन के साथ 8वें प्रत्याशी के रूप में संजय सेठ भी हैं। सपा से जया बच्चन, रामजीलाल सुमन जीते जबकि तीसरे प्रत्याशी आलोक रंजन हार गए। राज्यसभा की 10 सीटों पर 11 प्रत्याशी मैदान में थे। मतदान में जमकर क्रॉस वोटिंग हुई। समाजवादी पार्टी (सपा) के मुख्य सचेतक मनोज पांडेय समेत सात विधायकों ने भाजपा प्रत्याशी को वोट दिया। एनडीए के घटक दल सुभासपा के एक विधायक ने सपा प्रत्याशी को वोट किया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने क्रॉस वोटिंग करने वाले अपने विधायकों पर सत्तासीन दल से सौदा करने का आरोप लगाया, मतदान और मतगणना के दौरान कई बार नोकझोंक की भी नौबत आई।


**किसको कितने मिले मत :** मतगणना के परिणामों के मुताबिक भाजपा के अमरपाल मौर्य को 38, तेजवीर सिंह को 38, नवीन जैन को 38, आरपीएन सिंह को 37, साधना सिंह को 38, सुधांशु त्रिवेदी को 38 और संगीता बलवंत को 38 वोट मिले। जबकि संजय सेठ को 29 और सपा के आलोक रंजन को प्रथम वरीयता के 19 मत ही मिले। इस तरह आलोक रंजन हार गए। सपा के रामजीलाल सुमन को 37 और जया बच्चन को 41 वोट मिले। भाजपा और सपा की तरफ से महत्वपूर्ण प्रत्याशियों को मानक से अधिक वोट डलवाए गए थे ताकि उनकी जीत में कोई खतरा न रह जाए।

### हिमाचल में भाजपा के हर्ष महाजन जीते, सिंघवी हारे

**शिमला।** 'क्रॉस-वोटिंग' के बीच भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन ने सत्तारूढ़ कांग्रेस के अभिषेक मनु सिंघवी को पराजित कर हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा की इकलौती सीट पर मंगलवार को जीत दर्ज की।दोनों को 34-34 मत मिले जिसके बाद महाजन को 'ड्रॉ' के जरिए विजेता घोषित किया गया। यह कांग्रेस के लिए बड़ा झटका है जिसके पास 68 सदस्यीय विधानसभा में 40 विधायक हैं और उसने निर्दलीयों का समर्थन होने का भी दावा किया है। इस परिणाम से यह स्पष्ट हो गया है कि नौ विधायकों ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया।

### कर्नाटक में कांग्रेस ने तीन, भाजपा ने एक सीट जीती

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में राज्यसभा चुनाव में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने तीन सीट, जबकि भाजपा ने एक सीट जीती। उच्च सदन के लिए निर्वाचित हुए व्यक्तियों में अजय माकन, जीसी चंद्रशेखर और सैयद नसीर हुसैन (सभी कांग्रेस से) और भाजपा के नारायणसा के. भांडगे शामिल हैं। चुनाव में चार सीट के लिए पांच उम्मीदवार मैदान में थे, जिनमें जनता दल (सेक्युलर) के उम्मीदवार डी. कुपेंद्र रेड्डी भी शामिल थे। चुनाव में क्रॉस वोटिंग हुई। भाजपा विधायकों में से एक एसटी सोमशेखर ने कांग्रेस के अजय माकन के लिए मतदान किया, जबकि अन्य विधायक ए. शिवराम हेब्बार ने मतदान में भाग नहीं लिया।



क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों की अब अंतरात्मा के साथ-साथ सम्पूर्ण आत्मा की जांच क्षेत्र की जनता करेगी ताकि भटकती हुई आत्माएं हमेशा के लिए शांत हो जाएं। -**शिवपाल यादव**



हमारी तीसरी सीट सच्चे साथियों की पहचान की परीक्षा थी। ये जानने के लिए कि कौन-कौन दिल से पीडीए के साथ हैं। सुनने में तो ये आ रहा है कि पैकेज डील हुई है। - **अखिलेश यादव**



क्रॉस वोटिंग नहीं ये तो वेलकम चेंज है। मुझे तो किसी ने पैकेज नहीं दिया है। मैंने भाजपा के पक्ष में वोट किया है। मुझे तो चवन्नी भी नहीं मिली है। - **राजा भैया**



मैंने पीडीए के पक्ष में मतदान किया है। मैं सपा और अपना दल कमेरावादी की विधायक हूं। मैं अपने हक की बात करती रहूंगी, मेरा सपा नेतृत्व से कोई मनमुटाव नहीं। - **पल्लवी पटेल**



सपा के दो प्रत्याशी जीते उनको भी बधाई और उनका तीसरा प्रत्याशी हारा उसके लिए भी उनको बधाई। अखिलेश यादव के अहंकार की आज हार हुई। - **केशव प्रसाद मौर्य**

# भ्रामक दावों पर पतंजलि को सुप्रीम कोर्ट की फटकार



- कोर्ट में दिए हलफनामे के उल्लंघन पर मानहानि की नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने योग गुरु रामदेव की कंपनी पतंजलि आयुर्वेद के उत्पादों के बारे में अदालत में दिए गए हलफनामे और उनके औषधीय प्रभाव का दावा करने वाले बयानों के प्रथम दृष्टया उल्लंघन को लेकर मंगलवार को उसे कड़ी फटकार लगाई। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति ए. अमानुल्लाह की पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद एवं इसके प्रबंध निदेशक को नोटिस जारी किया तथा पूछा कि उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही क्यों न की जाए। पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद और इसके अधिकारियों को दवा की किसी भी पद्धति के विरुद्ध प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक, दोनों मीडिया में कोई बयान देने के खिलाफ आगाह भी किया। कंपनी का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील ने पिछले साल 21 नवंबर को शीर्ष अदालत को आश्वस्त किया था कि अब से कानून का किसी तरह से भी उल्लंघन नहीं किया जाएगा।




पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसंद
51/11, नारायन पुरवा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

MONTE CARLO
LAST DAYS
लेडीज कार्डिगन
लेडीज कुर्ती, स्लिक्स
लेडीज कोट
लेडीज ट्रैक सूट
लेडीज जैकेट
जेन्ट्स स्वेटर
जेन्ट्स जैकेट
जेन्ट्स ट्रैक सूट
पशमीना शॉल, स्टाल एण्ड कम्बल।
FLAT 50% OFF
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050


# वैन पलटी, चार विद्यार्थियों की गई जान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



प्रतिष्ठा मिश्रा। | मुस्कान। | अनुराग। | अनुरूप।

- हाईस्कूल की परीक्षा देने जा रहे थे, कांट थाना क्षेत्र में हुआ हादसा
- ईको का अगला टायर फटने से हुए हादसे में सात घायल

**अमृत विचार** : हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं को परीक्षा केंद्र छोड़ने जा रही ईको (वैन) का कांट क्षेत्र के जरावन में अगला टायर फट गया जिससे ईको अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। हादसे में दो छात्राओं और दो छात्रों की मौत हो गई। जबकि सात परीक्षार्थी घायल हो गए। सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज लाया गया।

मंगलवार सुबह कांट के गांव बरेंडा से द्वारिका प्रसाद महर्षि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के हाईस्कूल के 11 परीक्षार्थी ईको में सवार होकर जैतीपुर स्थित लटूरी लाल इंटर कॉलेज में बने केंद्र पर गणित का पेपर देने जा रहे थे। ईको बरेंडा गांव का मुलायम चला रहा था। करीब 6:10 बजे कांट क्षेत्र के गांव जरावन में बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने अगला टायर फट गया जिससे ईको अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। चालक वैन से कूद गया जिससे उसकी तो जान बच गई, लेकिन वैन में सवार चार परीक्षार्थी कांट के गांव बरेंडा निवासी मुस्कान (16) पुत्री महेंद्र, बरेंडा के मजरा गौटिया निवासी अनुराग (14) पुत्र चंद्रपाल, कांट के ही गांव हरीपुर निवासी प्रतिष्ठा (15) पुत्री अनिल मिश्रा और कांट के ही गांव नगला जाजू निवासी अनुरूप (17) पुत्र नीरज की मौत हो गई।गांव बरेंडा निवासी ज्योति, अवनीश, विपिन, मोहन गुप्ता, रविकांत, ध्रुव, मुलायम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। डीएम उमेश प्रताप सिंह, एडीएम प्रशासन संजय पांडेय व पुलिस अधिकारियों ने घायलों का हाल जाना और बेहतर इलाज के निर्देश दिए।

> मंगलवार सुबह कांट क्षेत्र में ईको का टायर फटने से घटना होने की बात सामने आई है। घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए गए हैं। चालक के शराब पीये होने की बात कही जा रही है। इस बारे में अभी पुष्टि नहीं हो पाई है। आवश्यक कार्रवाई भी किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। - **उमेश प्रताप सिंह**, जिलाधिकारी

# शीर्ष कोर्ट ने 5 डीएम को ईडी के समक्ष पेश होने को कहा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को अवैध रेत खनन को लेकर की जा रही धन शोधन जांच के संबंध में तमिलनाडु के पांच जिलाधिकारियों (डीएम) को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने ईडी के समन के खिलाफ तमिलनाडु और उसके अधिकारियों की याचिका को 'अजीब और असामान्य' बताया और पांच जिलाधिकारियों को राहत देने के मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी।

# 20 टुकड़ों में मिला महिला का शव, थैलों में बंद कर फेंका

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- नहीं हो सकी पहचान, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजे टुकड़े

**अमृत विचार** : करीब तीस वर्षीया महिला की हत्या कर उसके 20 टुकड़े कर दिए गए। हत्यारे ने उसके अंगों को थैलों में बंद करके जंगल में फेंक दिया। महिला का सिर, एक हाथ, पैर और अन्य अंगों को शरीर से अलग कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अंगों को थैलों से निकाला और जांच की। शव की पहचान नहीं हो सकी है। फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव के टुकड़ों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

नौगावां सादात थाना क्षेत्र के धनौरा बाईपास स्थित गांव खेतापुर के जंगल में मंगलवार की सुबह स्थानीय लोग खेतों में काम करने गए थे। इस दौरान पेड़ों के नीचे कुछ थैले पड़े देखे। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष पंकज तोमर फोर्स के साथ पहुंच गए। थैलों में महिला के कटे अंग पड़े थे। एएसपी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि महिला की पहचान नहीं हो सकी है। उसकी उम्र करीब तीस साल है। शव के टुकड़े किए गए हैं। मुकदमा दर्ज कर खुलासे के लिए टीमें लगा दी गई हैं।

## एक नजर

### न्यायमूर्ति खानविलकर लोकपाल के अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने न्यायमूर्ति अजय माणिकराव खानविलकर को लोकपाल का अध्यक्ष नियुक्त किया है। राष्ट्रपति सचिवालय से मंगलवार को जारी वक्तव्य में कहा गया कि राष्ट्रपति ने न्यायमूर्ति लिंगप्पा नारायण स्वामी, न्यायमूर्ति संजय यादव और न्यायमूर्ति ऋतु राज अवस्थी को लोकपाल का न्यायिक सदस्य व सुशील चन्द्र, पंकज कुमार और अजय तिर्की को लोकपाल का सदस्य बनाया है।

### छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में चार नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह मुठभेड़ जांगला पुलिस थाना क्षेत्र के जंगल में हुई, जब जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के अलग-अलग दलों को नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना किया गया था।

### 15 से 31 मई तक होंगी सीयूसीईटी यूजी परीक्षाएं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीयूसीईटी)-स्नातक की परीक्षा 15 से 31 मई तक 'हाइब्रिड मोड' में प्रतिदिन दो या तीन पालियों में होगी और परिणाम 30 जून को घोषित किए जाएंगे। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए परीक्षा को 13 भाषाओं में 26 विदेशी शहरों सहित 380 शहरों में आयोजित किया जाएगा।

# पंजाब-राजस्थान में 16 स्थानों पर एनआईए ने की छापेमारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- आतंकी गठजोड़ के सिलसिले में केंद्रीय जांच एजेंसी की कार्रवाई

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने देश में आतंकवादियों एवं अन्य अपराधियों के गठजोड़ का पता लगाने के लिए मंगलवार को पंजाब और राजस्थान में कई स्थानों पर छापेमारी की और इस दौरान छह लोगों को हिरासत में लिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों और अन्य अपराधियों के बीच साठगांठ से संबंधित एक मामले में जारी जांच के तहत पंजाब में 14 और राजस्थान में दो स्थानों पर छापेमारी जारी है। अधिकारी ने कहा कि आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने को लेकर छह लोगों से पूछताछ की जा रही है।

वहीं, पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की एक विशेष अदालत ने चार वर्ष पूर्व राज्य में नकली भारतीय मुद्रा की जब्ती से संबंधित एक मामले में एक अन्य आरोपी को सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

# ईडी ने केजरीवाल को जारी किया 8वीं बार समन

**नई दिल्ली।** ईडी ने आबकारी नीति संबंधी कथित घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में पूछताछ के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आठवीं बार समन जारी किया है।

आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को यहां एजेंसी के मुख्यालय में चार मार्च को आने को कहा गया है। केजरीवाल (55) इस मामले में सोमवार को ईडी के सामने पेश नहीं हुए थे। यह सातवीं बार है जब केजरीवाल ईडी के समन पर एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए।

**मिला रोजगार** डॉ. कलाम तकनीकी विवि और संबद्ध कॉलेजों के 70 से अधिक शोधार्थियों को मिले उद्यम के अवसर

# जेम पोर्टल ने तैयार की यूपी में स्टार्टअप की खेप

जीशान कदीर, लखनऊ



शोधार्थियों द्वारा तैयार इलेक्ट्रिक व्हीकल।

- केन्द्र सरकार की स्टार्टिंग यूपी योजना के तहत मिली है 2 करोड़ की धनराशि
- अलग जिलों में रहकर शुरू किया रोजगार, ऑनलाइन बाजार से बढ़ा कारोबार

**अमृत विचार** : जेम पोर्टल यानि गवर्मेंट ई मार्केट प्लेस के सहारे यूपी में छात्रों को स्टार्टअप मिला। चंद माह के भीतर 70 से अधिक जुड़े शोधार्थियों ने ऑनलाइन बाजार में बढ़त बना ली। अलग-अलग जिलों में रहने वाले युवा अब न्य साथियों को जोड़कर रोजगार देने में मददगार साबित हो रहे हैं।

एमआईईटी इंक्यूबेशन सेंटर मेरठ के सीईओ रेहान अहमद बताते हैं कि सेंटर में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय लखनऊ और संबद्ध महाविद्यालयों के अलावा अन्य विद्यालयों के 70 से अधिक शोधार्थी मिलकर इलेक्ट्रिक व्हीकल, साफ्टवेयर, बॉयोडायजेस्टर टैंक, मेडिकल डिवाइस, इनोवेटिव प्रोडक्ट, स्टेप्यू मेकिंग, इलेक्ट्रानिक पार्ट, इंडेक्शन सहित अन्य सामानों को बनाया है। नई तकनीक के सहारे तैयार माल ने ऑनलाइन बाजार में युवाओं को रोजगार दिया है। जिन शोधार्थियों ने उद्यम स्थापित किए हैं, वे युवाओं को कंपनी के रजिस्ट्रेशन से लेकर उसे स्थापित करने तक में मदद दे रहे हैं।

### स्टार्टिंग यूपी योजना के तहत मिला लाभ

इंक्यूबेशन सेंटर को केन्द्र सरकार की स्टार्टिंग यूपी योजना के तहत दो करोड़ की धनराशि मिल चुकी है। रेहान बताते हैं कि योजना के सहारे वे शोधार्थियों को 70 लाख रुपये की मदद दे चुके हैं।

### पिच डेक के सहारे कॉल टू एक्शन

शोधार्थियों ने पिच डेक के सहारे पूंजी जुटाई और निवेशकों से खरीदारी कर वित्तीय व्यवस्था को मजबूत किया। साथ ही व्यवसाय मॉडल को टीम की मदद से कॉल-टू-एक्शन तक रेखांकित किया जा रहा है।

## एक नजर

### नगर पालिका ने खाली कराईं दो दुकानें




बिल्सी। नगर पालिका परिषद ने सब्जी मंडी स्थित अपनी दो दुकानों से मंगलवार को खाली करा दिया है। दुकानों में जमे बैठे लोगों में खलबली मची रही। पालिका के सभासद राहुल कुमार, अजीत सिंह गुर्जर, उमेश बाबू, बनवारी लाल, सूर्यप्रकाश देवल, प्रखर माहेश्वरी, मनीश असावा, सलीम राइन, दिलीप कुमार, प्रदीप कुमार, सत्यपाल, तौफीक अंसारी, धर्मवीर सिंह, हरपाल आदि ने 20 जनवरी को तहसील में पहुंच कर अधिकारियों को एक ज्ञापन सौंपा था। साथ ही इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से भी की थी। उक्त शिकायतों के मद्देनजर नगर पालिका परिषद ने मंडी स्थित दोनों दुकानों को डा .विक्की से खाली करा लिया है। बताते हैं कि इससे पहले पालिका द्वारा उक्त चिकित्सकों को दुकान खाली करने को लेकर कई बार नोटिस भी दिए थे। मंगलवार को पालिका ने दुकानों को खाली कराकर उसमें ताला लगा दिया है।

# 2009 करोड़ से तैयार होगा राष्ट्रीय राजमार्ग

## 545 करोड़ से अधिग्रहीत की जाएगी किसानों की जमीन, जल्द शुरू होगा निर्माण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई की गई शुरू

**अमृत विचार:** बरेली-मथुरा हाईवे के बदायूं की सीमा में 37 किमी. का हिस्सा 45 फुट चौड़ा होना है। रोड का निर्माण भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएचएआई) द्वारा किया जाएगा। इसमें करीब 2009 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इनमें से 545 करोड़ की धनराशि भूमि अधिग्रहण पर खर्च होगी। जिसकी प्रक्रिया कार्यदायी संस्था द्वारा शुरू कर दी गई है। प्रशासन द्वारा किसानों का डाटा एकत्रित कर लिया गया है। भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई पूरी होने के बाद निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

एनएचएआई द्वारा बदायूं के कछला से चंदन नगर खरैर तक करीब 37 किमी. के हिस्से को 45 फुट चौड़ा किया जाना है। इसके बाद रोड फोरलेन में तब्दील हो जाएगा। इसमें करीब 116 हेक्टेयर जमीन किसानों से खरीदी जाएंगी। 37 किलोमीटर के दायरे में बाईपास, टोल आदि का भी निर्माण होगा। एनएचएआई के अनुसार इस कार्य में करीब 2009 करोड़ की धनराशि खर्च होगी। इसमें करीब 545 करोड़ से किसानों की जमीन खरीदी जाएगी। शेष बची 1,464 करोड़ धनराशि से रोड को चौड़ा करने के साथ ही अन्य निर्माण कार्य होंगे। जिन किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। उन किसानों का डाटा प्रशासन द्वारा एकत्रित कर लिया गया है। जल्द ही किसानों को मुआवजा देकर भूमि संस्था के नाम होने की कार्रवाई शुरू होगी।

### चार चरणों में बन रहा है बरेली-मथुरा मार्ग

बरेली-मथुरा मार्ग को बनाने का जिम्मा कार्यदायी संस्था एनएचएआई को 2019 में मिला था। चार चरणों में इस रोड को फोरलेन में तब्दील किया जा रहा है। तीसरे चरण में जिले में एनएचएआई ने काम करना शुरू कर दिया है। एनएचएआई कासगंज से बरेली की तरफ काम करता हुआ आगे बढ़ रहा है। तीसरे चरण में कछला से चंदन नगर खरैर तक की सड़क को चौड़ा किया जाएगा।

### इन गांवों के किसानों की भूमि होगी अधिग्रहीत

कछला से चंदननगर खरैर तक 37 किमी. मार्ग को चौड़ा किया जाएगा। इसके लिए कछला खाम, अल्लीपुर मढैया, नौशेरा, छतुईया, उझानी, गुनौरा वाजिदपुर, जिरौली, गठौना, बसोमा, चंदननगर, अकरम नगर गढ़ी, इटौआ, खेड़ा बुजुर्ग, आरिफपुर नवादा आदि 30 गांवों के किसानों की जमीन ली जाएगी। हाईवे के लिए जिन किसानों की जमीन ली जाएगी, उन्हें जमीन के सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा दिया जाएगा। जिसकी प्रक्रिया को कार्यदायी संस्था द्वारा शुरू कर दिया गया है।

### मार्ग में बाइपास भी शामिल रहेगा

चौड़ीकरण के बाद लोगों की राह काफी आसान हो जाएगी। साथ ही जाम से मुक्ति मिलेगी। उझानी सहित बिनावर के पास बाईपास का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा रोड को फोरलेन किया जाएगा। वहीं, जगह जगह जर्जर हो चुकी सड़क से भी मुक्ति मिल जाएगी। बरेली से मथुरा की दूरी करीब 215 किलोमीटर है। वर्तमान में बरेली से मथुरा जाने में तकरीबन छह घंटे लगते हैं, लेकिन फोरलेन बनने पर यह सफर चार घंटे में पूरा हो सकेगा।

> एनएचएआई बदायूं जिले की सीमा में तीसरे चरण में 37 किलोमीटर मार्ग चौड़ा करेगा। मार्ग का निर्माण कार्य करीब 2009 करोड़ से होगी। इसमें करीब 545 करोड़ से भूमि अधिग्रहीत की जाएगी। किसानों का डाटा एकत्रित हो गया है। जल्द ही किसानों को मुआवजा देकर बैनामे कराए जाएंगे।
> **- अरुण कुमार**, सिटी मजिस्ट्रेट/सक्षम अधिकारी, भूमि अधिग्रहण।

## सीओ उझानी बने लोस चुनाव सेल के प्रभारी

**बदायूं, अमृत विचार :** चुनाव को लेकर जहां एक ओर राजनैतिक सरगर्मियां दिख रही हैं तो पुलिस ने भी तैयारियां शुरू करते हुए अपने चुनाव सेल को सक्रिय कर दिया है। सेल में स्टाफ बढ़ाया गया है। सीओ उझानी चुनाव सेल के प्रभारी बनाए गए हैं।

एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने रविवार को थाना मूसाझाग के उपनिरीक्षक सीताराम, थाना फैजगंज के उपनिरीक्षक कमलवीर सिंह, कछला पुलिस चौकी इंचार्ज अवधेश कुमार को चुनाव सेल में अटैच किया था। पुलिस ने अपनी परिवहन शाखा में तैनात हेड कांस्टेबल अनिल कुमार, थाना कादरचौक के हेड कांस्टेबल कृष्ण कुमार को भी सेल में तैनात किया है। जिसके बाद कोतवाली सिविल लाइन के कांस्टेबल विशांत कुमार, पुलिस लाइन से जॉनी भाटी, लोकेंद्र कुमार, थाना उसावां की कांस्टेबल खुशबू रस्तोगी को चुनाव सेल में भेजा गया है। उझानी क्षेत्र के सीओ शक्ति सिंह को चुनाव सेल के प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है।

# आबिद रजा के इस्तीफा से बढ़ सकती है सपा की परेशानी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सलीम इकबाल शेरवानी स्वामी प्रसाद मौर्य, राष्ट्रीय सचिव योगेंद्र तोमर के बाद अब आबिद रजा ने छोड़ा पद

**अमृत विचार:** जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है, सपा की परेशानी बढ़ती जा रही है। राष्ट्रीय सचिव आबिद रजा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने सपा के जिम्मेदारों पर गंभीर आरोप लगाए। कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं का मनोबल टूट रहा है। राजनेताओं के लगातार बगावत की वजह से चुनाव में सपा को कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।


आबिद रजा।

आबिद रजा ने मंगलवार को दिल्ली में प्रेस वार्ता की। पार्टी पर हिंदुओं के वोट को न सहेजने, मुस्लिम लीडरशिप को खूबसूरत अंदाज से खत्म करने, ओवर कांफिडेंस पार्टी द्वारा पार्टी को खोखला व कमजोर करने की बात कहते हुए पद छोड़ दिया। मुस्लिम वर्ग में खासी चर्चा है कि शिवपाल यादव लोकसभा चुनावों में पार्टी से बागी हुए अपनों को कैसे साधेंगे और भाजपा से मुकाबला करेंगे। इससे पहले सपा के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व केंद्रीय मंत्री सलीम इकबाल शेरवानी, स्वामी प्रसाद मौर्य और राष्ट्रीय सचिव योगेंद्र तोमर इस्तीफा दे चुके हैं।

**प्रत्याशी बदलने से नाराज हैं लोग:** सपा ने धर्मेंद्र यादव को बदायूं लोकसभा से प्रत्याशी बनाया था लेकिन कुछ ही दिनों के बाद सपा ने शिवपाल यादव को प्रत्याशी बना दिया। इस पर कुछ लोगों ने धर्मेंद्र यादव के आवास पर नारेबाजी की थी। धर्मेंद्र यादव नहीं तो कोई नहीं का नारा लगाया था। उनका टिकट कटने के बाद पार्टी के ही कई लोग खासे नाराज हैं। वह धर्मेंद्र यादव को जिताऊ प्रत्याशी मान रहे थे।

# कीट-भूमि उपचार से बढ़ेगी उपज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- शाहजहांपुर शोध संस्थान में 50 किसानों को दिया गया गन्ना संबंधी प्रशिक्षण
- नई प्रजाति के गन्ने की उपज पर रहा जोर, सम्मानित हुए गन्ना विकास निरीक्षक

**अमृत विचार :** शाहजहांपुर के गन्ना विकास शोध परिषद में आयोजित गन्ना प्रशिक्षण शिविर में बदायूं से पचास गन्ना किसानों को भेजा गया। इसमें किसानों को गन्ने की उपज बढ़ाने एवं नई प्रजाति का गन्ना लगाने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही कई किसानों को सम्मानित भी किया गया।

सोमवार को शाहजहांपुर के गन्ना शोध परिषद संस्थान में गन्ना विकास परिषद बदायूं के 50 गन्ना कृषकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। कृषकों ने गन्ना विभाग के इस कदम को काफी उपयोगी बताया। कृषकों ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से गन्ना किसानों को नई तकनीक और नए तौर तरीके सीखने को मिलते हैं जिससे वह लोग गन्ना की खेती में अधिक पैदावार ले सकेंगे। किसानों ने गन्ने में लगने वाली रेड रोग की बीमारी से बचाव पर चर्चा की। किसानों ने नई प्रजाति का गन्ना लगाने से पहले खेत को किस तरह तैयार किया जाए, इसकी विधि जानी।



गन्ना किसान को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते विभाग के अधिकारी।

कृषि वैज्ञानिकों ने नई गन्ना प्रजातियों, बीज व भूमि उपचार, कीट रोगों से बचाव, जैव उत्पाद, उर्वरक का प्रयोग आदि की विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर शोध केंद्र के फार्म, लैब व ट्रायल प्लॉट्स का भ्रमण किया। गन्ने की प्रजाति कैसे तैयार होती है। इसके बारे में किसानों को विस्तार से जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण लेने वाले कृषकों की लघु परीक्षा आयोजित की गयी जिसमें प्रथम स्थान पर अवधेश सिंह, द्वितीय कन्हाई सिंह व तृतीय स्थान पर रामखुशी सिंह रहे। इन किसानों को सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण लेने वाले सभी कृषकों को प्रमाण पत्र वितरित किये गए।ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अशोक कुमार ने शाहजहांपुर से लौटने के बाद इस शिविर को किसानों के लिए उपयोगी बताया।

## अधिवेशन में शामिल होने को लखनऊ गए विद्युत संविदा कर्मी

**बदायूं,अमृत विचार :** बिजली विभाग के निविदा संविदा कर्मचारी 28 फरवरी को लखनऊ के कैसरबाग में होने वाले द्विवार्षिक तृतीय सम्मेलन में शामिल होने को लखनऊ को रवाना हो गए। लंबे समय से विद्युत संविदा कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं जबकि विद्युत संविदा कर्मचारियों पदाधिकारियों के साथ कई दौर की वार्ता भी हो चुकी है लेकिन अध्यक्ष पावर कॉरपोरेशन द्वारा कोई सुनवाई नहीं की गई है। कर्मचारी संघ द्वारा अब 28 व 29 को लखनऊ स्थित गांधी प्रेक्षागृह में द्विवार्षिक तृतीय अधिवेशन आयोजित किया जा रहा है। इसमें मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक तथा विशिष्ट अतिथि ऊर्जा मंत्री अरविंद शर्मा व अध्यक्ष पावर कॉरपोरेशन आशीष गोयल और प्रबंध निदेशक पंकज कुमार को आमंत्रित किया गया है। अधिवेशन में शामिल होने के लिए जनपद के विद्युत संविदा कर्मचारी लखनऊ को रवाना हो गए।

# सकुशल संपन्न हुई गणित विषय की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- यूपी बोर्ड: जिले के 99 केंद्रों पर कराई गणित विषय की परीक्षा
- सचल दल के निरीक्षण में नहीं मिला कोई नकलची, दो हजार रहे अनुपस्थित

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल गणित विषय की पेपर सकुशल संपन्न हुई। किसी भी केंद्र से नकल कराए जाने व नकलची पकड़े जाने की सूचना प्राप्त नहीं हुई। सचल दलों के साथ ही अधिकारियों द्वारा केंद्रों पर भ्रमण किया जाता रहा। परीक्षा में पंजीकृत 24 हजार से अधिक परीक्षार्थियों में दो हजार अनुपस्थित रहे।

हाईस्कूल गणित का पेपर महत्वपूर्ण व संवेदनशील होने की वजह से प्रशासन के स्तर पर नकल रोकने के लिए व्यापक और चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। केंद्रों पर रात्रि से ही निगरानी की जाने लगी थी। सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट को केंद्रों का भ्रमण करने के लिए पहले ही आदेशित कर दिया गया था। मंगलवार को पेपर शुरू होने से पूर्व ही सभी सचल दलों को रवाना कर दिया गया। इसके अलावा अन्य अधिकारियों द्वारा केंद्रों का भ्रमण किया गया। परीक्षा सकुशल और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। वहीं, नकलविहीन परीक्षा के चलते सुबह के समय विद्यार्थियों की सघन तलाशी ली गई थी। उसके बाद ही केंद्र में प्रवेश दिया गया। उसके बाद पेपर शुरू होने पर फिर से केंद्रों पर गठित आंतरिक सचल दल के द्वारा परीक्षार्थियों की तलाशी ली गई। सख्त व्यवस्था होने की वजह परीक्षार्थी भी डरे और सहमे रहे। 99 केंद्रों पर संपन्न हुई परीक्षा में 24,741 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 22,738 उपस्थित रहे। 2003 अनुपस्थित रहे।

> गणित विषय की परीक्षा सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। किसी भी केंद्र से कोई अप्रिय समाचार प्राप्त नहीं हुआ। सचल दलों द्वारा लगातार भ्रमण किया जाता रहा। मेरे द्वारा भी केंद्रों का निरीक्षण किया गया था। **- डॉ प्रवेश कुमार**, जिला विद्यालय निरीक्षक

### बीएसए ने परीक्षा केंद्रों पर किया निरीक्षण



**बदायूं।** मंगलवार को हाईस्कूल गणित विषय की परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान सचल दलों के साथ अन्य अधिकारी सक्रिय रहे। बीएसए स्वाती भारती ने परीक्षा के दौरान कई केंद्रों पर निरीक्षण किया। उनके द्वारा स्वामी धूम ऋषि इंटर कॉलेज उसावा, महात्मा गांधी इंटर कॉलेज उसावां, भगवान सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज धर्मपुर, मनसा नगला म्याऊं, शिवाजी शिशु मंदिर इंटर कॉलेज म्याऊं, वीर सहाय भूदेवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगत नेहरू आदर्श इंटर कॉलेज आलापुर में निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने सीसीटीवी के माध्यम से परीक्षा की स्थिति को जानने के बाद कक्षों में पहुंचकर स्थिति को देखा।

### अवशेष प्रश्नपत्रों के बारे में केंद्रों से ली गई जानकारी

परीक्षा को नकल विहीन कराने को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षण विभाग काफी सख्त दिखाई दिया। पेपर लीक न हो जाए। इसके लिए परीक्षा शुरू होने से दो घंटे पहले ही सचल दलों को रवाना कर दिया गया था। पेपर वितरण के बाद फौरन ही अवशेष पेपर की जानकारी कंट्रोल रूम द्वारा ली गई।

# थानाध्यक्ष बनीं संगीता, राजेंद्र को कुंवरगांव थाने का चार्ज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- एसएसपी ने सात निरीक्षक व उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले

**अमृत विचार :** कानून व शांति व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए एसएसपी ने सात निरीक्षक और उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। संगीता यादव महिला थानाध्यक्ष बनाई गई हैं। वहीं, कोतवाली बिसौली के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र बहादुर सिंह को थाना कुंवरगांव का चार्ज दिया गया है। तत्काल प्रभाव से निर्देश का अनुपालन करने का निर्देश दिया है।

अपराध शाखा के प्रभारी निरीक्षक सुनील अहलावत को कोतवाली बिसौली को प्रभारी निरीक्षक बनाया है। वहीं, यहां के निरीक्षक राजेंद्र बहादुर सिंह को थाना कुंवरगांव का चार्ज दिया गया है। कुंवरगांव के प्रभारी निरीक्षक इंद्र कुमार सम्मन सेल के प्रभारी बनाए गए हैं। थाना मुजरिया की प्रभारी निरीक्षक का मुरादाबाद परिक्षेत्र में स्थानांतरण हो गया है। जिसके चलते उन्हें पुलिस लाइन भेजा गया है। वहीं, कोतवाली बिल्सी की महिला रिपोर्टिंग चौकी की उपनिरीक्षक आरती का महिला थाना किया गया स्थानांतरण निरस्त करते हुए थाना मुजरिया का चार्ज दिया गया है। महिला थाने की प्रभारी निरीक्षक सीमा का बरेली स्थानांतरण होने की वजह से पुलिस लाइन भेज दिया। वहीं, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन इकाई की प्रभारी उपनिरीक्षक संगीता यादव को महिला थाने का थानाध्यक्ष बनाया गया है।

## बल्लिया में लगा पशु चिकित्सा शिविर


पशुपालकों को दवा देते डॉ संजीव।

**कुंवरगांव, अमृत विचार:** सालारपुर ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत बल्लिया में पशुपालन विभाग द्वारा शिविर लगाया गया। डॉक्टरों की टीम ने पशुओं में फैली खुरपका बीमारी से बचाव को टीकाकरण किया। साथ ही दवाइयों का वितरण किया।

पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ संजीव भुइयार के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम द्वारा गांव के पशुओं का सकुशल इलाज किया गया। कुछ पशुओं में संक्रामक बीमारी के लक्षण मिले, जिनका उपचार किया गया।

# स्कूलों की रसोइया हुईं सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जनपद स्तरीय रसोइया पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन स्काउट भवन में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी स्वाती भारती ने किया। जनपद के विकास क्षेत्रों से चयनित 30 रसोइयों द्वारा निर्धारित मीनू के अनुसार भोजन बनाया गया। सभी रसोइयों द्वारा बहुत ही तल्लीनता के साथ मानकों का ध्यान रखकर गुणवत्ता युक्त भोजन तैयार किया।

निर्णायक मंडल द्वारा भोजन पकाते हुए रसोइयों का अवलोकन किया गया। अभिहित अधिकारी सीएल यादव ने रसोइयों से भोजन में क्या-क्या मसाले प्रयुक्त हुए। उसके बारे में पूछा जिस पर सभी ने बहुत ही उत्सुकता से उनके उत्तर दिए। सुधा सोलंकी जिला स्वास्थ्य एवं शिक्षा अधिकारी, शहनाज बानो गृह विज्ञान प्रवक्ता नगर पालिका इंटर कॉलेज ने रसोइयों की सराहना की। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सभी निर्णायक मंडल और विभिन्न विद्यालय से आए 10 बच्चों द्वारा भोजन की गुणवत्ता का स्वाद लिया।

खंड शिक्षा अधिकारी लक्ष्मी नारायण ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में प्रथम स्थान पर शीला प्राथमिक विद्यालय बगरेन विकास क्षेत्र वजीरगंज, द्वितीय स्थान नन्ही देवी संविलियन विद्यालय विकास क्षेत्र सहसवान तथा तृतीय स्थान पिंकी प्राथमिक विद्यालय खेड़ा बुजुर्ग विकास क्षेत्र जगत को मिला। कार्यक्रम में जिला समन्वयक हिना खान,असरार अहमद, संजीव शर्मा आदि रहे।



रसोइयों को सम्मानित करते अभिहित अधिकारी सीएल यादव।

- जिला प्रशासन की ओर से विद्यालयों में हुआ कार्यक्रम
- हर विकास क्षेत्र से तीन रसोइयों का हुआ था चयन

## सार -संक्षेप

### पर्यावरण को स्वच्छ बनाने को पौधे लगाने का लिया संकल्प



**बिल्सी।** कस्बा स्थित जैन मंदिर पदमांचल पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर अरिहन्त वृक्षारोपण समिति के तत्वावधान में गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें समिति के पदाधिकारियों ने पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि रहे सिटी इंचार्ज सत्यपाल सिंह ने कहा कि पेड़-पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। पेड़-पौधे हमें छाया प्रदान करते हैं। समिति संस्थापक प्रशान्त जैन ने कहा कि वन दोहन पर नियंत्रण हो और प्रत्येक व्यक्ति इसकी सुरक्षा के लिए जागरूक रहें। तभी हम पर्यावरण संतुलन करने में सफल हो सकेंगे। इस मौके पर मृगांक जैन, विष्णु असावा, अनुज वार्ष्णेय, अमन गिरी, गोपाल वार्ष्णेय, विनोद वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस न्याय पंचायत अध्यक्षों को बनाएगी बूथ लेवल अधिकारी



**बदायूं।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच कांग्रेस पार्टी की बैठक बिसौली स्थित नगर पालिका प्रांगण में संपन्न हुई। इसमें पार्टी के लोकसभा कोऑर्डिनेटर सुधीर पाराशर शामिल हुए। लोकसभा कोऑर्डिनेटर ने कहा कि बदायूं लोकसभा की समस्त ब्लॉक अध्यक्ष ब्लाकों पर न्याय पंचायत तक का गठन हो चुका है। सभी ब्लॉक कमेटियां गठित हैं। अब सभी न्याय पंचायत अध्यक्षों को जल्द से जल्द अपने बूथ लेवल पदाधिकारी का चयन करना है। कहा कि चुनाव में सपा-कांग्रेस का संयुक्त प्रत्याशी की जीत में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। पार्टी के जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह ने कोऑर्डिनेटर को आश्वासन दिया कि उनके द्वारा जल्द बूथ लेवल अधिकारी जल्द से जल्द पूरे कर दिए जाएंगे। इस अवसर पर फरहान हुसैन, मोइन खान, मुकर्रम अली, सगीर अहमद, भुवनेश कुमार मौर्य, कृष्ण वीर मौर्य आदि मौजूद रहे।

### मेडिकल कॉलेज में लगा बीएमडी टेस्ट कैंप



**बदायूं।** राजकीय मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को अस्थि रोग विभाग द्वारा ओपीडी में बीएमडी टेस्ट कैंप लगाया गया। कैंप में कॉलेज के चिकित्सक और छात्रों ने अपनी हड्डियों की जांच कराई। कैंप का आयोजन डा. सुधीर वेरी, डा. अभिलाष यादव, डा. टिंकू सिंह व विभाग के अन्य डॉक्टरों द्वारा किया गया। कैंप में प्राचार्य डा. एनसी प्रजापति सहित लगभग 150 लोगों द्वारा यह जांच कराई गई। इसमें केवल 27 लोगों में बीएमडी सामान्य पायी गयी। शेष लोगों में कैल्शियम की कमी देखी गयी। उन्हें उचित परामर्श एवं उपचार दिया गया।

## परेशानी

### मौसम ने ली करवट तो बढ़ गए बुखार-खांसी के मरीज

# तेज हवा ने बढ़ा दी परेशानी, दोगुने हुए सांस रोगी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- ओपीडी में लग रही मरीजों की लंबी लाइन

**अमृत विचार :** दो दिन से बादल छाए रहने और तेज हवा चलने से सांस के मरीजों को परेशानी बढ़ गयी है। सर्दी, खांसी और बुखार के मरीजों की संख्या दो गुनी हो चुकी है। चिकित्सकों ने लोगों को हिदायत दी है कि गर्म मौसम होने के बाद भी गर्म कपड़े पहनें, जिससे बीमारी से बचा जा सके। ठंडे पेय पदार्थ न लें।

पिछले कई दिनों से धूप खिल रही थी। लोगों ने गर्मी के चलते हल्के कपड़े पहनने शुरू कर दिए, लेकिन दो दिन से बादल छाए हुए हैं।

साथ ही हवाओं ने भी तेजी पकड़ ली है। अचानक मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। तेज धूप के बाद ठंडक होने से श्वास के मरीजों की धड़कन तेज होने लगी है। मौसम ठंडा होने से सर्दी-जुकाम और बुखार के मरीजों की संख्या अचानक बढ़ गयी है।


ओपीडी के बाहर मरीजों की लगी लाइन। ● अमृत विचार

फिजीशियन डा. पंकज सिंह ने मंगलवार को बताया कि पांच दिन पहले तक मरीजों की सामान्य स्थिति थी। सर्दी-जुकाम के 30 से 40 मरीज आते थे लेकिन मंगलवार को करीब 70 मरीज जुकाम-बुखार के थे। इनमें 20 प्रतिशत मरीज श्वास की बीमारी के रहें।

अन्य चिकित्सकों ने भी बताया कि मंगलवार को पिछले पांच दिन की अपेक्षा अधिक मरीज आए हैं। श्वास और बुखार के मरीजों की संख्या अधिक रही। डॉक्टरों ने मौसम बदलने के बाद बढ़ रही मरीजों की संख्या को देखते हुए हिदायत दी है कि यदि धूप भी निकले तो भी गर्म कपड़े ही पहनें। कोई ठंडा पेय पदार्थ न लें। तेज हवा चलने पर यदि जरूरी न हो तो घर से बाहर न निकलें। बदलते मौसम की मार तेजी के साथ पड़ती है इससे बच पाना मुश्किल होता है।

> जिला अस्पताल में दो दिन से मौसम के बदलाव के बाद मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। सांस के करीब दर्जन भर मरीजों को मंगलवार को भर्ती भी किया गया है। हालांकि सर्दी-बुखार वाले मरीजों को दवा देकर भेजा जा रहा है। लोगों को इस समय बेहद सावधानी बरतने की जरूरत है। किसी तरह की लापरवाही न बरतें। यदि एक बार बुखार हुआ तो दस से पन्द्रह दिन तक दवा लेनी होगी।
> **-डा. कप्तान सिंह** - सीएमएस

# बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटा प्रशासनिक अमला

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। यूपी बोर्ड परीक्षा समाप्त होते ही अधिसूचना जारी होने के संभावना प्रबल हो चुकी है। ऐसी स्थिति के चलते प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद हो चुका है। डीएम ने सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि वह बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेगे। जरूरी होने पर अनुमति लेकर ही बाहर जा सकेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने कहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव को कार्य युद्ध स्तर पर शुरू हो चुका है। ऐसी स्थिति में किसी भी अधिकारी और कर्मचारी की कभी आवश्यकता पड़ सकती है। निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य को दृष्टिगत रखते हुए कोई भी अधिकारी और कर्मचारी बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेगा। अपरिहार्य कारणों पर ही कार्मिक अधिकारी की अनुमति पर ही वह जा सकेंगे।

विदित रहे कि लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसके अलावा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को भी लोकसभा चुनाव की महत्वता से जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अवगत कराने के साथ ही जिस स्थान से पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। उस स्थान का निरीक्षण किया जा चुका है। उन स्थानों की साफ सफाई और मरम्मत कार्य करने के आदेश डीएम स्तर से दिए जा चुके हैं। जिससे कि लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के दौरान कोई कार्य शेष न रह जाए।



The Ano-Rectal Clinic

अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण

Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

Video Recto Scope

क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919



शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# दवाओं के सैंपल फेल, सेहत को खतरा

## अलग-अलग स्थानों से लिए गए थे दर्द निवारक और कफ सीरप के सैंपल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** दर्द निवारक और कफ सीरप के साथ आई ड्रॉप का सैंपल फेल हुआ है। इन दवा निर्माता कंपनियों के खिलाफ औषधि संरक्षण विभाग एडीएम कोर्ट में मुकदमा दर्ज कराएगा। विभागीय अधिकारी द्वारा कुछ माह पूर्व निरीक्षण के दौरान अलग अलग स्थानों से सैंपल लिए गए थे, जिन्हें जांच को लैब में भेजा गया था। जांच के बाद सैंपल फेल आए हैं।

कुछ माह पूर्व औषधि संरक्षण अधिकारी बबीता रानी द्वारा निरीक्षण के दौरान कस्बा ककराला स्थित शिवन्या मेडिकल स्टोर पर छापा मारा था। यहां से उनके द्वारा

- **जांच को भेजे थे लैब, अब दवा निर्माता पर दर्ज होगी रिपोर्ट**

> तीन दवाओं के सैंपल फेल आए हैं। इनमें एक सरकारी वेयर हाउस से लिए आई ड्रॉप का सैंपल भी शामिल है। तीनों संस्थाओं के खिलाफ एडीएम कोर्ट में मुकदमा दायर किया जाएगा।
> – बबीता रानी, औषधि निरीक्षक।

अन्य दवाओं के साथ एस्योर प्लस दर्द निवारक गोली का सैंपल लिया था। इसके अलावा उनके द्वारा शहर के होलसेल दवा विक्रेता श्रीनाथ फार्मा के यहां से बच्चों के खांसी का सीरप यूवी फिलोग्जिंग एंटी वाइट का सैंपल लिया गया। वहीं, आंवला रोड स्थित सरकारी वेयर हाउस से प्रेडनिसोलोन आई ड्रॉप का भी अन्य दवाओं के साथ सैंपल लिया गया था। लिए गए सैंपल को उनके द्वारा जांच के लिए लैब भेजा गया था। जांच में इन दवाओं के सैंपल फेल आए हैं। दवाओं के सैंपल फेल आने पर फर्म के खिलाफ एडीएम कोर्ट में रिपोर्ट दर्ज कराने की तैयारी विभाग द्वारा की जा रही है।

### जेपी ड्रग्स सिड़को बनाती है आई ड्रॉप

सरकारी अस्पतालों में भेजी जाने वाले आई ड्रॉप का निर्माण हरिद्वार की कंपनी जेपी सिड़को द्वारा किया जाता है। वहीं, एस्योर दर्द निवारक गोली हापुड़ की कंपनी सिद्धदीप बायोटेक बनाती है। इनके अलावा बच्चों का कफ सीरप यूवी फिलोग्जिंग हिमाचल प्रदेश के बद्दी में होता है। इन तीनों की कंपनियों के खिलाफ औषधि संरक्षण अधिकारी द्वारा एडीएम कोर्ट में मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

### आंखों की एलर्जी को कम करने के लिए प्रयोग होता है आई ड्रॉप

औषधि संरक्षण अधिकारी द्वारा बताया कि प्रेडनिसोलोन आई ड्रॉप का उपयोग हल्के से मध्यम गैर-संक्रामक आंखों की एलर्जी और सूजन के इलाज के लिए किया जाता है, जिसमें रासायनिक और थर्मल जलन से होने वाली क्षति भी शामिल है। इसका सैंपल फेल हुआ है। इसमें सोडियम और फास्फोरस की मात्रा अधिक पाई गई है।

# गांव में पकड़ रहा था बंदर, पुलिस ने पकड़ा

**बदायूं, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला कल्याण नगर निवासी पशु प्रेमी विकेंद्र शर्मा ने थाना जरीफनगर के प्रभारी निरीक्षक को तहरीर दी है। बताया कि मंगलवार को उन्हें सूचना मिली थी कि गांव मालपुर ततेरे में कुछ लोग बंदर पकड़ रहे हैं। उन्होंने वन विभाग और पुलिस को सूचना दी थी। टीम मौके पर पहुंची। जहां से जिला मथुरा क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक को 14 बंदरों के साथ पकड़ा। जिसके बाद विकेंद्र शर्मा, गांव सिरसौली के संजीव कुमार, शहर की मधुवन कॉलोनी के मयंक प्रताप सिंह, अभिनव यादव थाना जरीफनगर पहुंचे। उन्होंने आरोपी के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों पर कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **ग्राम प्रधान समेत आठ लोगों पर रिपोर्ट**
- **इस मामले में निलंबित हो चुके हैं लेखपाल**

**अमृत विचार :** तहसील दातागंज क्षेत्र के गांव दियोरी में जमीन कब्जाने का विवाद थम नहीं रहा है। पिछले दिनों प्रधान समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने के बाद सोमवार को फिर प्रधान समेत आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है। एक विधवा महिला की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई की है।

दातागंज क्षेत्र के गांव दियोरी निवासी रामादेवी पत्नी स्व. चरण सिंह ने तहरीर देकर बताया कि गांव में गाटा की खसरा संख्या 432 में उनकी पट्टे की जमीन है। जहां वह रहती हैं। आरोप है कि गांव निवासी जावेद, सप्पू, सुआ, इल्यास, उदयवीर, लालाराम ने ग्राम प्रधान इरेंद्र और प्रधान के पिता संतोष सिंह के साथ सांठगांठ करके उनके पट्टे के सामने ग्राम सभा की जमीन पर जबरदस्ती दुकानें बनवाकर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। मना करने पर वह लोग गाली-गलौज करके डराते हैं और जान से मारने की धमकी देते हैं। पुलिस ने ग्राम प्रधान, उनके पिता समेत आठ लोगों के खिलाफ धमकाने, आपराधिक कृत्य करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। इससे पूर्व इस मामले में लेखपाल पर निलंबन की कार्रवाई हो चुकी है।

# दूध निकाल गोवंश छोड़ने वालों के खिलाफ दी तहरीर

**उझानी , अमृत विचार :** कोतवाली उझानी क्षेत्र के एक गांव में छुट्टा गोवंश और लोगों द्वारा छोड़े गए गोवंश की वजह से फसल नष्ट हो रही है, जिससे परेशान किसान मंगलवार को उझानी कोतवाली पहुंचे। पुलिस से शिकायत की है।

शुक्रवार दोपहर गांव कुआंडांडा निवासी किसानों ने तहरीर देकर बताया कि छुट्टा गोवंश के अलावा गांव के कुछ लोगों ने अपने गोवंश को छुट्टा छोड़ दिया है। छुट्टा और किसानों के गोवंश फसल बर्बाद कर रहे हैं। किसानों की फसल को नुकसान हो रहा है। किसान गोवंश का दूध निकालकर उन्हें छुट्टा छोड़ दे रहे हैं। वह लोग कई बार गोवंश को बांधने को बोल चुके हैं लेकिन किसान गोवंश नहीं बांध रहे। उन्होंने गोवंश को छुट्टा छोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर अजीत सिंह, कल्लू, भूरे, अवनेश कुमार, भारती सिंह, सुरजन, शिशुपाल, नवनीत, जगदीश, अशोक, नितिन, प्रेम किशोर, सतीश, धर्मवीर, राजेश कुमार, गोपाल, अवधेश, मोर सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

# तमंचा दिखा किरायेदार ने महिला से किया दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **कोतवाली सदर पुलिस ने नहीं की सुनवाई तो कोर्ट की शरण में गई थी महिला, दो युवकों पर रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचार :** किरायेदार और उसके साथी ने तमंचे के बल पर महिला के साथ दुष्कर्म किया। कोर्ट के आदेश पर दो आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 10 फरवरी 2023 को उनके पति की मौत हो गई थी। वह अपने पति द्वारा खरीदे गए मकान में मानसिक मंदित बेटे के साथ रहती हैं। महिला के ससुर ने आग्रह किया था कि उनके भतीजे व दामाद ताहिर को मकान में रहने दो। महिला ने अपने मकान में ताहिर को रहने के लिए कमरा दे दिया। जहां शमशाद उसके कमरे में आने-जाने लगा था। दोनों उन पर गलत नजर रखते थे। 31 दिसंबर 2023 को रात में दोनों आरोपियों ने तमंचा दिखाकर बेटे को गोली मारने की धमकी देते हुए दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। महिला ने एक जनवरी को कोतवाली सदर पुलिस से शिकायत की लेकिन उसे भगा दिया गया। जिसके चलते महिला कोर्ट की शरण में गई। सदर कोतवाल बिजेंद्र सिंह ने बताया कि दो आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म और धमकाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

# बकाया मांगने पर लोहे की रॉड से पीटा

**म्याऊं, अमृत विचार :** दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव डहरपुर कलां निवासी श्रीकृष्ण ने तहरीर देकर बताया कि वह अनुसूचित जाति से हैं। कुछ दिन पहले गांव निवासी मुन्ना पुत्र बाबू शाह ने उनका प्लाट खरीदा था। उसपर रुपये बकाया थे। वह अपने रुपये का तगादा करने के लिए 26 जनवरी सुबह 9 बजे डिंपल अंसारी के धर्मकांटा पर गए थे। जहां मुन्ना और उनके भाई मौजूद थे। रुपये मांगने पर मुन्ना ने मना कर दिया। दोनों भाइयों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट की। मुन्ना ने लोहे की रॉड और उसके दूसरे भाई ने डंडे से उसकी पिटाई की, जिससे वह घायल हो गए। दोनों भाइयों ने दोबारा रुपये मांगने पर हत्या की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी दोनों भाइयों के खिलाफ मारपीट व अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# डंपर और कार की भिड़ंत में व्यापारी की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद परिजन। ● अमृत विचार

- **बदायूं-मेरठ राजमार्ग पर थाना जरीफनगर क्षेत्र में गुप्ता ढाबे के पास हुआ हादसा**

**अमृत विचार :** थाना जरीफनगर क्षेत्र में डंपर और कार की टक्कर में जूता व्यापारी की मौत हो गई जबकि कार सवार चार लोग घायल हो गए। एक घायल को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। तीन घायलों को बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। व्यापारी के घर में कोहराम मचा है। सूचना पर सैकड़ों व्यापारी मृतक के घर पीड़ित परिवार को सांत्वना देने पहुंचे।



मृतक अकबर अली।

कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला सोथा निवासी अकबर अली उर्फ संइया (35) पुत्र दूल्हे मियां मुख्य बाजार में घंटाघर स्थित जूता-चप्पल की दुकान पर काम करते थे। बचपन से ही वह दुकान पर कार्यरत थे। दुकान मालिक आरिश से उनके अच्छे संबंध थे। दुकान मालिक के साथ वह जूते-चप्पल खरीदने, बेचने से लेकर हिसाब रखने का भी काम करते थे। मंगलवार को उन्हें सामान लेने के लिए दिल्ली जाना था। पांच लोग कार से सुबह लगभग पांच बजे घर से रवाना हुए। बदायूं-मेरठ राजमार्ग पर थाना जरीफनगर से तकरीबन तीन सौ मीटर पहले गुप्ता ढाबे के पास एक डंपर से कार की भिड़ंत हो गई। राहगीरों की सूचना पर डायल 112 पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। सभी लोगों को कार से बाहर निकाला लेकिन तब तक अकबर की मौत हो चुकी थी जबकि शहर के मोहल्ला पनवाड़ी निवासी रजत पुत्र राजू, मोहल्ला टिकटगंज निवासी करन गुप्ता, आरिश, पंकज गुप्ता घायल हो गए थे। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सक ने अकबर अली की मौत की पुष्टि कर दी। सीएचसी से तीन घायलों को बरेली के अस्पताल जबकि एक घायल को जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया। जहां अकबर के परिजन और परिचितों ने बताया कि अकबर बहुत मिलनसार थे। हमेशा खुश होकर बात करते थे। एक बार जो उनकी दुकान पर आता था वो उनका होकर रह जाता था।

# किसान यूनियन ने किया प्रदर्शन तो अस्पताल का रजिस्ट्रेशन किया निरस्त

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** ओरछी चौराहे पर प्राइवेट अस्पताल में फिर से प्रसव कराने शुरू कर दिए हैं जिसके विरोध में मंगलवार को भाकियू ने सीएमओ कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। फिर सीएमओ डॉ. अब्दुल सलाम खान को ज्ञापन सौंपा। इस धरना प्रदर्शन के बाद उक्त अस्पताल का रजिस्ट्रेशन निरस्त कर दिया गया।

थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के कस्बा औरछी चौराहे पर एक प्राइवेट अस्पताल है। अस्पताल संचालक ने यहां पर महिलाओं का प्रसव कराने के लिए कई वरिष्ठ चिकित्सकों के नाम भी बोर्ड पर लगा रखे थे। फर्जी तरीके से चल रहे इस प्राइवेट अस्पताल में दिसंबर के महीने में एक महिला की प्रसव के दौरान मौत हो गयी थी। प्रसूता की मौत के बाद मृतका के परिजनों ने हंगामा किया था। अस्पताल संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रभारी सीएमओ ने अस्पताल संचालक



प्रभारी सीएमओ को ज्ञापन सौंपते भाकियू कार्यकर्ता।

- **ओरछी चौराहे पर चल रहा था अस्पताल**
- **महिला की मौत के बाद हुआ था हंगामा**

का केबिन सील कर दिया था और अस्पताल के बोर्ड पर जिन डॉक्टरों के नाम लिखे गए थे, उनसे बात करने पर पता चला कि उनका उस अस्पताल से कोई लेना देना नहीं है। जिसके बाद अस्पताल संचालक के खिलाफ कार्रवाई की गयी। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि एक रजिस्ट्रेशन पर दो अस्पताल चल रहे हैं इसलिए

> ओरछी चौराहे स्थित प्राइवेट अस्पताल का मंगलवार को रजिस्ट्रेशन निरस्त कर दिया गया। इस मामले में अस्पताल संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
> डा. मोहम्मद तहसीन – एसीएमओ।

इस अस्पताल के खिलाफ जांच की जा रही है। विभागीय जांच पूरी नहीं होने के बाद भी संचालक ने अस्पताल में महिलाओं के प्रसव कराने शुरू कर दिए हैं, जिसको लेकर भारतीय किसान यूनियन ने सीएमओ कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया और अस्पताल को तुरंत बंद करने की मांग को लेकर सीएमओ को ज्ञापन सौंपा।

भाकियू द्वारा हंगामा करने के बाद स्वास्थ्य विभाग की एक टीम उक्त अस्पताल पहुंच गई और अस्पताल के रजिस्ट्रेशन को निरस्त कर दिया। एसीएमओ ने अपनी रिपोर्ट सीएमओ को सौंपी है। इसमें इस बात का उल्लेख किया गया है।उधर, मृतका के भाई ऋषभ शर्मा ने सीएमओ से बातचीत के आधार पर इस बात की पुष्टि की है।

# बहनोई को खाना देकर लौट रहे युवक की हादसे में मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **थाना मुजरिया क्षेत्र में गांव शेखा नगला के पास हुआ हादसा**
- **कार को थाने में खड़ी कराकर चालक को लिया हिरासत में**

**अमृत विचार :** बहनोई को खेत पर खाना देकर लौट रहे बाइक सवार युवक को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। घटना के बाद आसपास मोजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने युवक को सीएचसी भेजा जहां डॉक्टर ने उसकी मौत की पुष्टि कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने कार बरामद कर उसके चालक को हिरासत में लिया है। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।



मृतक रजनीश।

अलापुर थाना क्षेत्र के गांव कोठा निवासी रजनीश (30) पुत्र मुरारी लाल के बहनोई कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के गांव भगवतीपुर के मझरा घेर निवासी दंगल सिंह के घर पर रहते थे। बहनोई थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव परमू में खेतीबाड़ी करते थे। मंगलवार दोपहर रजनीश गांव मझरा घेर से खाना लेकर बाइक से गांव परमू गए थे। बहनोई को खाना देकर लौट रहे थे। थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव शेखा नगला के पास विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। रजनीश गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर राहगीरों की भीड़ लग गई। लोगों ने कार चालक जिला आगरा क्षेत्र के एतिहादपुर निवासी अर्जुन को पकड़ा। सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस घायल रजनीश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गई जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कार थाने पर खड़ी की गई है। चालक को हिरासत में लिया है।

# दो घरों में लगी आग, लाखों का नुकसान

संवाददाता, उसहैत

**अमृत विचार :** क्षेत्र के अलग अलग दो गांवों के दो घरों में लगी अचानक आग से हजारों का सामान जल कर राख हो गया। ग्रामीणों ने आग पर बमुश्किल काबू पाया। अग्निकांड में अनाज, कपड़े और अन्य कीमती सामान भी जल कर राख हो गया।

सोमवार की रात को क्षेत्र के गांव रसूलपुर नगला निवासी हसनैन के घर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग लगने की खबर सुनकर प्रधान नवीजमा समेत मोहल्ले के दर्जनों लोगों ने समरसेबल से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग में घर में रखा सारा सामान जल कर राख हो गया। आग लगने से बेड में रखे 23 हजार की नगदी भी जल गई। शादी में मिला दहेज का सारा सामान जल गया।

दूसरी घटना ग्राम पंचायत ललोमई के मजरा नये नगला में घटी। यहां मजदूर राजपाल पुत्र मोहनलाल झुग्गी-झोपड़ी में



आग लगने से जला पड़ा सामान।

- **राजस्व टीम ने नुकसान की रिपोर्ट एसडीएम को सौंपी**

रहकर मजदूरी करते हैं। सोमवार की देर रात उनकी पत्नी कोमल गैस चूल्हे पर खाना बना रही थी, कढ़ाई में तेल मसाला डालते समय झोपड़ी में आग लग गई। राजपाल का कहना है कि उसकी पत्नी को सरकारी आवास मिला है। उसने सोमवार को 30 हजार रुपये बैंक खाते से मकान निर्माण के लिए निकाल कर बक्से में रखे थे, जो जल गये। नगदी समेत कपड़े, मोबाइल, अनाज, चारपाई सहित घरेलू सामान जल कर राख हो गया। प्रधान पति राकेश राठौर की मौजूदगी में मंगलवार को राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर आग से हुए नुकसान का आकलन किया और अपनी रिपोर्ट एसडीएम दातागंज को सौंप दी है।

### चूल्हे की चिंगारी से लगी आग

**म्याऊं।** दातागंज तहसील के गांव मरौरी में नंदराम सक्सेना झोपड़ी नुमा घर बनाकर रहते है। घर में मंगलवार को अचानक आग लग गयी, जिससे घर में रखा, घरेलू सामान जलकर राख हो गया। नंदराम का घर गांव के पश्चिम दिशा में है।मंगलवार की शाम को नंदराम घर में चूल्हे पर दूध गर्म हो रहा था। उसी समय चूल्हे की चिंगारी से झोपड़ी में आग गई। घर में रखा अनाज, चारपाई, पहनने के कपड़े सभी सामान जल गया। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। तब तक सभी सामान जल चुका था। जिसकी जानकारी ग्राम प्रधान ने हल्का लेखपाल को दी। जिसके बाद हल्का लेखपाल ने मौके पर पहुंच कर, आग लगने से हुई क्षति का आकलन किया है।

# कार्यदायी संस्था पर रास्ता बंद करने का आरोप

संवाददाता, इस्लानगर

**अमृत विचार :** तहसील बिसौली क्षेत्र के गांव चंदोई के मजरा कपरोल के ग्रामीणों ने गंगा एक्सप्रेस-वे बनाने वाली कार्यदायी संस्था पर गांव का रास्ता बंद करने का आरोप लगाते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिया। एसडीएम बिसौली कल्पना जायसवाल को शिकायती पत्र सौंपा है।

गांव का रास्ता बंद करने आरोप लगाते हुए ग्रामीण निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस वे पहुंचे। काम रुकवा दिया। कार्यदायी संस्था



निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस वे पर मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

के अधिकारियों से कहासुनी हुई। ग्रामीणों ने बताया कि गंगा एक्सप्रेस-वे निर्माण में लगी कंपनी द्वारा चंदोई से गांव कपरौल जाने वाले रोड पर अंडरपास बनाने की बात कही गई थी। अब कंपनी की मंशा अंडरपास बनाने की नहीं है। इसको लेकर दस दिन पहले काफी लोगों ने बिसौली एसडीएम को ज्ञापन देकर अंडरपास बनवाने की मांग की थी, जिससे उन गांवों तक

- **निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस वे पहुंचे ग्रामीण, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

आने जाने का रास्ता बना रहे। कंपनी ने गांव जाने वाले रास्ते पर मिट्टी डालनी शुरू कर दी।

गांव कपरौल निवासी बबलू, वीरभान सिंह, शिशुपाल आदि ने बताया कि इस रोड पर भारी मात्रा में आवागमन रहता है। रोड बंद होने से बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने एसडीएम बिसौली कल्पना जायसवाल को ज्ञापन देकर रास्ता खुलवाने की मांग की है।

# डॉक्टरी परीक्षण के लिए मांगे रुपये, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** पति के हमले से घायल हुई महिला को डॉक्टरी परीक्षण के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने पीड़ित महिला से रुपये मांगे, जिस पर महिला के परिजनों ने अस्पताल में भारी हंगामा कर दिया। रुपए मांगने वाले डॉक्टर का कहना है कि आरोप निराधार है।

बरेली के थाना बिशारतगंज क्षेत्र के गांव महकिया दाड़ी निवासी हेतराम की बेटी सोमवती की शादी एक साल पहले थाना अलापुर क्षेत्र के गांव बमनी निवासी जोगेंद्र के साथ हुई थी। हेतराम ने बताया कि अतिरिक्त दहेज

- **परिजनों ने किया हंगामा, पुलिस के आने से पूर्व चले गए, सीएमएस ने कहा- आरोप निराधार**

के लिए सोमवती को प्रताड़ित करते हैं। आरोप है कि सोमवार को जोगेंद्र ने सोमवती से मारपीट की। चाकू से नाक पर हमला कर घायल कर दिया।

पति के हमले में घायल सोमवती को मायके के लोगों द्वारा जिला अस्पताल में डॉक्टरी परीक्षण के लिए लाया गया, जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने परीक्षण के लिए कुछ रुपये मांगे। जिस पर महिला के परिजनों ने भारी हंगामा कर दिया। परिजनों के हंगामा करने के बाद डा. जीके गुप्ता

> महिला के साथ आए लोगों ने डॉक्टर पर रुपये मांगने का आरोप लगाया है, जो निराधार है। डॉक्टर ने रुपये नहीं मांगे। अक्सर लोग अपने हिसाब से डॉक्टरी रिपोर्ट बनवाने का प्रयास करते हैं लेकिन जब डॉक्टर रिपोर्ट नहीं बनाता है तो इस तरह के आरोप लगाए जाते हैं। मंगलवार को भी इसी तरह कुछ हुआ। बाद में हंगामा करने वाले लोग चले गए।
> – डा. कप्तान सिंह – सीएमएस।

और फार्मासिस्ट सतीश चंद्र ने पुलिस को फोन पर सूचना दी। महिला के परिजन हंगामा करने के बाद चले गए। परिजनों का आरोप था कि डाक्टर ने उससे रुपए मांगे। रुपये नहीं देने पर उन्होंने डॉक्टरी परीक्षण नहीं किया।

# दुकानदार पर कॉपीराइट की रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला मेरठ के थाना इंचोली क्षेत्र के गांव चदोड़ी निवासी पायनियर बीज कंपनी के सेल्स मैनेजर अंकित चौधरी ले कोतवाली उझानी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि कस्बा उझानी में खाद बीज विक्रेता उमेश उनकी कंपनी का मक्का का बीज बेचते हैं। वह दुकान पर पहुंचे। कंपनी के छह पैकेट चेक किए। इसमें दूसरा मक्का बीज भरा था। पुलिस ने दुकानदार के खिलाफ कॉपी राइट की रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया गया है। दुकानदार का कहना है कि उन्होंने कुछ खुले बीज कंपनी के पैकेट में रख लिया था।

# जे.पी. क्लीनिक

## डा. जितेन्द्र पाल सिंह

B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन

- दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
- बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
- जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
- गुर्दो की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज

बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।

हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है

पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206

सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश



# दाँतों में तकलीफ
## अब कोई चिन्ता नहीं!



## ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्पलान्ट सेन्टर

Associated with Asia's No.1 Dental Lab



### डॉ० एम.बी. गौतम
(डायरेक्टर)
बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ)

सम्पर्क करें:- 9997317000, 9412738720

प्रभा टाकीज, के ठीक सामने,
151 रामपुर गार्डन, फर्स्ट फ्लोर, बरेली

### डॉ० अतुल कुमार
बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडोन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES

### डॉ० संजय मजूमदार
बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कौलीफोर्निया)
मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े
(फ्रैक्चर) दाँत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की
सर्जरी के विशेषज्ञ

Our Aim to important a healthy & Beautiful Smile to our Patient





उपलब्ध सुविधायें :
◆शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें। ◆दाँतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler) ◆हिलते हुए दाँतों को जाम करना। ◆दाँतों की नसों का इलाज (Root Canal Treatment, Single Siting RCT) ◆मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज। ◆दाँतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज। ◆सड़े-गले दाँतों को बिना तकलीफ के निकालना। (Painless) ◆दाँतों के रंग का मासाला भरना। (Laser Filing) ◆टेड़े-मेढ़े, बाहर निकले हुए दाँतों का इलाज। (Fix Braces/Aligner) ◆डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दाँत लगाना। (Zirconia Crown/Bridges) ◆मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD) ◆गुटखे की वजह से मुँह कम खुलने का इलाज। ◆एक्सीडेन्टल टूटे-जबड़े व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा। ◆एडवान्स एक्स-रे यनिट

Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour

5 साल से 11 साल के बच्चों की दाँतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्रसेना/पुलिस/ग्राम प्रधान/नगर पंचायत/चेयरमैन/स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिर्पोटर/स्वतंत्रता सेनानी


# तीन माह पहले बनाई सड़क फिर उखड़ी

## अंडरपास की सड़क हुई जर्जर, वाहनों के गुजरने पर उड़ती है धूल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** करीब दो साल पहले बनाए गए अंडरपास की सड़क जर्जर थी। रेलवे ने सड़क की कुछ दिनों पहले मरम्मत कराई लेकिन इसकी गुणवत्ता में ध्यान नहीं दिया गया जिस कारण सड़क फिर से जर्जर हालत में पहुंच गई है। इस कारण राहगीरों को यहां से आवागमन करने में परेशानी हो रही है, जिन्होंने गुणवत्ता पर सवाल भी खड़े किए हैं। हालांकि रेलवे के अधिकारी अब सड़क की फिर से मरम्मत कराने की बात कह रहे हैं।

कचहरी रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन के गुजरते समय क्रॉसिंग बंद कर दिया जाता था जिससे दोनों ओर वाहनों का लंबा जाम लगता था। यह स्थिति दिन में आठ से दस बार होती थी जिससे कचहरी रोड पर आने जाने वाले लोगों को हर समय जाम का सामना करना पड़ता था। इस समस्या से निजात पाने को रेलवे ने यहां पर 2022 में अंडरपास का निर्माण कराया। अंडरपास बन जाने से शहर के लोगों को जाम से मुक्ति मिल गयी। अंडरपास बन जाने के बाद रेलवे क्रॉसिंग को बंद कर दिया गया। अंडरपास से हर रोज हजारों वाहन गुजरते हैं, हालांकि यह दो पहिया और चार पहिया वाहन ही होते हैं। अंडरपास से बस ट्रक बहुत कम पास होते हैं। वाहनों की भागम भाग होने से अंडरपास की सड़क पिछले साल जगह जगह उखड़ गयी। सड़क में गड्ढे हो गए। लोगों की शिकायत के बाद जर्जर सड़क की रेलवे ने मरम्मत करा दी। कुछ समय तक सड़क ठीक रही। अब वही सड़क फिर जर्जर स्थिति में है। सड़क की बजरी उखड़ने से धूल उड़ती रहती है। अंडरपास की सड़क पर वाहनों के गुजरने पर धूल भरी आंधी सी लगती है। वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी होती है। लोगों ने सड़क की गुणवत्ता पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि करीब तीन माह पूर्व सड़क बनाई है। जिसे कुछ दिन ठीक रहना चाहिए था। मगर समय से पूर्व ही सड़क जर्जर हो गई है, जो हादसों को दावत दे रही है।



रेलवे अंडरपास की जर्जर सड़क। ● अमृत विचार

- हादसे को दावत दे रही सड़क, लोगों ने गुणवत्ता पर उठाए सवाल

"करीब तीन महीने पहले अंडरपास की सड़क ठीक कराई गयी है। अब सड़क फिर उखड़ने लगी है तो उसका निरीक्षण किया जाएगा और जहां जहां बजरी उखड़ रही है उसे फिर से ठीक कराया जाएगा। अंडरपास की सड़क के बारे में कुछ लोगों ने बताया है। सड़क की मरम्मत कराने से पहले इज्जत नगर मंडल के निर्माण विभाग को सूचना देनी होगी। इसके बाद जल्द ही कदम उठाया जाएगा। – जाकिर अली– आईडब्ल्यू रेलवे।

### दो साल पहले चार करोड़ से बना था अंडरपास

कचहरी रोड पर रेलवे के अंडरपास का निर्माण दो वर्ष पूर्व करीब चार करोड़ की लागत से कराया गया था। अंडरपास की सड़क जब पिछले साल अक्टूबर और नवंबर में क्षतिग्रस्त हुई तो करीब एक लाख 80 हजार की लागत से मरम्मत कराई गयी। मगर तीन माह में ही सड़क जर्जर हो गई। अंडरपास से हर रोज करीब दस हजार लोग गुजरते हैं, जिनको आवागमन करने में परेशानी हो रही है।

### सड़क बनाने वाले की लापरवाही

स्टेशन मास्टर स्टेशन मास्टर विपिन कुमार ने कहा कि अंडरपास की सड़क टूटने से परेशानी बढ़ी है। इसके बारे में कुछ लोगों ने शिकायत भी की है। सड़क की मरम्मत कुछ समय पहले ही कराई गयी थी, लेकिन अब फिर से सड़क में गड्ढे होने की सूचना मिल रही है। यह तो सड़क बनाने वाले जिम्मेदारों की लापरवाही है। यदि सड़क की बजरी उखड़ रही है तो उसका निरीक्षण कराया जाएगा। उसके बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा।

# हरे पेड़ काटने के मामले की शुरू हुई जांच

**ओरछी, अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग स्थित ओरछी कस्बा के मुख्य चौराहा स्थित शराब की दुकान के पीछे खाली पड़े प्लाट में पीपल के दो हरे पेड़ खड़े थे। रात में माफियाओं ने दोनों पेड़ काट दिए। जबकि पीपल का हरा पेड़ काटना प्रतिबंधित है। माफिया काटने के बाद पेड़ ले जाने में नाकाम रहे। डिप्टी रेंजर दिनेश शर्मा ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जांच की जा रही है। जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पति-पत्नी विवाद में फायरिंग, युवक घायल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पति से विवाद के बाद महिला ने मायका पक्ष को दी थी सूचना
- पहुंचा महिला की बहन का पति, गोली चलाई, चाकू से किया हमला

**अमृत विचार :** थाना अलापुर क्षेत्र के एक गांव में पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। महिला ने अपने मायका पक्ष को फोन करके सूचना दी। मायका पक्ष आया और फायरिंग शुरू कर दी। चाकू से हमला किया। इसमें दो लोग घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। प्रभारी निरीक्षक ने अस्पताल पहुंचकर बयान दर्ज किए हैं।

मामला थाना अलापुर क्षेत्र के गांव बिलहरी का है। गांव निवासी इशाक के बेटे एजाज का निकाह सबीरुल निशा से हुआ है। मंगलवार को दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। पहले कहासुनी हुई और बाद में मारपीट होने लगी।



घायल इशाक।



घायल नसीमा बेगम।

सबीरुल निशा ने अपने मायका पक्ष को फोन करके सूचना दे दी। कुछ ही देर के बाद एजाज के साढ़ू मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि आते ही फायर कर दिया। गोली के छर्रे इशाक के हाथों में लगे। फिर इशाक की पत्नी नसीमा बेगम पर चाकू से हमला किया। नसीमा बेगम ने हाथ से बचाव की कोशिश की लेकिन चाकू उनके माथे पर लग गया। प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह ने बताया कि घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582



## डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

## हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
रेनबो हॉस्पिटल
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी
बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव



डॉ. राकेश मिश्रा
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुडगांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें
7249939977
7088003322



## डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय
प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157



## डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393


## सार-संक्षेप

### विकसित राष्ट्र बनाने को मिलजुल कर करना होगा काम




**बदायूं।** जिले की नगर पंचायत सखानूं मे विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मंगलवार को जनसभा का आयोजन किया गया। जनसभा के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक धर्मेन्द्र शाक्य ने ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ–साथ उनका लाभ उठाने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश मंत्री अरशद अल्वी रहे। वक्ताओं ने कहा कि अगर हमें अपने देश को विकसित करना है तो आज से ही हमें मिल–जुलकर काम करना होगा। इस अवसर पर चेयरमैन फैसल मण्डल अध्यक्ष दुष्यंत कुमार, मोहम्मद शीराज आलम सभासद सुखदेव वर्मा आदि रहे।

### मतदाताओं को किया जागरूक




**उझानी।** नगर के एपीएम कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन चयनित बस्ती ग्राम सरौरा में छात्रा इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर शिल्पी पांडे तथा छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर महेश पाल सिंह यादव के नेतृत्व में चयनित ग्राम गंगोरा में स्वयंसेवकों तथा स्वयंसेविकाओं द्वारा मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। बौद्धिक सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुन्नी देवी प्राथमिक विद्यालय सरौरा की प्रधानाचार्य व आदि रहे।

### देवांश-यशस्वती ने जीता स्वर्ण पदक




**बदायूं।** लॉर्ड कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल के छात्र देवांश सिंह और यशस्वी सिंह ने उत्तर ओपन प्रदेश शीतकालीन ताइक्वांडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत हासिल किया है। उनकी जीत पर स्कूल प्रशासन ने छात्रों को बधाई दी है। जनपद आगरा में पन उत्तर प्रदेश शीतकालीन ताइक्वांडो चैंपियनशिप संपन्न हुई। इसमें स्कूल में कक्षा दो के देवांश सिंह और 12वीं के छात्र यशस्वती ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। स्कूल के चेयरमैन वेदव्रत त्रिवेदी ने छात्रों की उपलब्धियों पर सराहना की है। साथ ही छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### स्काउटिंग जीवन को बनाती है सार्थक और समर्थ

**बदायूं।** नेहरू मेमोरियल शिव नारायण दास महाविद्यालय में चल रहे तीन दिवसीय रोवर रेंजर प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन प्राचार्य प्रो. आशीष कुमार सक्सेना ने स्काउट ध्वज फहराया। उन्होंने कहा कि युवाओं में अद्भुत क्षमता होती है। हर कार्य को संभव कर दिखाते हैं। डा.मनवीर सिंह ने कहा कि स्काउटिंग जीवन को सार्थक और समर्थ बनाती है। डा. मोहन लाल मौर्य ने कहा कि युवा आपत्तियों में धैर्य न खोएं चुनौतियों को स्वीकारें। रोवर–रेंजर शिविर में झंडी संकेत, प्राथमिक चिकित्सा आदि का प्रशिक्षण दिया। रेंजर प्रभारी रुचि चौहान और रोवर प्रभारी लक्ष्य सिंह चौधरी के नेतृत्व में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर डा.संजीव कुमार सक्सेना, डा. विक्रांत उपाध्याय, डा.आशीष गुप्ता आदि रहे।

## शहर में आज

- जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर इंटरमीडिएट एवं हाईस्कूल की परीक्षाएं सुबह 8:30 बजे से।
- ऑपरेशन जागृति के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।
- श्रीमद् भागवत कथा का वाचन अमांपुर के गांव नाथपुरी के मंदिर पर दोपहर दो बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा तीर्थ नगरी सोरों में श्रीवराह भगवान परिक्रमा हरि की पौड़ी से शाम सात बजे से।

## एक नजर

### छत से गिरकर मजदूर घायल, रेफर

**कासगंज** : पीएनसी कंपनी में मजदूर के रूप में कार्य कर रहे कानपुर के थाना बिल्लोर के गांव उजैपुर निवासी सुरेंद्र पुत्र सियाराम छत पर खड़े होकर मोबाइल पर बात कर रह थे। बात करते-करते वह अचानक नीचे आ गिरे। मौके पर मौजूद मजदूर उन्हें घायल अवस्था में अस्पताल ले गए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक हालत में अलीगढ़ रेफर किया गया है।

### बाइक फिसलने से चाचा भतीजा घायल

**कासगंज** : सदर कोतवाली के गांव उरुआ निवासी 45 वर्षीय मदन लाल पुत्र दौलत राम अपने 25 वर्षीय भतीजे मुकेश पुत्र भूदेव के साथ ढोलना जा रहे थे। जब बाइक सवार थाना ढोलना क्षेत्र में गांव घिनौना के निकट थे तभी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई जिससे चाचा-भतीजा घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को अलीगढ़ रेफर किया गया है।

### कार्निवल मेला में मेंहदी प्रतियोगता कल

**कासगंज।** शहर के बारह पत्थर मैदान में लगे दुबई थीम कर्निवल मेला में गोपाल वेलफेयर सोसाएटी द्वारा मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष पंडित रामगोपाल शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन 29 फरवरी को शाम पांच बजे से होगा। उन्होंने जिले की प्रतिभाओं से प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता फार्म मेला ग्राउंड में उपलब्ध हैं।

### सिढ़पुरा पुलिस ने वांछित किया गिरफ्तार

**कासगंज।** थाना सिढ़पुरा पुलिस ने न्यायालय से फरार चल रहे वांछित को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इंस्पेक्टर क्राइम वीरेंद्र प्रताप गिरि ने बताया कि वांछित आरोपी रूप सिंह निवासी नगला भूपाल थाना सिढ़पुरा को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### मारपीट का वांछित गिरफ्तार

**कासगंज।** थाना सहावर पुलिस ने मारपीट के मामले में न्यायालय से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर लोकेश सिंह भाटी ने बताया कि वांछित अभियुक्त सैय्यद साजिद अली निवासी मुहल्ला मुगल कस्बा व थाना सहावर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। वांछित आरोपी को पूछताछ के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# तालाब में ट्रैक्टर ट्राली गिरने की तकनीकी जांच शुरू

## टीम ने अलग-अलग पहलुओं पर की जांच, एआरटीओ, लोक निर्माण विभाग और पुलिस की टीम पहुंची

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** माघपूर्णिमा के दिन पटियाली-अलीगंज स्टेट हाइवे पर तालाब में ट्रैक्टर ट्रॉली गिर जाने के मामले में तकनीकी जांच शुरू हो गई है। शासन से निर्देश मिलने के बाद एआरटीओ अपनी टीम के साथ जांच करने पहुंचे। उन्होंने पाया कि चालक की घोर लापरवाही से ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर तालाब में गिर गई थी। घटना स्थल के बाद एआरटीओ थाने पहुंचे। यहां जिस ट्रैक्टर से हादसा हुआ उसकी तकनीकी जांच की। पाया कि ट्रैक्टर का ब्रेक पैडल का लॉक खुला था। दाएं हाथ का ब्रेक दब जाने से ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गया।

सड़क हादसे में पहले 23 मौतें हुई थीं। एक बच्चे की मौत मंगलवार को अस्पताल में हो गई। इस तरह मृतकों की संख्या 24 हो गई। इस हादसे का जिम्मेदार कौन यह बड़ा सवाल है। वैसे तो हादसे के लिए जिम्मेदार एआरटीओ और पुलिस भी है। क्योंकि प्रतिबंध के बावजूद भी लोग ट्रैक्टर की सवारी कर रहे थे, लेकिन प्रशासन ने फिलहाल हादसे का कारण कुछ और ही माना है। परिवहन विभाग ने जांच में पाया है कि चालक की लापरवाही रही और अनदेखी से हादसा हो गया।



तालाब किनारे जांच करने पहुंचे एआरटीओ, लोक निर्माण विभाग और पुलिस की टीम।



पटियाली कोतवाली में ट्रैक्टर की तकनीकी जांच करते एआरटीओ आरपी मिश्रा एवं यातायात पुलिस। • अमृत विचार

- खुला हुआ था ब्रेक पैडल का लॉक, चालक की भी पाई गई लापरवाही

### पटरी के लिए लोक निर्माण विभाग दोषी

डीएम सुधा वर्मा ने सोमवार के पत्र जारी कर लोक निर्माण विभाग एवं एआरटीओ को जांच के निर्देश दिए थे। इसके बाद एआरटीओ गंभीर दिखाई दिए। उन्होंने बताया कि तालाब के किनारे कोई बाउंड्रीवाल या पटरी नहीं थी। जिसके कारण यह हादसा हुआ और सड़क के किनारे पूरी तरह ढलान था। जल्द ही एआरटीओ अपनी रिपोर्ट भेजेंगे।

> मामले में तकनीकी जांच कर ली गई है। रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। वहां सड़क किनारे पटरी भी नहीं थी। ट्रैक्टर का ब्रेक पैडल लॉक खुला हुआ था। चालक की घोर लापरवाही रही।
> – **आरपी मिश्रा**, एआरटीओ

**बुलाई गई बैठक:** एआरटीओ ने मंगलवार शाम को एक बैठक भी बुलाई। इस पर अधीनस्थों के साथ चर्चा की। फिर पंचायती राज विभाग को पत्र लिखा जिसमें ग्राम प्रधानों से अनुरोध करने की अपील की गई है कि ग्रामीणों को ट्रैक्टर से यात्रा न करने के लिए प्रेरित करें। वहीं शिवरात्रि पर्व बड़ी संख्या में लोग ट्रैक्टर ट्रॉली से यात्रा करते हैं ऐसे में पुलिस सहयोग मांग कर ट्रैक्टर ट्रॉली से यात्रा रोकने में सहयोग करें।

> परिवहन विभाग और लोक निर्माण विभाग को पत्र जारी कर रिपोर्ट उपलब्ध कराए जाने के लिए कहा गया है। अभी रिपोर्ट नहीं मिली है। एक सप्ताह का समय दिया गया है।
> – **सुधा वर्मा**, जिलाधिकारी

# ट्रैक्टर ट्राली हादसे में घायल छह वर्षीय बच्चे की अस्पताल में मौत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- सड़क हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर पहुंची दो दर्जन
- शनिवार को तालाब में ट्रैक्टर पलटने से हुआ था हादसा

**अमृत विचार :** दरियावगंज में तालाब में पलटी ट्रैक्टर ट्राली हादसे में घायल छह वर्षीय बच्चा भी जिंदगी की जंग हार गया। अलीगढ़ के मेडिकल कालेज में उसकी मौत हो गई। दुर्घटना में मरने वालों की संख्या 24 हो गई है। गांव कसा में मातमी सन्नाटा नहीं टूट रहा है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

शनिवार को एटा जिले के थाना जैथरा क्षेत्र के गांव नगला कसा निवासी गौरव के छह माह के बेटे का मुंडन संस्कार होना था। गांव के ही लोगों के अलावा आसपास के गांव खिड़िया, रोरी, बरार के कुछ ग्रामीण भी ट्रैक्टर ट्रॉली से गंगा घाट कादरगंज जा रहे थे। माघ पूर्णिमा पर मुंडन संस्कार के लिए गौरव के परिवार में खुशी थी। ट्रैक्टर गौरव ही चला रहे थे। जब ट्रैक्टर ट्रॉली पटियाली कोतवाली क्षेत्र के गांव ककराला के समीप पहुंची कि अचानक ट्रॉली के पहिये का बेरिंग टूटने से ट्रॉली अनियंत्रित हो गई और ट्रैक्टर ट्राली सहित तालाब में पलट गया। पानी से लबालब तालाब में ट्रॉली में बैठे श्रद्धालु डूब गए। घटना में कुछ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कुछ लोगों की जिला अस्पताल में तो दो की अलीगढ़ में मौत हो गई।

कुल 23 लोग काल के गाल में समा गए। घटना के घायलों का अलीगढ़ के मेडिकल कालेज में उपचार चल रहा था। सोमवार को उपचार के दौरान छह वर्षीय दिव्यांशू पुत्र भूरे की मौत हो गई। मासूम की मौत के साथ ही घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर 24 हो चुकी है। पोस्टमार्टम के बाद शव जब गांव में पहुंचो तो पहले ही गमगीन गांव कसा में विलाप के स्वर गूंज उठे। देर शाम शव का अंतिम संस्कार किया गया।


# सूरज की लुकाछिपी ने किसानों की बढ़ाई चिंता

संवाददाता, मोहनपुरा

- पूरे दिन ठंडी हवाएं चलने से धूप रही बेअसर, सर्दी का हुआ अहसास

**अमृत विचार :** मौसम में एक बार फिर परिवर्तन देखने को मिल रहा है। मंगलवार को पूरे दिन सूरज और बादलों के मध्य लुकाछिपी का खेल चलता रहा। ठंडी हवाओं ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं। इन दिनों खेतों में सरसों की फसल पक चुकी है। यदि ऐसे में बूंदाबादी हुई तो किसानों को नुकसान नुकसान झेलना पड़ेगा। साथ ही तेज हवा के कारण फसल के गिरने का खतरा मंडरा रहा है। इस समय का मौसम परिवर्तन खेती के लिए प्रतिकूल है।

पिछले कुछ दिनों से लगातार तापमान में वृद्धि हो रही थी, जिससे मटर का फसल चक्र कम होने से जल्दी पकना शुरू हो गई। इसके अतिरिक्त गेहूं में बालियां भी जल्दी निकलना शुरू होने लगी। किंतु कल से दिन के समय तापमान में कुछ गिरावट आई जो फसलों के लिए अनुकूल है। वहीं बिगड़ता हुआ मौसम से चलने वाली तेज हवा किसानों के लिए हितकर नहीं है। इससे फसल के गिरने की पूर्ण संभावना बनेगी।



> हल्की बूंदाबांदी से फसलों पर कोई असर नहीं होगा। यदि ओलावृष्टि हुई तो सभी फसलों के लिए नुकसानदायक होगी। जिन किसानों ने गेहूं में पानी लगा दिया है तेज हवा से उनकी फसल गिरने की संभावना होगी।
> – **डॉ. बृज विकास सिंह**, कृषि वैज्ञानिक

## संपूर्ण स्वच्छता अभियान में जनजन की हों भागीदारी

**कासगंज, अमृत विचार :** कलक्ट्रेट सभागार में डीएम एवं सीडीओ ने जल ज्ञान यात्रा के अंतर्गत जागरुकता बैनों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। उसके उपरांत जिला पेयचल एवं स्वच्छता समिति एवं जल जीवन मिशन हर घर जल योजनांतर्गत जनपद स्तर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आरंभ किया।

डीएम सुधा वर्मा ने कहा कि गांवो में स्वच्छता के उददेश्य की पूर्ति के लिए मवेशियों से उत्पन्न अपशिष्ट गोबर का निस्तारण किया जाना भी परम आवश्यक है। जिसके लिए वर्तमान में ग्राम पंचायत/ग्राम स्तर पर अत्यधिक मात्रा में पर्याप्त गोबर के उचित प्रबंध के लिए संचालित स्थाई-अस्थाई गो-आश्रय स्थलों के पशुओं, मवेशिओं से उत्पन्न गोबर के निस्तारण के लिए खाद गडढों का निर्माण करना है। सीडीओ सचिन डीपीआरओ देवेंद्र सिंह सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रश्न पत्र देख काफूर हुई परीक्षार्थियों की चिंता

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** सीबीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट की रसायन विज्ञान की परीक्षा थी। परीक्षा को लेकर परीक्षार्थी चिंतित थे, लेकिन जैसे ही परीक्षा कक्ष में प्रश्न पत्र मिला तो परीक्षार्थियों की चिंता काफूर हो गई। प्रश्न पत्र सरल था। विद्यार्थियों ने प्रश्न पत्र समय से हल किया।

जिले में सीबीएसई बोर्ड के संचालित विद्यालयों की बोर्ड परीक्षाओं के लिए तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। मंगलवार को इंटरमीडिएट की कैमिस्ट्री की परीक्षा थी। जेपी पब्लिक एकेडमी में पंजीकृत 188 परीक्षार्थियों में 187 परीक्षा में बैठे।

अनुपस्थित रहा। सोरों के एनआर पब्लिक स्कूल परीक्षा केंद्र पर कुल पंजीकृत 231 परीक्षार्थियों में से 227 ने परीक्षा दी। चार अनुपस्थित रहे। नदरई स्थित सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल परीक्षा केंद्र पर कुल 214 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें से छह अनुपस्थित रहे। 208 ने परीक्षा दी। कुल 633 पंजीकृत परीक्षार्थियों में 622 ने परीक्षा 11 अनुपस्थित रहे। परीक्षा नकल विहीन और सकुशल संपन्न हुई। कोई परीक्षार्थी अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए नहीं पकड़ा गया।



सोरों के एनआर पब्लिक स्कूल परीक्षा केंद्र से परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी।

- सीबीएसई इंटरमीडिएट रसायन विज्ञान की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न



> कैमिस्ट्री की परीक्षा को लेकर तनाव था। लेकिन प्रश्न पत्र देखा तो तनाव दूर हो गया। प्रश्न पत्र काफी सरल था।
> – **करिश्मा**, परीक्षार्थी



> प्रश्न पत्र सरल होने से इसे हल करने में समय नहीं लगा। समय से प्रश्न पत्र को हल कर लिया गया। पेपर अच्छा हुआ।
> – **खुशी**, परीक्षार्थी



> प्रश्न पत्र में समीकरण, आइयूपीएसी, बैलेंसिंग, इक्वेशन काफी सरल आए। कुल मिलाकर पेपर सामान्य रहा।
> – **गीतांजलि**, परीक्षार्थी

# ट्रैक्टर ट्राली से यात्रा करने पर दी हिदायत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** पटियाली -अलीगंज स्टेट हाईवे पर ट्रैक्टर ट्राली पलट जाने के बाद हुई 24 मौतों के बाद अब परिवहन विभाग की नींद टूटी है। ट्रैक्टर ट्राली से यात्रा करने पर प्रतिबंध पहले से ही था, लेकिन जागरूकता अभियान अब शुरू हुआ है और चेकिंग भी शुरू की है। मंगलवार को चार ट्रैक्टर ट्रॉली के चालान दिए गए और सवारियों को कड़ी हिदायत दी गई। एआरटीओ आरपी मिश्रा ने सोरों रोड पर विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान खलबली वाली दिखाई दी।

24 मौत हो गई। जिम्मेदार लापरवाह बने रहे। इन मौतों के बाद हादसे के लिए चालक को लापरवाह मान लिया और भी कई कारण दर्शा दिए, लेकिन परिवहन विभाग ने गलती नहीं मानी। अब जब कार्रवाई का चाबुक चला दिखाई दे रहा है तो परिवहन विभाग में खलबली मची है। परिवहन विभाग ने अभियान चलाया है। कासगंज सोरों रोड पर ट्रैक्टर ट्राली से यात्रा करने वाले लोगों को रोका और जागरूक किया। ट्रैक्टर ट्राली के चालान कर दिए। यात्रा कर रहे लोगों को वापस लौटा दिया।



सोरों मार्ग पर ट्रैक्टर ट्राली को रोक कर कार्यवाही करते एआरटीओ आरपी मिश्रा।

- चलाया विशेष चेकिंग अभियान ट्रैक्टर ट्रॉलियों के किए चालान

> अभियान चलाया गया। चार ट्रैक्टर ट्राली के चालान कर दिए गए। अभियान निरंतर जारी रहेगा और ट्रैक्टर ट्राली से यात्रा पर प्रतिबंध रहेगा।
> – **आरपी मिश्रा**, एआरटीओ

### निरंतर चलेगा अभियान

अधिकारियों का दावा है कि अभियान जारी रहेगा। देखना है कि कब तक जागरुकता और सक्रियता रहेगी। क्योंकि पहले भी जान जाती रही है और अभियान औपचारिकता तक सिमट कर रह गया है।

## डीएम, एसपी ने निर्वाचन कार्यालय का किया निरीक्षण

**कासगंज, अमृत विचार:** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम सुधा वर्मा व एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने एडीएम राकेश कुमार पटेल के साथ संयुक्त रुप से मंडी परिसर एवं निर्वाचन कार्यालय का किया निरीक्षण।

डीएम ने कहा की वैरीकैटिंग एवं जाली, साफ सफाई, लाईट, शौचालय व्यवस्था, सड़क, साइन बोर्ड, पार्किंग, इत्यादि के सम्बन्धित अधिकारियों को दिये निर्देश। यातायात व्यवस्था आदि को समय पर दुरुस्त किए जाने एवं उक्त परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगाएं जाने के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उसके उपरांत जिला निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण किया और कहा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का शतप्रतिशत पालन कराया जाए।

# जल जीवन ही नहीं परमात्मा का वरदान है

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन द्वारा प्रोजेक्ट अमृत को सफल बनाने के उद्देश्य से स्वच्छ जल और स्वच्छ मन अभियान चलाया गया। निरंकारी भक्तों ने तीर्थ नगरी सोरों के हरि की पौड़ी स्थित घाट पर सफाई की। कूड़ा एकत्र कर जंगल में फेंका। लोगों को स्वच्छ जल और स्वच्छमन की शपथ दिलाई। तीर्थ नगर के अलावा गंजडुंडवारा एवं हीरापुर में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया।

प्रोजेक्ट अमृत के दूसरे चरण का आरंभ करते हुए निरंकारी राज पिता रमित ने कहा कि बाबा हरदेव सिंह जी ने हमें यही प्रेरणा दी है कि सेवा की भावना निष्काम रूप में होनी चाहिए न की किसी प्रशंसा की चाह में। हमें सेवा करते हुए उसके प्रदर्शन का शोर करने की बजाय उसकी मूल भावना पर केंद्रित रहना चाहिए। हमारा प्रयास स्वयं को बदलने का होना चाहिए क्योंकि हमारे आंतरिक बदलाव से ही समाज एवं दुनिया में परिवर्तन आ सकता है। एक स्वच्छ और निर्मल मन से ही सात्विक परिवर्तन का आरंभ होता है। सतगुरु माता ने कहा कि हमारे जीवन में जल का बहुत महत्व है और यह अमृत समान है। जल हमारे जीवन का मूल आधार है। परमात्मा ने हमें यह जो स्वच्छ एवं सुंदर सृष्टि दी है। इस दौरान बड़ी संख्या में निरंकारी भक्त मौजूद रहे।



हरि की पौड़ी पर अमृत प्रोजेक्ट के तहत सफाई अभियान चलाते निरंकारी भक्त।

- अमृत प्रोजेक्ट के तहत स्वच्छ जल और स्वच्छ मन को चलाया अभियान
- संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन ने हरि की पौड़ी घाट पर की सफाई

# दो झोपड़ियों में लगी आग बाइक सहित सामान राख

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- मौके पर पहुंची दमकल ने मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू

**अमृत विचार :** सोरों कोतवाली क्षेत्र के गांव करुआवारा में मंगलवार की दोपहर अज्ञात कारणों से दो झोपड़ियों में आग लग गई। घरेलू सामान एवं एक बाइक जलकर राख हो गई। दमकल विभाग वाहन ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है। पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।

मंगलवार की दोपहर गांव करुआवारा निवासी जगदीश पुत्र रामगोपाल की झोपड़ी में अज्ञात कारणों से आग लग गई। हवा के साथ आग ने विकराल रूप ले लिया। पड़ोसी भूरे की भी झोपड़ी भी चपेट में आ गई।झोपड़ियों में लगी आग को बुझाने का ग्रामीणों ने प्रयास किया, लेकिन आग की विकरालता बढ़ती गई। जानकारी मिलते ही दमकल कर्मी वाहन सहित गांव पहुंच गए और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन आग पर काबू पाते पाते भूरे और जगदीश की झोपड़ियों में रखा घरेलू सामान, ओढ़ने बिछाने के कपड़े, चारपाई और भूरे की बाइक भी जलकर राख हो गई। आग लग जाने से परिवार पर खाने पीने की भी व्यवस्था नहीं रही है। पीड़ित परिवारों ने तहसील प्रशासन से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।



जलकर राख हुआ घरेलू सामान।

**नहीं ले रहे सबक** — क्षमता से अधिक सवारियों को बैठाकर सड़कों पर फर्राटा भर रहे डग्गामार वाहन

# अंदर से बाहर तक सवारियां, क्यों न हों हादसे

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** शहर के विभिन्न मार्गों पर क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर डग्गामार वाहन जान जोखिम में डाल रहे हैं। हादसों के बावजूद भी इन पर नकल कसने के लिए जिम्मेदार विभाग कोई कार्यवाही नहीं करते हैं। यही कारण है कि इन डग्गामार वाहन चालकों के हौसले बुलंद है। बे-रोकटोक इनका संचालन हो रहा है।

क्षेत्र में बड़ी संख्या में ऑटो डग्गामारी कर रहे हैं। कुछ ऑटो पंजीकृत हैं तो कुछ अवैध रूप से सवारियां ढो रहे हैं। जिला मुख्यालय से लेकर गंजडुंडवारा, सहावर, अमांपुर, सिढ़पुरा, सोरों, पटियाली में भी ऑटो की भरमार है। यह ऑटो चालक अवैध रूप से सड़कों पर फर्राटा भर रहे हैं और यातायात मानकों को धता देते हुए क्षमता से अधिक यात्री ढो रहे हैं। बीते शनिवार को पटियाली थाना क्षेत्र में श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर ट्रॉली पलट जाने से 24 लोगों की मौत हुई। ऐसा लगा कि अब शायद यातायात पुलिस एवं संभागीय परिवहन विभाग अवैध रूप से वाहनों पर शिकंजा कसेगा, लेकिन जिम्मेदारों के कान तक जूं तक नहीं रेंगी है। जिले में संचालित ऑटो क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाकर फर्राटे भरते हैं। इनकी गति भी अनियंत्रित होती है। जो कभी भी किसी बड़े हादसे की पुनरावृत्ति कर सकती है। एआरटीओ आरपी मिश्रा ने कहा कि निरंतर अभियान चलाया जाता है। कार्यवाही भी गई है। विशेष अभियान चलाकर डग्गेमार एवं ऑटो चालकों के विरुद्ध कार्यवाही



शहर की सोरों गेट पुलिस चौकी के बाहर ऑटो में लटके यात्री।

### यात्री भी करते हैं मनमानी

एक ऑटो चालक ने बताया कि यात्रियों को भी अपने गंतव्य तक जाने की जल्दी रहती है। वह स्वयं अपनी सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं रहते हैं। जब ऑटो भर जाता है उसके बावजूद भी यात्री स्वयं लटक जाते हैं। हमें तो आर्थिक लाभ होता ही है।

### आर्थिक लाभ के लिए बैठाते हैं अधिक सवारी

उप संभागीय परिवहन विभाग द्वारा इन ऑटो को चालक सहित चार सवारियों को बैठाने की की अनुमति दी जाती है, लेकिन इनके संचालक थोड़ से आर्थिक लाभ के लिए क्षमता से अधिक सवारियां तो अंदर ही बैठाते हैं साथ ही पीछे और खिड़कियों पर लटका कर यात्रा कराते हैं। उनकी जान पर जोखिम बनी रहती है।

# सनातन धर्म के ग्रंथों के प्रति लोगों में जागरुकता करें पैदा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- धर्मप्रसार आयाम की प्रांतीय बैठक में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा

**अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रसारी आयाम की प्रांतीय पदाधिकारियों की बैठक बिलराम गेट स्थित राव महेंद्र पाल सिंह सरस्वती शिशु मंदिर में हुई। बैठक में सनातन धर्मो के ग्रंथों के प्रचार प्रसार एवं सनातन धर्म के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए अभियान चलाने पर जोर दिया गया। अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा हुई।

प्रांतीय धर्म प्रसार प्रमुख मानसिंह ने सनातन धर्म ग्रंथों के प्रति लोगों में रुचि पैदा करना और उसकी जानकारी देने के संदर्भ में जागरूक रहने को कहा। प्रांतीय धर्म प्रसार सह प्रमुख त्रिभुवन सिंह ने मंदिर मठों की सुरक्षा, मंदिरों की सूची तैयार कर उनका जर्णोद्धार कराने एवं अपने-अपने जिले के प्रत्येक मंदिर में सत्संग हनुमान चालीसा के द्वारा संपन्न कर सनातन के प्रति जागरूक करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक हिंदू का कर्तव्य है कि वह अपने धर्म की रक्षा और उसके प्रचार प्रसार के लिए आगे आए। संगठन के लोग अपनी इस जिम्मेदारी का ईमानदारी के साथ निर्वहन करें। आने वाली पीढ़ी सनातन के प्रति समर्पित हो सके। बैठक में बरेली, बहेड़ी, शाहजहांपुर, सीकरी, कासगंज, अलीगढ़, बदायूं आदि जिलों के धर्म प्रसार जिला प्रमुख ने भाग लिया।

बैठक में मुख्य रूप से धर्म रक्षक अजय गुप्ता, सुरजीत सिंह, हरि ओम पचौरी, कौशलेंद्र सिसोदिया, शिवम चौहान, मोहित गुप्ता, जयप्रकाश, नवीन सक्सेना, कृष्ण मुरारी, प्रदीप कावरा, विनयराज राज पन्नू, लखन कुमार मौजूद रहे।

# सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक

समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)

बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।



ALA Herbal

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान

कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)



धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है

Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।

Helpline No. 8439818102 7451039913

स्टॉकिस्ट आरोग्य सदन बरेली 9837007202



# आखिर कब तक शर्माते रहोगे



हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें

शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी बवासीर, शुगर व निःसंतान रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैंनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैंनें 40 दिन ईलाज कराया आज में पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चुकी थी। फिर मैनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल-7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी-16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google

भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट

डा. शेख

Best Sexologist in india

मिलें हर मंगलवार मालियों की पुलिया बरेली

9837023223


# कांवड़ में गंगाजल लेने तीर्थ नगरी सोरोंजी पहुंचने लगे शिवभक्त

## महाशिवरात्रि : 25 फरवरी से ही शुरू हो गया था कांवड़ियों के पहुंचने का सिलसिला



लहरा गंगाघाट पर कांवड़ सजाते शिवभक्त। ● अमृत विचार

**कांवड़ मेले को लेकर व्यवस्था बनाने में लगी पालिका :** कांवड़ मेले को लेकर नगर पालिका प्रशासन व्यवस्थाएं जुटाने में जुट गया है। मंगलवार को गंगा घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। गड्ढे भरवाए गए। वहीं अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने के लिए कार्य किया गया। कांवड़ियों की सुविधाओं को लेकर नगर पालिका ने व्यवस्थाएं जुटाना शुरू कर दिया। लहरा गंगा घाट पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। कूड़ा करकट साफ कर जंगलों में फेंकवाया गया। वहीं महिलाओं के कपड़े बदलने के लिए टिनशेड कवर बनाए जा रहे हैं। अस्थाई शौचालय की व्यवस्था की जा रही है। सोरों से लेकर लहरा तक मार्ग की सफाई कराई जा रही है। पालिकाध्यक्ष रामेश्वर दयाल महेरे ने बताया कि पालिका अपने स्तर से वो सभी सुविधाएं उपलब्ध कराएगी जिससे कांवड़ियों को परेशानी सामना न करना पड़े।

संवाददाता, सोरोंजी

**अमृत विचार :** भले ही अभी प्रशासनिक स्तर से कांवड़ मेले का आरंभ नहीं हुआ, लेकिन 25 फरवरी पूर्णिमा से ही कांवड़ियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। प्रशासनिक मेला एक मार्च से शुरू होकर आठ तक चलेगा।

इस वर्ष महाशिवरात्रि पर्व आठ मार्च को मनाया जाएगा। श्रद्धालु इस दिन शिवालयों में पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। तीर्थ नगरी के लहरा गंगाघाट से कांवड़ में जल ले जाने की सदियों पुरानी परंपरा है। प्रदेश से ही नहीं बल्कि राजस्थान, मध्य प्रदेश से ही तमाम शिवभक्त् कांवड़ में गंगा जल लेने लहरा गंगाघाट पहुंचने हैं। कांवड़ियों के लहरा गंगाघाट पर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। भले ही अभी प्रशासनिक स्तर पर मेले की व्यवस्थाएं आधी अधूरी हैं। प्रशासनिक मेले से एक मार्च से आठ मार्च तक चलेगा।



तीर्थ नगरी में कांवड़ सजाने की सामग्री खरीदते शिवभक्त। ● अमृत विचार

जिला प्रशासन एवं पालिका प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। मंगलवार को बड़ी संख्या में मध्य प्रदेश और राजस्थान से शिवभक्त कांवड़िये कांवड़ में गंगाजल लेने लहरा गंगाघाट पहुंचे। लहरा घाट पर बम-बम भोले, गंगे मैया की जय-जयकार के स्वर गूंजने लगे हैं।

## एटा से आगरा पहुंचें सिर्फ 25 रुपये में

**एटा, अमृत विचार :** एटा से आगरा बड़ी संख्या में लोग सफर करते हैं। रेलवे ने इन लोगों को बड़ा तोहफा दिया है। अब ये दूरी यात्री महज 25 रुपये में तय कर सकेंगे। पहले टिकट 50 रुपये का था। जिले से प्रति माह एटा-आगरा फोर्ट ट्रेन के माध्यम से लगभग 15 हजार यात्री यात्रा करते हैं। टीआई रविकांत ने बताया कि प्रतिदिन लगभग 500 यात्री एटा से टूंडला व आगरा का सफर करते हैं।

छछैना निवासी अशोक ने बताया कि बस का किराया काफी महंगा है। आगरा तक आने-जाने की टिकट लगभग 250 रुपये की पड़ती हैं जो लोग दवा लेने जाते हैं उनको काफी परेशानी होती है। ट्रेन का टिकट सस्ता हुआ है तो लोगों को इसका लाभ होगा। विजय नगर निवासी अभिषेक ने बताया कि जिले से बहुत से लोग सप्ताह में कम से कम एक बार आगरा जाते ही हैं। जिसमें सर्वाधिक लोग ऐसे होते हैं, जो दवा लेने के लिए ही जाते हैं। ऐसे लोगों को किराया कम होने से काफी लाभ मिलेगा।

# संविधान से खिलवाड़ कर रही केंद्र सरकार



गांव मनोटा में पीडीए जन पंचायत में देव प्रकाश लोधी उर्फ देवू, सपा जिलाध्यक्ष विक्रम यादव, देवेश शाक्य, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अविनाश।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **पीडीए पखवाड़े के तहत सपाइयों ने बताईं सरकार की विफलताएं**
- **सपा की नीतियों को बताकर गांव गांव लगाई जन पंचायत**

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के पीडीए पखवाड़े के तहत कार्यकर्ताओं ने कासगंज विकास खंड क्षेत्र के गांव हनौता, मनौटा एवं नगला भूड़ में ग्रामीणों को केंद्र और प्रदेश सरकार की विफलताएं गिनाईं। लोगों से संपर्क कर उन्हें समाजवादी पार्टी की नीतियां एवं सरकार के दौरान कराए गए विकास कार्यों को गिनाया। लोकसभा चुनाव में प्रदेश और देश के विकास के लिए सपा को मजबूत करने का आह्वान किया।

सपा जिलाध्यक्ष विक्रम यादव ने कहा कि किसी भी देश का संविधान उसकी आत्मा होती है। भारतीय जनता पार्टी सरकार संविधान के साथ खिलवाड़ कर रही है। इतना ही नहीं संविधान प्रदत्त आम जनता के मौलिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है। विकास का वायदा कर सत्ता में आई सरकारें विनाश पर आमादा है। कासगंज एटा लोकसभा प्रत्याशी देवेश शाक्य ने कहा कि सपा कार्यकर्ता लोगों से मिलकर 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी के बारे में बता रहे हैं और बूथ को भी मजबूती प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की विफलताओं को भी गिनाया।

पूर्व ब्लॉक अविनाश राजपूत ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने सत्ता में रहकर सभी वर्गों का समान रूप से विकास किया। भाजपा वर्गवाद और जातिवाद की राजनीति कर रही है। युवा सपा नेता देव प्रकाश लोधी उर्फ देवू ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में देश और प्रदेश के विकास के लिए सपा एवं इंडिया गठबंधन को मजबूत बनाएं। कार्यकर्ताओं ने पत्रक बांटकर कर सपा सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को गिनाया। विधानसभा अध्यक्ष विनोद बघेल, सोरन सिंह बघेल, बांके लाल, पूर्व नगर अध्यक्ष चाहत मियां, कमल सिंह बघेल, गिरीश कुमार, कैलाश यादव, मानपाल सिंह मिनी, प्रांजल यादव, फैजान चाहत, राहुल यादव, पप्पू लोधी, प्रमोद यादव, अमर सिंह लोधी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।


रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली

FREE ओ. पी. डी. परामर्श

बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के निःशुल्क परामर्श के लिए मिलें

मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क परामर्श

दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024

समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक

स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084



डॉ. तुषार अग्रवाल बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई

रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900

Address: Department of Orthopedic (Room No-1084) Rohilkhand Medical College & Hospital Pilibhit Bypass Road, Bareilly


## विभिन्न मामलों में फरार सात वारंटी किए गए गिरफ्तार

**कासगंज, अमृत विचार :** अमांपुर थाना पुलिस द्वारा मंगलवार को वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए धरपकड़ अभियान चलाया। लंबे समय से विभिन्न मामलों में फरार चल रहे सात वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन्हें पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया जहां से उनके विरुद्ध कार्रवाई हुई है।

बीते दिनों हुई अपराध समीक्षा बैठक में एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने वारंटियों की गिरफ्तारी में बरती जा रही शिथिलता पर नाराजगी जताई थी और जिले की सभी थाना के प्रभारियों को वारंटियों को गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। एसपी के निर्देश के क्रम में अमांपुर थाना पुलिस के इंस्पेक्टर जगदीश चंद के नेतृत्व में थाना पुलिस ने मंगलवार को वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया। पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों में न्यायालय से फरार चल रहे सात वारंटियों को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि पुलिस द्वारा वारंटी शीलेंद्र सिंह निवासी गांव नगला इंद्रजीत, राजू, अशोक, सुनील निवासीगण मुहल्ला जवाहर नगर, बबलू, मोनू निवासीगण शास्त्री नगर, दीपू निवासी ददवारा को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है जहां से सभी आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है।

## एक नजर

### अग्निवीर भर्ती के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 22 मार्च

**कासगंज।** सेना में विभिन्न श्रेणियों के अन्तर्गत अग्निवीर भर्ती के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 22 मार्च है। इच्छुक अभ्यर्थी अन्तिम तिथि से पूर्व वेबसाइट पर अपना आवेदन ऑनलाइन प्रेषित करें। सेना में भर्ती की सम्पूर्ण जानकारी एवं आवेदन करने की प्रक्रिया का वीडियो भी उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास, कासगंज में संपर्क करें।

### एसडीएम ने कान्हा गोशाला का निरीक्षण कर दिए निर्देश

**जलेसर।** उप जिला अधिकारी जगमोहन गुप्ता ने पालिका परिषद द्वारा संचालित कान्हा गोशाला का निरीक्षण किया। कान्हा गोशाला में साफ सफाई व्यवस्था चाक-चौबंद पाई गई वहीं सफाई निरीक्षक महेश चंद्र एवं गोशाला संचालक उपस्थित मिले। वही जलेसर देहात ग्राम पंचायत द्वारा संचालित गोशाला पर ग्राम प्रधान शैलेंद्र सिंह उपस्थित मिले। साफ सफाई व्यवस्था ठीक न होने पर नाराजगी व्यक्त की। सफाई निरीक्षक महेश चंद्र यादव, पालिका कर्मी हरिओम यादव, रविंद्र मौजूद थे।

### मांगों के लिए भाकियू का धरना प्रदर्शन आज

**जलेसर।** भारतीय किसान यूनियन किसान के तत्वाधान में तहसील क्षेत्र की समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन 28 को प्रात: 10 बजे से किया जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय महासचिव शिव प्रताप सिंह ने बताया कि क्षेत्रीय समस्याओं के निस्तारण हेतु उप जिलाधिकारी को पूर्व में ज्ञापन दिया गया था। समस्याओं के समाधान के लिए कोई प्रयास न होने के चलते धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# ट्रक ने ट्रैक्टर में मारी टक्कर एक मजदूर की मौत, 4 घायल

## ट्रैक्टर के पीछे लगे थ्रेसर पर बैठे थे सभी मजदूर, तभी मार दी टक्कर

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के अन्तर्गत हाईवे स्थित छितौनी के पास सोमवार की देर रात ट्रक ने ट्रैक्टर में पीछे लगे थ्रेसर पर सवार छह मजदूरों को टक्कर मार दी। हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

घटनाक्रम के अनुसार पिलुआ थाना क्षेत्र के ग्राम भोजपुर निवासी ह्रदेश कुमार (30) पुत्र कुलफ सिंह, अमर सिंह पुत्र लालाराम, अरजेश कुमार पुत्र राजेश कुमार, राजपाल सिंह पुत्र महेश चन्द्र, अरुण कुमार पुत्र राजेश कुमार सोमवार की देर रात ट्रैक्टर के पीछे लगे थ्रेसर पर बैठकर जा रहे थे। जैसे ही ट्रैक्टर-थ्रेसर कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के अन्तर्गत हाइवे स्थित छितौनी गांव के पास पहुंचा कि तभी पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी। ह्रदेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार मजदूर घायल हो गए।

**बाइकों की भिड़ंत में चार लोग घायल :** एटा- कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम सींय नगर के पास दो मोटरसाइकिलों की जबर्दस्त भिड़ंत हो गई। हादसे में अचलपुर शीतलपुर निवासी अरविंद कुमार पुत्र सत्यवीर सिंह, बागवाला थाना क्षेत्र के गांव नगला बूंद निवासी प्रेम सिंह पुत्र कृष्ण कुमार, कोतवाली देहात के गांव मुही निवासी सुरजादेवी पत्नी सुखवीर सिंह, इसी गांव के निवासी रामसिंह की पत्नी शीलादेवी घायल हुई है। सभी को उपचार के लिए मेडिकल कालेज में दाखिल कराया गया है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार तीन परीक्षार्थी घायल

**अलीगंज, अमृत विचार:** हाईस्कूल का पेपर देकर बाइक से लौट रहे तीन परीक्षार्थियों को कार ने रौंद दिया जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी अलीगंज में भर्ती कराया गया है। कैल्ठा स्कूल अलीगंज से हाईस्कूल का पेपर देकर अपने गांव अलियापुर मोटरसाईकिल से लौट रहे परीक्षार्थी अमन पुत्र धर्मेंद्र, गोविंदा पुत्र रोशन लाल और प्रशांत पुत्र महेश को हरिसिंहपुर के पास तेज रफ्तार से आ रही कार ने टक्कर मार दी। जिससे छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को विधायक सत्यपाल सिंह राठौर के पुत्र सूरज राठौर द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने प्रशांत पुत्र महेश की हालत को नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं गाड़ी को भी पकड़ लिया गया है।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आए ट्रैक्टर सवार की मौत

**सिढ़पुरा, अमृत विचार :** थाना सिढ़पुरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम निवऊआ के पास खेतों से भूसा भरने जा रहे ट्रैक्टर सवार चिंतामणि (18) पुत्र मेघसिंह निवासी नगला चेतराम की हाईवोल्टेज लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं भूरे 40 पुत्र प्रेमपाल गंभीर घायल हो गए। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना अपराह्न 3 बजे की है जब दोनों लोग ट्रैक्टर से खेतों के रास्ते जा रहे थे उसी दौरान लटक रहे तारों की चपेट में आने से दोनों झुलस गए। प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि मृतक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को कासगंज भेजा गया है।

### एडीएम व एएसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**एटा, अमृत विचार:** एडीएम प्रशासन सत्यप्रकाश और अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाह ने मुन्नीदेवी इंटर कालेज व अन्य विद्यालयों में पहुंचकर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी कालेजों में सीसीटीवी कैमरे चेक करने के साथ ही कालेज प्रशासन को कालेज में शौचालयों को दुरुस्त कराने और पीने के पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि कस्बे और क्षेत्र के सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया है।

## डीएम ने ईवीएम, वीवीपैट वेयर हाउस में देखी व्यवस्था

**एटा, अमृत विचार:** जिलाधिकारी अधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने मंगलवार को अपरान्ह में कलक्ट्रेट में ईवीएम, वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया। बेहतर साफ सफाई रखने के निर्देश दिये।

कहा कि सीसीटीवी कैमरे लगातार चलते रहने चाहिए। ईवीएम, वीवीपैट की सुरक्षा हेतु तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा नियमित रूप से पूर्ण मुस्तेदी के साथ ड्यूटी की जाए। उन्होंने इस दौरान जनपद की 103 अलीगंज, 104 एटा सदर, 105 मारहरा, 106 जलेसर विधानसभा क्षेत्र में फार्म-06,07,08 के साथ-साथ ऐज कोहार्ड, महिला मतदाता, जेण्डर रेशियो की समीक्षा की। डीएम ने निर्देश दिए कि जनपद के सभी 1528 बूथों पर आयोग की मंशानुसार मूलभूत सुविधाएं अद्यतन करने के निर्देश दिए।

### बुजुर्ग दंपती को कार में बैठा कर लूटा

**फिरोजाबाद, अमृत विचार:** शिकोहाबाद के मोहल्ला गंगा नगर निवासी चोबसिंह (65) अपनी पत्नी सावित्री देवी के साथ सुबह साढ़े 11 बजे फिरोजाबाद जाने के लिए निकले। बोलेनो कार सवार युवक के कहने पर दंपती कार में बैठ गये। रास्ते में उन्होंने दंपती को डरा कर 3100 रुपये और अंगूठी उतरवा कर एक लिफाफे में रखवा ली। मक्खनपुर चौराहे के समीप उन्हें दूसरा लिफाफा देकर उतार कर भाग गये। एसपी ग्रामीण का कहना है कि जांच कर शीघ्र घटना का खुलासा कराया जायेगा।

# कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को न हो असुविधा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



महाशिवरात्र पर कांवड़ यात्रा को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर अधीनस्थों को निर्देशित करतीं डीएम सुधा वर्मा, एसपी अपर्णा रजत कौशिक।

- कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं की बैठक में डीएम-एसपी ने दिए निर्देश

**अमृत विचार :** जिले में एक मार्च से शुरू हो रही महाशिवरात्रि कांवड़ यात्रा को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को बैठक हुई। डीएम एसपी ने तैयारियों की समीक्षा की। व्यवस्थाओं एवं कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए। एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की।

डीएम सुधा वर्मा एवं एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व पर चलने वाली कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए वाहनों के लिए रूट डाइवर्जन किया जाए। कांवड़ यात्रा के मार्ग की साफ सफाई कराकर इसे ठीक कराना सुनिश्चित करें तथा सीसीटीवी कैमरे लगवाकर पर्याप्त लाइट एवं जनरेटर व्यवस्था रखी जाए। बैरीकेडिंग एवं पार्किंग आदि व्यवस्था समय से कर लें। दुकानें आदि व्यवस्थित ढंग मुख्य मार्ग से 10-15 मीटर दूर ही लगाई जाए, जिससे जाम न लगे। लहरा घाट की सभी व्यवस्थायें तत्काल पूर्ण कर ली जाए। लहरा घाट पर कांवर भरने के लिये विशेष भीड़ के दृष्टिगत बेरीकेटिंग तथा गहरे पानी के क्षेत्रों में चेतावनी लिखकर झंडी आदि लगाई जाए। दोनों अफसरों ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से तीनों घाटों पर पर्याप्त नावों की व्यवस्था रहनी चाहिए। महिलाओं को चेंजिंग रूम की व्यवस्था रहे। कांवड़ यात्रा में आने जाने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने हेतु पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सहित वाहनों की पार्किंग, शिवालयों व घाटो पर प्रकाश एवं सफाई, शौचालय, स्नान, पेयजल, अग्निशमन, गोताखोर, चेंजिंग रूम की व्यवस्था आदि की समुचित व्यवस्थायें अच्छे ढंग से कराई जाए। पब्लिक एड्रेस सिस्टम एवं खोया पाया कैंप भी लगाया जाए। आवश्यक स्थल दर्शाने वाले संकेतक भी लगाए जाएं। एप्रोच रोडों की जांच कर ली जाये कि ट्रैक्टर ट्रॉली पर अधिक यात्री सवारी अधिक न हो व वाहनों के आने जाने में कोई दिक्कत न हो। कांबड़ियों के मार्ग पर मीट आदि की दुकानें बंद रखी जायेंगी। डीएम ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के लिये अस्थायी वॉच टावर बनाकर पर्याप्त पुलिस बल तथा फायर ब्रिगेड की व्यवस्था की जाए। वाहनों के लिये पार्किंग स्थल चिन्हित कर लें। संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर लिया जाये। एडीएम राकेश कुमार पटेल, सीएमओ डा. राजीव कुमार अग्रवाल, एसडीएम सदर संजीव कुमार मौजूद सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# दुश्मनों के लिए फौलाद थे चंद्रशेखर आजाद

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



चंद्रशेखर आजाद की पुण्य तिथि पर उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करते अधिवक्ता।

- पुण्यतिथि पर अधिवक्ताओं ने शहीद चंद्रशेखर को किया याद

**अमृत विचार :** कांग्रेस विधि विभाग द्वारा वीर सपूत क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की पुण्य तिथि मनाई गई। अधिवक्ताओं ने चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर पुष्प चढ़ाए। उनके जीवन-चरित्र पर प्रकाश डाला। उन्हें महान क्रांतिकारी बताया।

कांग्रेस विधि विभाग के चेयरमैन सत्येन्द्र पाल सिहं बैस एडवोकेट ने कहा कि भारत की फिजाओं को सदा याद रहूंगा, आजाद था, आजाद हूँ, और आजाद रहूंगा। फौलाद का शरीर, मुछों पर ताव, चेहरे पर तेज और आंखों में आजादी का सपना लिये देश के वीर सपूत क्रान्तिकारी चन्द्र शेखर आजाद ने मातृभूमि के लिये आज ही के दिन 27 फरवरी 1931 में अपने प्राणों की आहुती दे दी थी। चन्द्रशेखर आजाद ने न केवल देश में आजादी की अलख जगाई बल्कि अंगेजों की जडों को हिलाकर रख दिया था। महीपाल सिंह राजपूत, केशव मिश्रा, मानिक चन्द्र गौतम, ओमप्रकाश सिंह, प्रमोद सक्सेना, अन्जुम राहत, नवल किशोर शर्मा, सुबोध कुमार यादव, सतेन्द्र कुमार जतिन मौर्य, संजीव कुमार मौर्य, प्रमोद कुमार, अफजल खॉन, दीपक सक्सैना, निर्मल कुमार, सुनील अस्वा, एस. शिवकुमार, लालू प्रसाद यादव, नरेन्द्र कुमार, मुनाज़िर रफी, मोहम्मद अयाज, उमाकान्त, रतनसिंह बघेल, राजपाल आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## कड़ी सुरक्षा के बीच हुई हाईस्कूल गणित की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- अधिकारी करते रहे भ्रमण, कहीं नहीं मिली अनुचित सामग्री

> परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल हुई। कोई अनुचित सामग्री नहीं मिली है। कड़ी निगरानी की गई है। व्यवस्थाएं चाक चौबंद हैं।
> – पीके मौर्य, डीआईओएस

**अमृत विचार:** कड़ी सुरक्षा के बीच यूपी बोर्ड की परीक्षाएं चल रही है। मंगलवार को सुबह की पाली में हाई स्कूल गणित की परीक्षा संपन्न हुई। अधिकारी भ्रमण करते रहे, हालांकि कहीं भी अनुचित सामग्री का प्रयोग होते नहीं पाया गया। डीएम ने अधीनस्थों से पल-पल अपडेट मांगा।

सुबह हाईस्कूल की परीक्षा में परीक्षा केंद्र पर पहुंचे विद्यार्थियों को केंद्र में तलाशी के बाद प्रवेश दिया गया। उसके बाद अधिकारी अपडेट लेने के लिए पहुंचते रहे। परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर अनुचित सामग्री तलाशने की कोशिश की, लेकिन कहीं भी अनुचित सामग्री नहीं मिली। सीसीटीवी कैमरा से निगरानी की। व्यवस्थित रूप से विद्यार्थी परीक्षा देते कैमरा में दिखाई दिए। डीएम सुधा वर्मा अपडेट लेती रहीं। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट गृह विज्ञान की परीक्षा संपन्न हुई। हाईस्कूल परीक्षा में 15094 परीक्षार्थियों में 13617 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। इंटरमीडिएट गृह विज्ञान में 1404 छात्राओं में 1338 छात्राएं उपस्थित रहीं।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
यह सुविधा 15 फरवरी 2024 से 29 फरवरी 2024 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन
भर्ती मरीजों की मुफ्त जाँचें
नार्मल व सिजेरियन डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में हैड सीटी 800/- में
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत फाईलेरिया की दवाई रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 1167 में मुफ्त में मिलेगी।
भर्ती मरीजों की दवाईयाँ भारी छूट पर
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. सी.ए.आर.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
*T&C Apply
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

### खेल रहे बालक को कुत्ते ने किया गंभीर घायल

**आगरा, अमृत विचार:** बाह क्षेत्र के ग्राम पंचायत संपुरा के पूरा बघेल में अरविंद अपने परिवार के साथ रहता है। सोमवार दोपहर को उसका 7 वर्षीय पुत्र कृष्णा घर के बाहर बच्चों के साथ खेल रहा था। तभी अचानक कुत्ते नेउस पर हमला कर दिया। बच्चे के चीखने की आवाज सुनकर परिजन घर से बाहर आए और लाठी डंडों से कुत्ते को भगाया। जब तक कुत्ता बालक को बुरी तरह जख्मी कर चुका था। इसके बाद घायल बालक को पास के ही सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लोगों ने बताया कि कुत्ते ने एक महिला और भैंस पर भी हमला किया था।

# नम आंखों से दी जवान को अंतिम विदाई

संवाददाता, अलीगंज



शहीद के पिता जहार सिंह को तिरंगा देते सीआरपीएफ जवान।

**अमृत विचार:** सीआरपीएफ जवान वीरपाल का पार्थिव शरीर मंगलवार को तिरंगे में लिपटा हुआ सोहन नगर टपुआ पहुंचा। वीरपाल की पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। बच्चे भी फूट फूट कर रोने लगे। पूरा गांव भावुक हो उठा।

सीआरपीएफ में 5 बटालियन में दिल्ली में तैनात वीरपाल सिंह पुत्र जहार सिंह कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उन्हें उपचार के लिए बालाजी हॉस्पिटल दिल्ली में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान वीरपाल सिंह का निधन हो गया। मंगलवार को जवान के शव को झंडे में लपेटकर उनके पैतृक गांव सोहनपुर टपुआ अलीगंज लाया गया। अलीगंज कस्बा और आस पास के गांव के लोगों की भीड़ जवान के घर पहुंची गयी। लोगों ने नम आंखों से वीरपाल को श्रद्धांजलि दी। सीआरपीएफ के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम विदाई दी।

इस दौरान वीरपाल की पत्नी शीला देवी को सीआरपीएफ इंस्पेक्टर सनोज कुमार ने 50 हजार रुपये की धनराशि दी। क्षेत्राधिकारी अलीगंज सुधांशु शेखर व उप निरीक्षक अश्विनी कुमार ने सलामी दी। पूर्व कैबिनेट मंत्री अवधपाल सिंह, लोकसभा प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य, भाजपा नेता रणजीत यादव, करण सिंह यादव, सपा विधानसभा अध्यक्ष सुभाष शाक्य सहित अन्य लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

### श्याम फाल्गुन महोत्सव एवं संकीर्तन 22 को

**जलेसर।** श्री श्याम सेवादार परिवार जलेसर के तत्वावधान में श्री श्याम चतुर्थ फागुन महोत्सव 2024 एवं भव्य विशाल मनुहार संकीर्तन का आयोजन 22 मार्च शुक्रवार 7 :30 बजे से प्रेम वाटिका में आयोजित होगा। विवेक गोयल ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक संजीव दिवाकर करेंगे। खाटू श्याम का अलौकिक सिंगर भव्य झांकियां पितृ वर्षा छप्पन भोग बज रासलीला फूलों की होली भाभी और मिलन भोग प्रसादी के साथ-साथ ठाकुर बांके बिहारी लाल जी के अद्भुत आकर्षण दर्शन होंगे। भजन प्रवाह परविंदर पलक अंकित शर्मा सचिन मनचंदा मौजूद रहेंगे।

# सक्रिय एनजीओ को संगठन से जोड़ा जाएगा



भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ की बैठक को संबोधित करते एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी एवं मौजूद अतिथि। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- एनजीओ प्रकोष्ठ की बैठक में लोकसभा चुनाव पर हुई चर्चा

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी एनजीओ प्रकोष्ठ की बैठक जिला कार्यालय पर हुई। बैठक में वक्ताओं ने एनजीओ की समाजिक क्षेत्र में भूमिका की सराहना करते हुए लोकसभा चुनाव में इनकी भूमिका पर चर्चा की। अधिक से अधिक से एनजीओ के भाजपा से जोड़ने की बात कही।

बैठक का आरंभ एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी एवं जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी द्वारा श्याम प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में एनजीओ के माध्यम से समाज में नई चेतना पैदा की जा सकती है। एनजीओ समाज सेवा के रूप में महत्पूर्ण भूमिका निभाते हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में एनजीओ महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसके लिए अभी से प्रयास किए जाए। जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी ने कहा कि जिले के सभी सक्रिय एनजीओ को भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ से जोड़ा जाएगा। इसके लिए उन्होंने जिला संयोजक कामिनी शर्मा को जिम्मेदारी दी। कामिनी शर्मा ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि अधिक से अधिक एनजीओ संगठन से जुडें और लोकसभा चुनाव में अपनी अहम भूमिका अदा करें। पूर्व पालिकाध्यक्ष राजेंद्र बौहरे, राजवीर सिंह भल्ला,बॉबी कश्यप, रविंद्र जी, कौशल साहू जी,कृष्ण कांत वशिष्ठ,संतोष कुशवाहा, सांत्वना पाराशर, ममता गुप्ता, मंजू राजपूत, मीना वर्मा, कविता गुप्ता सहित जिले से आए हुए विभिन्न एनजीओ के अध्यक्ष और सचिव मौजूद रहे।

### बच्चों के विवाद में दबंगों ने छह लोगों को पीटा

**सकीट, अमृत विचार** थाना क्षेत्र के अन्तर्गत बच्चों के विवाद में दबंगों द्वारा लाठी डंडों से घर में घुसकर दो बच्चों समेत आधा दर्जन लोगों को मारपीटकर घायल कर दिया। उन्हें उपचार के लिए मेडिकल कालेज में दाखिल कराया है।

क्षेत्र के गांव मुबारिकपुर सराय में मंगलवार को बच्चों के विवाद में कहासुनी हो गई। एक पक्ष का आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोगों द्वारा घर में घुसकर लाठी डंडों से मारपीटकर दो बच्चों से आधा दर्जन लोगों को घायल किया है। घायलों में भूरा का डेढ़ वर्षीय पुत्र ऐजाद, 10 वर्षीय बेटी शकीना, मुन्ना की पत्नी जहरा बेगम, बेटी अंजली, पुत्र राजुद्दीन शामिल है। पुलिस ने सभी को उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
सूचना
मेरा पहले नाम वसीम अहमद था अब मैंने अपना नाम वसीम सलमानी पुत्र मुस्ताक कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये। निवासी एजाज नगर गौटिया बरेली।

ANUBIS INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
MEERGANJ, BAREILLY
PRINCIPAL AND TUTORS for A.N.M, G.N.M and D.Pharm courses.
Head Office - SRCS ITI C.B. Ganj, Bareilly
Mob:.- 7351230055, 7351230066
Email - anubisinstitute@gmail.com
INTERVIEW 3 MARCH 2024

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## जेल में कैदी भी ले सकेंगे चांट का स्वाद

**आगरा, अमृत विचार:** अब जेल में सजायाफ्ता कैदी भी चांट का स्वाद ले सकेंगे। इसके लिए जेल चौपाटी की व्यवस्था की शुरुआत आगरा के जिला जेल से की गई है। मंगलवार को प्रदेश के जेल मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने आगरा जिला कारागार में जय चौपाटी का फीता काटकर उद्घाटन किया।

जेल मंत्री धर्मवीर प्रजापति के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक आगरा जिला कारागार में चौपाटी का संचालन कैदियों द्वारा ही किया जाएगा। जिन कैदियों को चांट और विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाना आते हैं उन्हें जेल में चांट बनाने के संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। इसका मुख्य उद्देश्य सजा काट रहे कैदियों को रोजगार देना है। जेल चौपाटी पर मिलने वाले खाद्य पदार्थों को कैदियों से मिलने आने वाले उनके परिजन, रिश्तेदार एवं अन्य आगंतुक भी खरीद कर खा सकेंगे। आगरा जिला कारागार के अधीक्षक हरिओम शर्मा एवं अन्य जेल अधिकारी भी मौजूद रहे।

# निर्माण कार्य में सुस्ती: शाहजहांपुर और बदायूं की एजेंसी पर रिपोर्ट दर्ज कराएं

## मंडलायुक्त ने की कार्यों की समीक्षा, नंदियों के लिए अलग से गोशालाएं बनाने के निर्देश

बरेली कार्यालय

- बरेली के डीएम को मिली बधाई शाहजहांपुर और बदायूं के अफसरों को रैंकिंग में सुधार के निर्देश दिए

**अमृत विचार:** मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने बदायूं में पीएसी के आवासीय भवनों के निर्माण और शाहजहांपुर में नगर निगम कार्यालय के निर्माण में शिथिलता बरतने पर निर्माण एजेंसियों के खिलाफ एफआईआर कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आवासीय विद्यालय को 31 मार्च तक और नंदियों के लिए अलग से गोशालाएं बनाकर उन्हें संरक्षित करने के भी निर्देश दिए।

आयुक्त सभागार में समीक्षा बैठक में मंडलायुक्त ने विकास कार्यक्रमों में बरेली जिले के पहले स्थान और पीलीभीत के चौथे स्थान पर आने पर डीएम को बधाई और शाहजहांपुर और बदायूं के अफसरों को रैंकिंग में सुधार के निर्देश दिए। अटल आवासीय विद्यालय के निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने अफसरों को मौके पर जाकर मिस्त्री और मजूदरों की संख्या को बढ़ाने और कार्यों का साप्ताहिक प्लान बनाकर इसे जल्द पूरा करने के निर्देश दिये और ऐसा नहीं करने पर एजेंसी पर कार्रवाई करने की बात कही। अपर निदेशक पशुपालन को निर्देश दिये कि निर्माणाधीन गोशालाओं का शीघ्र निर्माण कराकर निराश्रित गोवंशीय पशुओं को संरक्षित किया जाए।

मंडलायुक्त ने 50 लाख रुपये से अधिक लागत की निर्माण परियोजनाओं और सड़कों को छोड़कर नौ अनारंभ परियोजनाओं की समीक्षा में पाया कि तीन निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुके हैं और छह परियोजनाएं अवशेष हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की आचार संहिता लागू होने से पहले जो पोलिंग बूथ बने हैं उनकी एप्रोच रोड को सही कराया जाए। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए आठ नई सड़कें का काम जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य मार्ग अनुसंरक्षण सड़कों के कार्यों की क्रॉस चेकिंग कराई जाए।

बैठक में डीएम रविन्द्र कुमार, डीएम पीलीभीत संजय कुमार सिंह, डीएम बदायूं मनोज कुमार, डीएम शाहजहांपुर उमेश प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी बरेली, पीलीभीत, बदायूं व शाहजहांपुर, संयुक्त विकास आयुक्त प्रदीप कुमार, अपर निदेशक पशुपालन, उप निदेशक कृषि, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, एनएचएआई के प्रबंधक सहित अन्य मंडलीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने मुठभेड़ में तीन लुटेरे पकड़े, एक फरार

**फिरोजाबाद, अमृत विचार:** जिले की एसओजी और थाना पुलिस की टीमों ने अलग-अलग क्षेत्र में मुखबिर की सूचना पर दो जगह घेराबंदी कर मुठभेड़ के दौरान तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। यह तीनों बदमाश लूट के मामलों में वांछित चल रहे थे।

जिले की थाना खैरगढ़ और शिकोहाबाद पुलिस ने एसओजी टीम के साथ मिलकर मुस्तफाबाद पुरातन रोड पर मुठभेड़ में दो बदमाशों को दबोच लिया। एक बदमाश पैर में पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। दो बदमाश भाग गए। पुलिस के मुताबिक घायल बदमाश राजकुमार पुत्र वीरेंद्र सिंह निवासी विलासपुर थाना जसराना और दूसरा बदमाश प्रशांत पुत्र विष्णु यादव निवासी छोटी सियामऊ थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद है। दो मोटरसाइकिल एक तमंचा 315 बोर, एक कारतूस एक खोखा कारतूस और दो मोबाइल बरामद हुए हैं। वही थाना रामगढ़ पुलिस ने घेराबंदी कर बदमाश अभय धाकरे पुत्र सुनील सिंह निवासी दिहुली थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार कर लिया। वह अपने साथियों के साथ मिलकर गैंग चलता है।

# जेवीएम फार्मूला पर काम कर रही बीएसपी

संवाददाता, आगरा

लोकसभा चुनाव

- बसपा आगरा में जीत हासिल करने पर कर रही फोकस

**अमृत विचार:** आम चुनाव को लेकर राजनैतिक दल सक्रिय हो गए हैं। बहुजन समाज पार्टी ने भी लोकसभा चुनाव को लेकर सक्रियता बढ़ा दी है। इसके लिए जाटव, वाल्मीकि (जेवीएम) और मुस्लिम वोटों को लामबंद करने की तैयारी की जा रही है।

आगरा लोकसभा (सुरक्षित) सीट पर बसपा का उम्मीदवार वाल्मीकि समाज से होने के कयास लग रहे हैं। जिलाध्यक्ष विमल कुमार वर्मा का कहना है कि बीजेपी के बाद बीएसपी ही ऐसी पार्टी है जहां उम्मीदवारों की कतार है। कई दावेदारों के आवेदन आ चुके हैं जिनमें वाल्मीकि और जाटव समुदाय के लोग शामिल हैं। प्रत्याशी कौन होगा यह बसपा सुप्रीमो ही तय करेंगे। **निकाय चुनाव में दिखाई थी धमक :** नगर निकाय चुनाव में बहुजन समाज पार्टी ने वाल्मीकि वोटर्स को अपने पाले में करने के लिए महापौर के पद पर एक वाल्मीकि प्रत्याशी को उतारा था। बसपा जो कि महापौर चुनाव में 1 लाख 10 हजार वोटों में सिमट जाती थी। उसे 1 लाख 60 हजार वोट मिले। इससे बीएसपी आलाकमान को लाकसभा चुनाव में भी वाल्मीकि समाज के समर्थन की उम्मीद है। इसके साथ ही बसपा का अगला फोकस मुस्लिम मतदाताओं पर रहेगा। आगरा में सभी 9 विधानसभा सीटों पर मुस्लिम मतदाताओं की अच्छी खासी संख्या है। अगर दोनों समुदाय ने मिलकर बसपा को वोट दिया तो उसका खुद का कैडर वोट जो कि हर विधानसभा में 45 से 50 हजार और कुछ में एक लाख से अधिक है। बसपा के लिए कारगर साबित हो सकता है।

### आगरा सीट पर खास प्रभाव रखती है बीएसपी

बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने लोकसभा चुनाव अकेले दम पर लड़ने का एलान किया है। आगरा की आरक्षित सीट पर भी बसपा खास प्रभाव रहा है। 2009 के लोकसभा चुनाव में बसपा उम्मीदवार कुंवरचंद वकील ने बीजेपी के रामशंकर कठेरिया को कड़ी टक्कर दी थी। महज 9715 वोटों के अंतर से कुंवरचंद वकील की हार हुई थी। जबकि फतेहपुर सीकरी सीट पर 2009 में बसपा उम्मीदवार सीमा उपाध्याय ने जीत हासिल की थी।

## सार-संक्षेप

### स्नातक की वार्षिक परीक्षा 19 मार्च से होगी शुरू

**बरेली।** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की स्नातक की सत्र 2024 की वार्षिक परीक्षा 19 मार्च से शुरू होगी। विश्वविद्यालय जल्द ही परीक्षा कार्यक्रम जारी करेगा। इसके अलावा परास्नातक की परीक्षा का भी कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है। अभी स्नातक और परास्नातक की मुख्य परीक्षा के फार्म भरे जा रहे हैं। छात्र एक मार्च तक ऑनलाइन परीक्षा फार्म भर सकेंगे और दो मार्च तक भरे हुए फार्म महाविद्यालय में जमा करने होंगे। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने बताया कि स्नातक और व्यावासयिक पाठ्यक्रमों की मुख्य परीक्षा का कार्यक्रम तैयार कर लिया गया है। परीक्षा 19 मार्च से शुरू होंगी। परास्नातक परीक्षा का कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है।

### आगरा के नवीन जैन, रामजी लाल सुमन पहुंचे रास


नवीन जैन


रामजी लाल सुमन

**आगरा।** उत्तर प्रदेश की 10 राज्य सभा सीटों पर आज चुनाव संपन्न हुआ इस चुनाव में आगरा से दो सांसद राज्यसभा पहुंचे। पूर्व मेयर नवीन जैन को भारतीय जनता पार्टी ने राज्यसभा उम्मीदवार बनाया था। नवीन जैन को 38 वोट मिले। वहीं आगरा के रहने वाले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रामजीलाल सुमन को 40 मत प्राप्त हुए और वह भी राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए। आगरा से राज्यसभा के लिए दो सांसद चुने जाने के बाद लोगों ने खुशी जताई।

### लूट की वारदात को अंजाम देकर हरियाणा में मौज

**आगरा।** थाना हरीपर्वत पुलिस ने सात महीने पहले हुई लूट की वारदात में शामिल लुटेरे को गिरफ्तार किया है। वह लूट के माल को बेच कर ऐशो-आराम की जिंदगी जी रहा था। मंगलवार को हरीपर्वत एसीपी आदित्य ने बताया कि पुलिस ने हरियाणा के झज्जर जिले निवासी कपिल चाहर को गिरफ्तार किया। उसने सात महीने पहले हरिपर्वत क्षेत्र में बड़ी लूट की वारदात में अंजाम दिया था। पूछताछ के आधार पर पुलिस ने कपिल पर नजर रखना शुरू की। पता चला कि कपिल ने पिछले सात महीनों में नई कार, ट्रैक्टर खरीदा व कीमती आभूषण बनवाये। पुलिस को सूचना मिली थी कि कपिल लूट के माल को बेचने और खपाए गए माल का हिसाब करने आगरा आने वाला है। इस दौरान पुलिस ने कपिल को पकड़ लिया। उसके कब्जे में 2.486 ग्राम चांदी के आभूषण, एक सोने की अंगूठी और कार बरामद की। पूछताछ में कपिल ने बताया कि लूट का कुछ माल उसने हरियाणा के रोहतक में एक सुनार को बेच दिया था। 45 किलोग्राम चांदी मथुरा के एक सुनार को भी बेची थी। कपिल ने बताया कि लूट में आठ लोग शामिल थे। एसीपी आदित्य ने बताया कि लुटेरों ने 26 अगस्त, 2023 को लूट की वारदात को अंजाम दिया था। लुटेरों ने सर्राफा व्यापारियों के कीमती जेवरातों को कूरियर करने वाली अगाडिया कूरियर के कर्मचारियों को निशाना बनाया था। कर्मचारियों से लुटेरों ने 1.5 कुंतल चांदी के आभूषण और करीब आठ लाख रुपये का सोना लूट लिया था।

## रोडवेज का चालक साले व बदायूं के साथी संग गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** रोडवेज के चालक को साले और साथी संग स्मैक तस्करी में गिरफ्तार कर पुलिस ने 223 ग्राम स्मैक बरामद की है। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि सोमवार रात करीब एक बजे टीपी नगर चौकी प्रभारी सुशील जोशी टीम के साथ टांडा बैरियर के पास चेकिंग कर रहे थे। तभी एक बाइक पर सवार हल्द्वानी की ओर जा रहे तीन लोगों को रोका गया। एक ने खुद को वार्ड चार दूधियानगर रुद्रपुर ऊधमसिंहनगर निवासी चरणजीत सिंह बताया। वह रुद्रपुर-बदायूं रोडवेज बस का चालक है। उसके साथ उसका साला बरगवां रसूलरपुर बहेड़ी निवासी मनीष कुमार था। तीसरे युवक ने खुद को अंगदराय नाथपुर दातागंज बदायूं निवासी रिंकू कश्यप बताया। तलाशी के दौरान चरणजीत के पास से 107 ग्राम, मनीष कुमार की जेब से 62 ग्राम और रिंकू के पास से 54 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपियों ने बताया कि वह बरामद स्मैक दातागंज बदायूं निवासी बिट्टू से खरीदकर लाए थे।

# मार्च में तीन दिन बारिश के साथ चलेंगी तेज हवाएं

बरेली कार्यालय

- मौसम वैज्ञानिक ने एक से तीन मार्च तक का जारी किया अलर्ट
- मंगलवार सुबह बूंदाबांदी के बाद आसमान हुआ साफ

**अमृत विचार :** मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है। मंगलवार को भी अचानक सुबह मौसम बदलने से बूंदाबांदी हुई। कुछ देर तक बादल छाए रहने के बाद तेज धूप खिलने से मौसम साफ हो गया। वहीं मौसम विभाग ने एक से तीन मार्च तक बारिश और तेज हवाएं चलने का पूर्वानुमान जताया है। जिले में मंगलवार को अधिकतम तापमान 25.7 और न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जिले में करीब पांच मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के एक मार्च से प्रभावित करने की संभावना है। इसके कारण मध्य भारत के ऊपर अवस्थित प्रति चक्रवात के पूर्वी दिशा में स्थानांतरित होने से भू-भौतिकीय परिस्थितियों के प्रभाव से निचले क्षोभ मंडल में बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से आने वाली नमीयुक्त हवाओं का समागम रहेगा। इसकी वजह से कई इलाकों में रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना है और यह 3 मार्च तक जारी रहेगा। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने के साथ बादलों के गरजने और बिजली गिरने की भी संभावना है। बरेली में एक से दो मार्च के बीच कहीं-कहीं और दो से तीन मार्च को अधिक स्थानों पर बारिश की संभावना है। उन्होंने बताया कि एक मार्च के बाद बादलों की आवाजाही एवं बारिश के कारण अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री की बढ़ोत्तरी और न्यूनतम तापमान में गिरावट होने की संभावना है। इसके बाद अधिकतम तापमान में गिरावट और न्यूनतम में बढ़ोत्तरी होगी।

# परीक्षा देने भेजा था...क्या पता था घर ही नहीं लौटेंगे

शाहजहांपुर कार्यालय

- कांट रोड पर हुए हादसे में चारों छात्र-छात्राओं के शव गांव पहुंचते ही मची चीत्कार, होश खो बैठे परिजन


खाई में गिरी कार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कांट रोड पर जरावन गांव के सामने हादसे में मरे हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम के बाद सभी शव वाहन से गांव में पहुचे। शवों के पहुंचते ही गांव में चीत्कार मच गई। गांव में मातमी का सन्नाटा पसर गया।

मृतक छात्र-छात्राओं के घरों पर लोगों की भीड़ लग गई। हर एक की जुबान से निकल रहा था कि बहुत बुरा हुआ है। कांट थाना क्षेत्र के बरेंडा गांव की मोहनी उर्फ मुस्कान, अनुराग, गांव नगला जाजू के अनुरूप व गांव हरीपुर की प्रतिष्ठा की मौत हो गई थी। जबकि बरेंडा गांव की ज्योति, अवनीश, विपिन, मोहन गुप्ता, रविकांत, ध्रुव घायल हो गए थे। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सभी परीक्षार्थी कक्षा दस की परीक्षा दे रहे थे। इन परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र जैतीपुर में एक स्कूल में था। सभी परीक्षार्थियों ने रात भर गणित की परीक्षा की तैयारी की। सुबह साढ़े छह बजे बच्चे स्कूल में उपस्थित हुए और चालक मुलायम सभी परीक्षार्थियों को ईको कार में लेकर जैतीपुर परीक्षा केंद के लिए चल दिया।

हादसे के बाद पुलिस ने सारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद चारों के शवों का पोस्टमार्टम कराया। मृतक मोहनी, अनुराग के शव बरेंडा गांव, अनुरूप का शव गांव नगला जाजू, प्रतिष्ठा का शव गांव हरीपुर पहुंचा। शव पहुंचते ही परिवार में रोना पीटना मच गया। गांव वालों की भीड़ लग गयी और हर एक की आंखें नम थी।

# शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराने पर रामवीर सिंह का किया सम्मान

संवाददाता, एटा


शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराने पर रामवीर सिंह को सम्मानित करते डीएम प्रेम रंजन सिंह।

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह की स्वेच्छा से शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराने की पहल का असर देखने का मिल रहा है। मंगलवार को कोतवाली नगर क्षेत्र के शांतीनगर निवासी रामवीर सिंह यादव पुत्र सोनीराम यादव ने अपने शस्त्र को स्वेच्छा से निरस्त कराया।

जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने कलक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में रामवीर सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जनपद में अब तक कुल 4 व्यक्तियों द्वारा अपने 5 शस्त्र लाइसैंस स्वेच्छा से निरस्त कराये गए हैं, सभी के नाम जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में बोर्ड पर अंकित किए गए हैं। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व आयुष चैधरी, एएसडीएम वेद प्रिर्य आर्य सहित अन्य अधिकारीगण, रामवीर सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

बताते चलें कि जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने जनपद में सितम्बर माह में कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त स्वेच्छा से शस्त्र लाइसैंस निरस्त कराने की पहल शुरू की। जिलाधिकारी की अपील पर जनपद के ऐसे शस्त्र लाईसेंसधारक जो अपने शस्त्र का प्रयोग नहीं करते हैं या जिनके शस्त्र लाईसेंस बनने के उपरान्त घरों में अनावश्यक रखे रहते हैं, वे अपना शस्त्र स्वेच्छा से निरस्त करा सकते हैं।

## आशीष एवं आरती ने जीती 200 मीटर दौड़

**जलेसर, अमृत विचार:** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जलेसर में 40वे वार्षिक क्रीड़ा समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश प्रकाश का महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विभा ने पुष्पगुच्छ तथा डॉ. विजय सिंह चौधरी ने शाल ओढ़ाकर स्वागत एवं सम्मान किया।

200 मीटर बालक वर्ग में प्रथम स्थान आशीष, बालिका वर्ग में प्रथम स्थान आरती यादव ने प्राप्त किया। 800 मीटर में बालिका वर्ग में प्रथम स्थान कृष्णा राजपूत, बालक वर्ग में प्रथम स्थान अंकुश ने प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग की ऊंचीकूद में कीर्ति यादव, बालक वर्ग में महेंद्र प्रताप, लंबीकूद में बालिका वर्ग में कृष्णा राजपूत वहीं बालक वर्ग में प्रदीप तथा जैवलिन थ्रो में बालिका वर्ग में कीर्ति यादव, बालक वर्ग में सुमित कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।


# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी मोहम्मदी-खीरी

पत्रांक: 2682/आंकिक/पंचम/पंद्रहवां वित्त आयोग

## अल्पकालिक निविदा सूचना

दिनांक: 22 फरवरी 2024

महामहिम राज्यपाल महोदय उ.प्र. की ओर से खण्ड विकास अधिकारी मोहम्मदी खीरी हेतु पंचम राज्य वित्त आयोग एवं पंद्रहवां केन्द्रीय वित्त आयोग टाईड / अनटाइड योजना के अन्तर्गत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2023-2024 में कराये जाने वाले निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु पी.डब्लू.डी. की दरों पर पंजीकृत स्थानीय एवं प्रतिष्ठित स्थानीय एवं प्रतिष्ठित ठेकेदारों/ फर्मो से प्रतिशत दरों में अधोलिखित कार्यो हेतु जिनका आयकर वाणिज्यकर विभाग में पंजीकरण हो से मोहरबन्द निविदा दिनांक 22.02.2024 को अपराहन 12:00 बजे से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | योजना का नाम | कार्य का नाम | कार्य की आगणन | सिक्योरिटी 2% | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (अनटाईड) | ग्राम पंचायत खजुहा में केहुआ रोड से संजय गांधी इण्टर कॉलेज तक इन्टरलॉक निर्माण कार्य ल. 107 मी. | 631000.00 | 12620.00 | 855.00 | 03 माह |
| 02. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (अनटाईड) | ग्राम पंचायत देवलरिया में इटौआ रोड से बद्रीप्रसाद के घर तक इण्टरलॉक निर्माण कार्य, ल. 100 मी.। | 689000.00 | 13780.00 | 855.00 | 03 माह |
| 03. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (अनटाईड) | ग्राम पंचायत अकबराबाद में मुईज के मकान से खालिद के मकान तक इन्टरलॉक निर्माण कार्य, ल. 120 मी.। | 476000.00 | 9520.00 | 855.00 | 03 माह |
| 04. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (अनटाईड) | ग्राम पंचायत इस्लामाबाद में बरबर रोड से राधा स्वामी सत्संग स्थल तक इण्टरलॉक निर्माण कार्य ल. 100 मी. | 667000.00 | 13340.00 | 855.00 | 03 माह |
| 05. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (अनटाईड) | ग्राम पंचायत बहादुरनगर में रोड से डिग्री कॉलेज तक इ. निर्माण ल. 42 मी. | 320000.00 | 6400.00 | 855.00 | 03 माह |
| 06. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (अनटाईड) | ग्राम पंचायत बगरेठी में सतेन्द्र के मकान से अनंगपाल के मकान तक इन्टरलॉक निर्माण कार्य, ल. 28 मी.। | 126000.00 | 2520.00 | 855.00 | 03 माह |
| 07. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (अनटाईड) | ग्राम पंचायत सहदेवा में शाहजहांपुर रोड से प्रिन्स शर्मा के मकान तक इन्टरलॉक निर्माण, ल. 17 मी.। | 168000.00 | 3360.00 | 855.00 | 03 माह |
| 08. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (अनटाईड) | ग्राम पंचायत रछेलाव जिंदपुर में रज्जन के मकान से राकेश के मकान तक इन्टरलॉक निर्माण कार्य, ल. 75 मी. | 339000.00 | 6780.00 | 855.00 | 03 माह |
| 09. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (अनटाईड) | ग्राम पंचायत मझिगवां में पक्की रोड से मुनेश के मकान तक इन्टरलॉक निर्माण कार्य, ल. 40 मी. | 213000.00 | 4260.00 | 855.00 | 03 माह |
| 10. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (अनटाईड) | ग्राम पंचायत फिरोजपुर में सुरेन्द्र के खेत से सूर्यनाथ के खेत तक इण्टरलॉक कार्य, ल. 120 मी. | 718000.00 | 14360.00 | 855.00 | 03 माह |
| 11. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (अनटाईड) | ग्राम पंचायत सर्वामपुर में मेन रोड से मंगरे के मकान तक इन्टरलॉक निर्माण कार्य, ल. 120 मी. | 709000.00 | 14180.00 | 855.00 | 03 माह |
| 12. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (अनटाईड) | ग्राम पंचायत शाहपुर राजा में मेन इण्टरलॉक मार्ग से चन्द्रशेखर शुक्ला के मकान तक इण्टरलॉक कार्य, ल. 50 मी.। | 302000.00 | 6040.00 | 855.00 | 03 माह |
| 13. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (अनटाईड) | ग्राम पंचायत गुरेला से डागर रोड से रामऔतार के मकान तक इन्टरलॉक निर्माण कार्य, ल. 25 मी.। | 175000.00 | 3500.00 | 855.00 | 03 माह |
| 14. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (अनटाईड) | ग्राम मन्नापुर मूडागालिब में रामऔतार के मकान से सुनील के मकान तक इन्टरलॉक निर्माण कार्य, ल. 70 मी.। | 281000.00 | 5620.00 | 855.00 | 03 माह |
| 15. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (अनटाईड) | ग्राम पंचायत साहबगंज ग्रन्ट के मजरा दिस्तापुर में राकेश कश्यप के मकान से पुत्तूलाल के मकान तक इन्टरलॉक निर्माण कार्य, ल. 70 मी.। | 287000.00 | 5740.00 | 855.00 | 03 माह |
| 16. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (अनटाईड) | ग्राम पंचायत उभरपुर में पक्की रोड से सतनाम के मकान तक इन्टरलॉक निर्माण कार्य, ल. 33 मी.। | 203000.00 | 4060.00 | 855.00 | 03 माह |
| 17. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (अनटाईड) | ग्राम पंचायत नकेड़ा में रोड से नन्हे शाह के मकान तक इण्टरलॉक निर्माण कार्य ल. 55 मी.। | 294000.00 | 5880.00 | 855.00 | 03 माह |
| 18. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (अनटाईड) | ग्राम पंचायत बडखर में बरबर रोड से हरदेव राजा के स्थान तक इन्टरलॉक निर्माण कार्य, ल. 100 मी. | 607000.00 | 12140.00 | 855.00 | 03 माह |
| 19. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (अनटाईड) | ग्राम पं. मुडिया के दयानतपुर में मोहम्मदी गोला रोड से सावा सिंह के झाले तक इन्टरलॉक निर्माण कार्य, ल. 95 मी. | 577000.00 | 11540.00 | 855.00 | 03 माह |
| 20. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (अनटाईड) | ग्राम पंचायत साहबगंज ग्रन्ट के मजरा शिवपुरी में सन्तराम के मकान से धर्मपाल के मकान तक इन्टरलॉक निर्माण कार्य ल. 100 मी.। | 433000.00 | 8660.00 | 855.00 | 03 माह |
| 21. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (अनटाईड) | ग्राम पंचायत बजरिया में पेन्ट रोड से पूरन सिंह के झाले तक इन्टरलॉक निर्माण कार्य ल. 100 मी.। | 648000.00 | 12960.00 | 855.00 | 03 माह |
| 22. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत नकेड़ा में रोड से नन्हेशाह के मकान तक दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य, ल. 55 मी.। | 183000.00 | 3660.00 | 855.00 | 03 माह |
| 23. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत बगरेटी में सतेन्द्र के मकान से अनगपाल के मकान तक नाली निर्माण कार्य, ल. 28 मी.। | 81000.00 | 1620.00 | 855.00 | 03 माह |
| 24. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम मन्नापुर मूड़ागालिब में रामऔतार के मकान से सुनील के मकान तक दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य ल. 2X70 मी. | 572000.00 | 11440.00 | 855.00 | 03 माह |
| 25. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत साहबगंज ग्रन्ट के शिवपुरी में सन्तराम के मकान से धर्मपाल के मकान तक दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य, ल. 2X75 मी. | 325000.00 | 6500.00 | 855.00 | 03 माह |
| 26. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत साहबगंज ग्रन्ट के दिस्तापुर में राकेश कश्यप के मकान से पुत्तूलाल के मकान तक दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य, लं. 2X70 मी. | 294000.00 | 5880.00 | 855.00 | 03 माह |
| 27. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम मझिगवां में पक्की रोड से मुनेश के मकान तक दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य, ल. 40 मी. | 108000.00 | 2160.00 | 855.00 | 03 माह |
| 28. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम अकबराबाद में मुईज के मकान से खालिद के मकान तक दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य, ल. 2X120 | 468600.00 | 9372.00 | 855.00 | 03 माह |

नियम व शर्ते:-

1. निविदाफार्म व उससे सम्बन्धित निर्देश क्रय किये जाने हेतु खण्ड विकास अधिकारी मोहम्मदी के कार्यालय में दिनांक 22.02.2024 से 07.03.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे तक 855.00 रू. नकद धनराशि श्री वीरेन्द्र कुमार कैशियर/ भण्डार लिपिक के पास जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं।
2. निविदा प्रपत्र भरकर उसके साथ धरोहर की धनराशि मूल्य 2 प्रतिशत राष्ट्रीय बैंक का एफ.डी.आर./एन.एस.सी. खण्ड विकास अधिकारी मोहम्मदी के पक्ष में समस्त अभिलेख मोहर बन्द लिफाफें में निविदा प्रत्र के साथ संलग्न कर दिनांक 07.03.2024 तक अपराहन 12:00 तक खण्ड विकास अधिकारी मोहम्मदी के कार्यालय में सीलबन्द टेण्डर बॉक्स में डाले जायेंगे / डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते हैं, निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. कार्यआदेश निर्गत की तिथि से कार्यपूर्ण करने की अवधि 03 माह निर्धारित की जाती है।
4. धनराशि की उपलब्धता के आधार पर ही कार्य एवं भुगतान किया जायेगा।
5. प्राप्त टेण्डर को खण्ड विकास अधिकारी मोहम्मदी खीरी के द्वारा गठित समिति के समक्ष 07.03.2024 को समय अपरान्ह 02:00 बजे सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
6. भुगतान हेतु प्राप्त बिलों पर नियमानुसार 2 प्रतिशत आयकर, 2 प्रतिशत जी.एस.टी. 1 प्रतिशत लेवर सेस 8 प्रतिशत जमानत तथा रायल्टी की कटौती करने के बाद 16 प्रतिशत जी.एस.टी. बिल की धनराशि के साथ भुगतान की जायेगी।
7. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कोई मूल्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
8. किसी भी एक निविदा को स्वीकार्य करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
9. किसी भी विवाद की दशा में जनपद न्यायालय खीरी ही मान्य होगा।
10. निविदा भरते समय निविदा की दरें अंकों के साथ-साथ शब्दों में भी उल्लेखित की जाये।
11. निविदा प्रपत्र के साथ सीलबन्द लिफाफे में 10 रूपये के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र फर्म रजिस्ट्रेशन, आयकर, जी.एस.टी. तथा जमानत धनराशि का एफ.डी.आर. एवं आयकर रिटर्न की प्रति जिस पर ठेकेदार / फर्म स्वामी के हस्ताक्षर हो साथ में संलग्न किया जाये।

**अश्वनी कुमार सिंह**
**खण्ड विकास अधिकारी, मोहम्मदी-खीरी**

# दस वर्षों के विकास को दुनिया ने स्वीकारा : शाह

## केंद्रीय गृह मंत्री बोले- अगर भाजपा सरकार फिर आती है तो दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा भारत

गांधीनगर, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में हुए विकास को दुनिया ने स्वीकारा है। शाह ने कहा कि अगर मोदी एक बार फिर से सत्ता में आते हैं तो भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने गुजरात में अपने निर्वाचन क्षेत्र गांधीनगर में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

शाह ने इस अवसर पर कहा, कई क्षेत्रों में नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए विकास कार्यों को दुनिया ने स्वीकार किया है। देश की सुरक्षा, नई शिक्षा नीति, मातृ भाषा को महत्व और गांव और शहर के विकास में मोदी सरकार ने नए आयाम हासिल किए हैं। उन्होंने 2014 से मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को भी गिनाया। शाह ने कहा, देश की करोड़ों माताओं-बहनों के घर से धुंए को दूर कर उन्हें उज्ज्वला कनेक्शन देना, 11 करोड़ परिवारों को शौचालय, 14 करोड़ परिवारों को शुद्ध पीने का पानी, 60 करोड़ लोगों को हर महीने प्रति व्यक्ति पांच किलो मुफ्त अनाज, 60 करोड़ लोगों के पांच लाख रुपए तक के स्वास्थ्य उपचार का खर्चा उठाने और तीन करोड़ लोगो को उनका घर देने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने इन 10 वर्षों में पूरा किया है। उन्होंने कहा, मोदी देश की अर्थव्यवस्था को 11वें से पांचवें स्थान पर ले आए हैं और अगर वह एक बार फिर निर्वाचित होते हैं तो देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की गारंटी उनकी है।


अमित शाह ने गांधीनगर के कपिलेश्वर महादेव मंदिर में की पूजा-अर्चना। ● एजेंसी

### हिप्र राज्यसभा चुनाव परिणाम पर शाह बोले- कांग्रेस को पता ही नहीं है कि कहां जा रहे हैं उसके विधायक

नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के कुछ घंटे बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि विपक्षी पार्टी बिखर रही है और उसे पता नहीं है कि उसके विधायक कहां जा रहे हैं और किसके लिए मतदान कर रहे हैं। कांग्रेस शासित हिमाचल प्रदेश में आज कुछ पार्टी विधायकों के 'क्रॉस-वोटिंग' करने के कारण कांग्रेस प्रत्याशी अभिषेक मनु सिंघवी को हार का सामना करना पड़ा तथा भाजपा के हर्ष महाजन जीत गए। उन्होंने इन धारणाओं को खारिज कर दिया कि भाजपा उम्मीदवार को जिताने के लिए विशेष रणनीति बनाई गई थी। शाह ने 'न्यूज9 ग्लोबल समिट' में एक कार्यक्रम में कहा, कांग्रेस बिखर रही है। पूरा गठबंधन बिखर रहा है। वे अपने लोगों को नहीं संभाल सकते। वे अपने लोगों का सही से ख्याल नहीं रख रहे और परिणामस्वरूप बिखर रहे हैं। कांग्रेस विधायकों को अगवा किया जाने के हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के आरोपों पर गृह मंत्री ने पूछा कि विधानसभा परिसर में चुनाव हुआ तो यह कैसे संभव है। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव के लिए मतदान कैमरों की निगरानी में हुआ।

## मैतेई समूह ने पुलिस अधिकारी को किया अगवा

इंफाल। मणिपुर में मैतेई कार्यकर्ताओं के संगठन अरामबाई तेंगगोल ने मंगलवार शाम एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) का अपहरण कर लिया, हालांकि अधिकारी को कुछ ही घंटों के अंदर मुक्त करा लिया गया।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मणिपुर पुलिस के अभियान प्रकोष्ठ में पदस्थ एएसपी अमित कुमार को अरामबाई तेंगगोल सदस्यों के एक समूह ने वांगखेई में उनके आवास से अगवा कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि अपहरणकर्ता गोलीबारी करते हुए वहां पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि मणिपुर पुलिस ने तुरंत अपने कर्मियों को एकत्र कर बचाव अभियान शुरू किया और कुछ ही घंटों के भीतर अधिकारी को मुक्त करा लिया।

## मुंबई में छोटा राजन गिरोह का एक सदस्य गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई पुलिस ने वर्ली से छोटा राजन गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है और उसके पास से एक देसी पिस्तौल और कारतूस बरामद किये हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान श्याम तांबे उर्फ सेवियो रॉड्रिग्स (42) के रूप में हुई है, जिसे सोमवार को गिरफ्तार किया गया।

अधिकारी ने कहा, मुंबई पुलिस की अपराध शाखा को विशेष सूचना मिली थी कि तांबे मध्य मुंबई में वर्ली के जीजामाता नगर इलाके में आ रहा है। सूचना के अनुसार जाल बिछाया गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि उसके पास से एक देसी पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद किये गये।

उन्होंने कहा, वर्ली पुलिस थाने में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया और आरोपी को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारी ने बताया कि तांबे छोटा राजन गिरोह का सक्रिय सदस्य था और उस पर मुंबई के विभिन्न पुलिस थानों में हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती, चोरी और शस्त्र अधिनियम सहित कई मामले दर्ज थे।

**पेड़ों की नीलामी / बिक्री सूचना**

वन विभाग के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि प्रा. वि. रत्तासराय वि.खं. लखीमपुर जिला खीरी के प्रांगण में खड़े यूकेलिप्टस के दो बड़हल सूखा एक पेड़ की नीलामी दिनांक 05.03.2024 को होगी। पंजीकृत ठेकेदार नियम शर्तों के अनुसार नीलामी में हिस्सा ले सकते हैं। नीलामी स्थल प्रा.वि. रत्तासराय ब्लाक लखीमपुर जनपद खीरी।

इ.प्र.
प्रा.वि. रत्तासराय
ब्लाक लखीमपुर, जनपद खीरी

# असम में विधानसभा चुनाव से पहले केवल मुस्लिम विधायक ही कांग्रेस में रहेंगे : हिमंत

गुवाहाटी, एजेंसी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को दावा किया कि राज्य में 2026 विधानसभा चुनाव आने तक कांग्रेस में केवल मुस्लिम विधायक ही बचे रहेंगे। शर्मा ने विश्वनाथ जिले के गोहपुर में एक कार्यक्रम से इतर कहा कि रकीबुल हुसैन, रकीबुद्दीन अहमद, जाकिर हुसैन सिकदर, नुरुल हुदा और कुछ अन्य कांग्रेस विधायक ही पार्टी में बने रहेंगे।

यह पूछे जाने पर कि क्या हाल ही में कार्यकारी अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने वाले कांग्रेस नेता राणा गोस्वामी भाजपा में शामिल हो रहे हैं, मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह कांग्रेस के ताकतवर नेता हैं और अगर वह भाजपा में शामिल होते हैं तो मैं इसका स्वागत करूंगा। इससे पहले दिन में, कांग्रेस की असम प्रदेश इकाई के प्रमुख भूपेन बोरा ने दावा किया कि मुख्यमंत्री हिमंत विश्व



शर्मा का मेरे और मेरे परिवार के प्रति जिस प्रकार का कटु व्यवहार है, उससे यह स्पष्ट होता है कि वह मुझसे डरते हैं। बोरा ने दावा किया कि सरकारी कर्मचारी के रूप में कार्यरत उनके भाई और भाभी का तबादला राज्य के अलग-अलग कोनों में कर दिया गया।

प्रदेश प्रमुख ने कहा कि जनवरी में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान हमले के बाद उन्होंने सुरक्षा बढ़ाने का अनुरोध किया था लेकिन अभी तक इस बावत कोई कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जिन लोगों ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान उन पर हमला किया था वे अभी खुले घूम रहे हैं। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, एक ऐसा राज्य, जहां असहमति पर कविता लिखने या फिर आलोचना भरा ट्वीट करने पर आपकी गिरफ्तारी हो सकती है वहां हमलावर बिना किसी परवाह के खुलेआम घूम रहे हैं।

उन्होंने कहा, बेसब्री डर का एक संकेत है। मैं इस बात से वाकिफ हूं कि असम में अगर कोई व्यक्ति ऐसा है, जिससे हिमंत विश्व वाकई में डरते हैं तो वह मैं हूं। क्यों? क्योंकि उनका मेरे और मेरे परिवार के प्रति कटुता भरा व्यवहार उनका डर दिखाता है। उन्हें (हिमंत) प्रशंसक नहीं गुलाम पसंद हैं। बोरा के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए राज्य जल संसाधन मंत्री पीयूष हजारिका ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों का तबादला राज्य में कहीं भी हो सकता है। हजारिका ने बोरा के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, कांग्रेस के एक बड़े नेता के रिश्तेदार के साथ ऐसा हुआ इसका ये मतलब नहीं है कि उन्हें विशेष तवज्जो दी जाएगी।

## बिना चालक के पटरी पर 75 किमी तक मालगाड़ी के दौड़ने का मामला

# ...तो चालक और स्टेशन मास्टर की लापरवाही पड़ जाती भारी

नई दिल्ली, एजेंसी

रेलवे के जम्मू तवी-पठानकोट खंड में कठुआ (जम्मू) से ऊंची बस्सी स्टेशन (पंजाब) के बीच करीब 75 किलोमीटर तक एक मालगाड़ी के बिना चालक के पटरी पर दौड़ने की घटना की प्राथमिक जांच से यह पता चला है कि लोको-पायलट (चालक) और स्टेशन मास्टर, दोनों ही अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में नाकाम रहे।

रेलवे के एक आधिकारिक पत्राचार के अनुसार, चालक रहित ट्रेन 70 से 75 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ी। इसने आठ से नौ स्टेशन पार किए और 75 किमी की दूरी तय की, जिसके बाद इसे पटरी पर रेत और लकड़ी के 'ब्लॉक' जैसे अवरोधक डालकर ऊंची बस्सी में रोका गया। रेलवे के पांच वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षरित संयुक्त जांच रिपोर्ट में, घटना में शामिल विभिन्न व्यक्तियों के बयान दर्ज किए गए हैं और घटनाक्रम के बारे में



विस्तार से बताया गया है जो चालक और कठुआ के स्टेशन मास्टर द्वारा कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही बरते जाने की ओर इशारा करता है।

रिपोर्ट के अनुसार, लोको-पायलट ने दलील दी है कि मालगाड़ी के इंजन और तीन डिब्बे को स्थिर रखने के लिए 'हैंड ब्रेक' लगाने के अलावा उन्होंने पहिये के आगे लकड़ी के दो टुकड़े भी लगाये थे ताकि ट्रेन वहीं रूकी रहे। जब मालगाड़ी को ऊंची बस्सी में स्टेशन मास्टर ने रोका और मुआयना किया, जिसकी वीडियो रिकॉर्डिंग की गई, यह पाया गया कि डिब्बों की 'हैंड ब्रेक' लगी हुई स्थिति में नहीं थी। इसमें यह भी उल्लेख किया गया है कि ड्यूटी पर मौजूद कठुआ के स्टेशन मास्टर ने सुबह छह बजकर पांच मिनट से सात बजकर 10 मिनट के बीच मालगाड़ी को उपयुक्त रूप से स्थिर नहीं रखा।

यह एक संभागीय सामग्री ट्रेन (डीएमटी) थी, जिसका उपयोग निर्माण सामग्री की ढुलाई करने और अन्य उद्देश्यों के लिए किया जाता है। यह कठुआ जंक्शन पर खड़ी थी और इसमें 53 डिब्बे थे तथा इसमें 'ब्रेक वैन (गार्ड का डिब्बा) नहीं था। चालक ने इंजन की चाभी सुबह करीब छह बजे स्टेशन मास्टर को सौंप दी और जम्मू रवाना हो गए। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रेन ढलान पर आगे बढ़ना शुरू करने से पहले, सुबह छह बजे से सुबह सात बजकर 10 मिनट तक बगैर चालक के रही। संपर्क किये जाने पर उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधरी ने कहा कि इस वक्त मैं, अधिकारियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के बारे में कोई बयान नहीं दे सकता क्योंकि आगे की जांच जारी है।

# केंद्र सरकार देश के भविष्य की शत्रु बन गई है: राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश में पेपर लीक के मुद्दे को लेकर मंगलवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार देश के भविष्य की दुश्मन बन गई है। उत्तर प्रदेश सरकार ने विभिन्न जिलों में 17 और 18 फरवरी को हुई पुलिस भर्ती परीक्षा को निरस्त कर दिया है और छह माह के भीतर पुनः परीक्षा कराने के आदेश दिये हैं। मुख्यमंत्री योगी ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा बीते 11 फरवरी को आयोजित की गई समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) परीक्षा-2023 से जुड़ी शिकायतों की भी जांच कराने का निर्णय लिया है।

राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मोदी सरकार 'देश के भविष्य' की दुश्मन बन गई है! कहीं भर्ती के लिए तरसते छात्र, कहीं पेपर लीक से हताश छात्र, कहीं नियुक्ति के लिए कोर्ट का चक्कर काटते छात्र, तो कहीं आवाज़ उठाने पर लाठियों की मार सहते छात्र। उन्होंने दावा किया कि समीक्षा अधिकारी से लेकर पुलिस भर्ती तक और रेलवे से लेकर सेना तक एक भी परीक्षा न्यायपूर्ण ढंग से करा पाने में नाकाम भाजपा सरकार अपना गुस्सा युवाओं पर निकाल रही है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया, नौकरी पैदा करने वाले संस्थान अपने मित्रों को बेच कर युवाओं को ठेके पर रखना, मोदी की नीति है और शोषण मोदी की गारंटी। इस अपराध के लिए इतिहास नरेन्द्र मोदी को कभी माफ नहीं करेगा।

**सम्मन बगरज इनफिसाल मुकदमा**
**(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जब्ता दीवानी सन् 1908)**

नम्बर मुकदमा...... सन्..... जिलाअदालत उपजिलाधिकारी न्यायिक मुकाम मोहम्मदी मुद्दई बनाम मुद्दालेह अशोक कुमार आदि बनाम सैय्यद शारिक अली आदि

सैय्यद शारिक अली पुत्र राजा सैय्यद सहादत अली निवासी 13, जापलिंग रोड लखनऊ वारिदहाल 2 गोमती इन्क्लेव निकट पुराना पुलिस महानिदेशक कार्यालय हजरतगंज, लखनऊ

पेशी दिनांक 06 मार्च 2024

वजेह हो कि वादीगण ने आपके नाम एक नालिश बावत दावा स्वामित्व प्रस्थापन की लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख ... माह .. ..सन् ई. बमुकाम असांलतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से वाकिफ किया गया हो और छुक अमूर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सके हाजिर हुजिये और जवाबदेही दावा की कीजिए और हम माह वही तारीख जो आपको हाजिरी के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा के तजवाज के लिये हुई है पर आपको सूचित हो कि गवाही की जिनकी शहादत में जुमला दस्तावेजों जिस पर बताइद अपनी देही के इस्तदलाल करना चाहते हो उस रोज पेश कीजिए।

और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होते तो मुकदमा बगैर हाजिर मसमूअ और फैसला होगा।

मेरे दस्तखत और मोहर अदालत से आज बतारीख माह सन् 20 ई. जारी किया गया।

उपजिलाधिकारी, न्यायालय न्यायिक मोहम्मदी

**कार्यालय सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, बरेली सम्भाग, बरेली।**

पत्रांक : 3036/स्वी. अनु./गे.ख./परिवहन-ई-निविदा/2024-25 दिनांक : 26.02.2024

**अल्पकालीन ई-टेण्डर नोटिस**

इस कार्यालय के पत्रांक 2827/स्वी. अनु./गे.ख./परिवहन-ई-निविदा/2024-25 दिनांक 01.02.2024 के द्वारा कार्यालय आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उ.प्र., जवाहर भवन, लखनऊ, के पत्रांक 6360/अ.आ.वि./र.वि.व.-06/2024-25 दिनांक 26.12.2023, शासनादेश सं.-483/29-5-2023 (E. 1761570) दिनांक 26.12.2023, अपर आयुक्त (विपणन), खाद्य तथा रसद विभाग, उ.प्र. जवाहर भवन लखनऊ के पत्रांक 3773/अ.वि.श./है.परि./परि. दर/359/2022 दिनांक 25.07.2023 के साथ संलग्न राज्य स्तरीय कमेटी (एस.एल.सी.) की दिनांक 10.07.2023 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त, अपर आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उ.प्र., जवाहर भवन, लखनऊ के कार्यालय पत्रांक 4072/आ.वि.श./ है.परि./ परि.दर/359/2022 दिनांक 11.08.2023 के साथ संलग्न राज्य स्तरीय कमेटी (एस.एल.सी.) की संशोधन हेतु बैठक के कार्यवृत्त दिनांक 11.08.2023 के आलोक में बरेली सम्भाग में रबी विपणन वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत बरेली सम्भाग के जनपद बरेली, बदायूँ, पीलीभीत एवं शाहजहाँपुर के जिलाधिकारी द्वारा स्वीकृत नवीन गेहूँ क्रय केन्द्रों पर परिवहन कार्य हेतु रबी विपणन वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा नामित समस्त क्रय एजेन्सियों के गेहूँ क्रय केन्द्रों से निर्धारित/सम्बद्ध भारतीय खाद्य निगम डिपो तक परिवहन कार्य हेतु एस.एल.सी. द्वारा अनुमोदित शेड्यूल दर के सापेक्ष ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ई-निविदायें आंमत्रित की गयी थी। उक्त ई-टेण्डर के उपरांत मण्डल में विज्ञापित केन्द्रों पर विचारणीय निविदा न प्राप्त होने वाले अवशेष केन्द्रों एवं जिलाधिकारी बरेली, बदायूँ, पीलीभीत, शाहजहाँपुर द्वारा स्वीकृत/प्रस्तावित नवीन गेहूँ क्रय केन्द्रों पर संलग्न सूची (सूची सं. 01) के अनुसार समस्त क्रय संस्थाओं के गेहूँ परिवहन कार्य हेतु जनपद बरेली में 34, जनपद बदायूँ में 83 जनपद शाहजहाँपुर में 42 एवं जनपद पीलीभीत में 43 कुल 202 गेहूँ क्रय केन्द्रों पर पुनः ई-टेण्डर आंमत्रित किये जाते हैं। उसी प्रकार संलग्न सूची (सूची सं. 02) के अनुसार जनपद पीलीभीत के खाद्य विभाग के 01 नवीन स्वीकृत गेहूँ क्रय केन्द्र पर हैण्डलिंग कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। गेहूँ परिवहन कार्य हेतु निविदायें पृथक-पृथक केन्द्रवार प्राप्त की जायेगी। (भविष्य में क्रय केन्द्रों की संख्या घट-बढ़ भी सकती है तथा भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर क्रय केन्द्रों पर नियुक्त परिवहन ठेकेदार से अन्य क्रय केन्द्र पर भी गेहूँ परिवहन का कार्य लिया जा सकेगा।

गेहूँ परिवहन कार्य हेतु निर्धारित निविदा प्रपत्र मूल्य, धरोहर धनराशि निविदा विशिष्टीकरण निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी http://etender-up-nic-in से डाउनलोड की जा सकती है। परिवहन कार्य हेतु निविदा प्रपत्र शुल्क 500+90 (जी.एस.टी.) = 590/- तथा प्रत्येक निविदा के साथ परिवहन कार्य के लिये धरोहर धनराशि रु. 15,000/- एंव हैण्डलिंग कार्य हेतु निविदा प्रपत्र शुल्क 250+45 (जी.एस.टी.) = 295/- तथा प्रत्येक निविदा के साथ हैण्डलिंग कार्य के लिये धरोहर धनराशि रु. 5000/- जो सम्भागीय वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी (खाद्य), बरेली के पदनाम से खाता संख्या 0232104000190848 आई.एफ.एस.सी. कोड IBKL0000232 आई.डी.बी.आई. बैंक सिविल लाइन्स बरेली में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. से जमा किया जायेगा। प्रत्येक निविदा के साथ निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि के रिसीट/यू.टी.आर. की "स्कैन्ड कापी" ऑनलाइन निविदा प्रपत्र के साथ निविदादाता द्वारा अपलोड की जायेगी।

निविदा प्रपत्र ऑनलाइन वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 04.03.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। टेक्निकल बिड दिनांक 04.03.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तदर्थ गठित ई-निविदा समिति के द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल विड के प्रपत्रों की जाँचोपरान्त इसमें अहर्य निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदा पर विचार किया जायेगा तदोपरांत वित्तीय निविदा, निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, बरेली के पास सुरक्षित होगा।

निविदा की शर्त में परिवर्तन तथा शुद्धि पत्र आदि की सूचना केवल ई-टेण्डर वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगें। अतः समस्त इच्छुक निविदादाता उक्त वेबसाइट को नियमित रूप से देखते रहें।

मनिकन्डन ए.
सम्भागीय खाद्य नियन्त्रक
बरेली सम्भाग, बरेली

**मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला चिकित्सालय (पुरुष), बदायूं**

पत्रांकः मु.चि.अधी./विज्ञप्ति/2023-24/481-85 दिनांकः 26.02.2024

**विज्ञप्ति**

महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, लखनऊ उ.प्र. के कार्यालय में पत्र सं. 9फ/मा. स्वा./2021-22/ 60 दिनांक 04.06.2021 के क्रम में जिला चिकित्सालय, बदायूं में संचालित नशा मुक्ति उपचार केन्द्र हेतु निम्नलिखित पदों पर संविदा पर नियुक्ति वॉक-इन-इन्टरव्यू के माध्यम से की जानी है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

| क्र. सं. | कार्यक्रम का नाम | पदनाम | अर्ह शैक्षिक योग्यता | वांछित अनुभव (यदि आवश्यक हो) | रिक्त पदों की संख्या (आरक्षण सहित) | रिक्त पद के सापेक्ष अनुमोदित मानदेय (रू. प्रतिमाह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | एडिक्शन ट्रीटमेन्ट फैसिलिटी | चिकित्सक (परामर्श) | एम.बी.बी.एस. | एन.एच.एम. के अनुरूप तथा पूर्व में जिला चिकित्सालय, बदायूं में संविदा/आउटसोर्सिंग पर कार्य करने का अनुभव रखने वाले को वरीयता दी जायेगी। अनुभव प्रमाण पत्र के साथ अनुभव अवधि का वेतन/मानदेय प्रमाण पत्र लगाना अनिवार्य होगा। | 01 (अनारक्षित) | रू. 60,000.00 |
| 02. | | स्टाफ नर्स | ए.एन.एम. (जी.एन.एम. या बी.एस.सी. नर्सिंग को वरीयता) | | 01 (अनारक्षित) | रू. 20,000.00 |
| 03. | | काउन्सलर | साइकोलॉजी, सोसियोलॉजी या सोशल वर्क में स्नातक (परास्नातक) को वरीयता | | 01 (अनारक्षित) | रू. 20,000.00 |
| 04. | | डाटा मैनेजर | स्नातक तथा कम्प्यूटर का डिप्लोमा / अनुभव वाले को वरीयता | | 01 (अनारक्षित) | रू. 15,000.00 |

आवेदन हेतु निर्देशः-

1. उपरोक्त समस्त पदों पर वॉक इन इन्टरव्यू दिनांक 06.03.2024 को प्रातः 10, विकास भवन बदायूं में होगा।
2. इच्छुक अभ्यर्थी इंटरव्यू के समय नवीनतम बायोडाटा, समस्त वांछित मूल अभिलेख, रजिस्ट्रेशन, दो नवीनतम कलर फोटोग्राम तथा वांछित प्रमाण-पत्रों की प्रमाणित प्रतियों के 02 सेट के साथ वॉक इन इन्टरव्यू में प्रतिभाग कर सकते हैं।
03. यह पद पूर्णतयाः नियत मानदेय पर संविदा शर्तो के अधीन है तथा इस पर स्थायीकरण का कोई दावा स्वीकार नहीं होगा। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर रिक्त पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।
04. उपरोक्त पदों पर नियुक्ति एक वित्तीय वर्ष तक के लिए मान्य होगी, जिसे उच्च अधिकारियों से अनुमोदनोपरान्त ही आगे बढ़ाया जा सकता है।
05. वॉक इन इन्टरव्यू हेतु किसी प्रकार का यात्रा-भत्ता देय नहीं होगा।
06. इच्छुक अभ्यर्थी की आयु विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि पर 06 वर्ष से अधिक न हो।
07. चयन प्रक्रिया में उ.प्र. शासन द्वारा लागू आरक्षण नीति का पालन करते हुए भर्ती प्रक्रिया की जायेगी।
08. कोई भी प्रतिकूल तथ्य पाये जाने पर चयन समिति/नियुक्ति अधिकारी द्वारा एक महीने का नोटिस या नोटिस के बदले एक महीने के मानदेय के बराबर राशि देकर चयनित अभ्यर्थी की संविदा / सेवा समाप्त करने का अधिकार होगा। तथा स्वयं त्याग पत्र देने की स्थिति में एक माह पहले नोटिस या नोटिस के बदले एक माह का मानदेय राजकीय कोष में जमा करना अनिवार्य होगा।
09. किसी भी वाद की स्थिति में जनपद न्यायालय बदायूं ही स्वीकार्य होगा।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक
जिला चिकित्सालय, बदायूं

**कार्यालय ग्राम पंचायत सराय, वि.खं. शेरगढ़, जिला बरेली**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों एवं विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सराय में मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न निर्माण कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों से निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री विवरण निम्न है :- ईंट, बजरफुट, सीमेन्ट, बजरी, रोड़ी, रेता, अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है। उक्त सामग्री की सीलबन्द निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 28.02.2024 से दिनांक 01.03.2024 को दोपहर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन दिनांक 01.03.2024 को अपरान्ह 2 बजे खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा। विवरण निम्न है :- 1. सराय में वीरपाल के घर से महेश के घर तक सी. सी. रोड व नाली निर्माण कार्य ल. 70x4 = अनु० लागत 2,80,000/- 2. सराय में सोमपाल के घर से रमेश के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य ल. 60x4 = अनु० लागत 2,70,000/- 3. सराय में कृष्णपाल की जगह से महेन्द्रपाल के खेत तक सी. सी. रोड व नाली निर्माण कार्य ल. 60x4 = अनु० लागत 2,70,000/-

प्रधान-सन्तोष कुमारी सचिव-नन्हे खाँ

**कार्यालय ग्राम पंचायत भगवानपुर कुंदन, वि.खं. फरीदपुर (बरेली)**

**निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भगवानपुर कुंदन में मनरेगा योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों से निविदा आमंत्रित की जाती है, सामग्री विवरण निम्नवत् है :- ईंट, बजरफुट, सरिया, सीमेन्ट, रेत व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | निर्माण कार्य का नाम जिसकी निविदा जारी की जाती है | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | ग्राम निवडिया में पुलिया से लेकर आरामसिंह के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य | 3,64,000/- |

उक्त कार्य की सीलबंद निविदायें प्रकाशन के तीसरे दिन दोपहर 02 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान ग्रा.वि.अ.

**पब्लिक नोटिस**

सर्व साधारण को इस प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि मैं, गजेन्द्र सिंह वर्मा पुत्र रामप्रताप वर्मा निवासी सराय काइयां, सदर, शाहजहांपुर, उ.प्र., अपनी संपत्ति जिसका विवरण नीचे अनुसूची में है, उसका स्वामित्व विलेख जमा करके बंधक ऋण लेना चाहता हूं हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से, जिनका पंजीकृत कार्यालय है:- हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड कच्चा कटरा, निकट बालाजी ई.एन.टी क्लिनिक, शाहजहांपुर, उ.प्र. यदि किसी को उपरोक्त आशयित बंधक के सम्बन्ध में कोई आपत्ति, दावा, हित, विवाद है, तो वह हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, शाहजहांपुर शाखा के शाखा प्रबंधक से बताए गए पते पर या पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रमाण के साथ संपर्क कर सकता है। इस प्रकाशन की तारीख से सात (7) दिनों के भीतर अपनी आपत्तियां / दावे / विवाद/ विवादों का विवरण, प्रस्तुत कर सकते हैं ऐसा न करने पर बंधक की प्रक्रिया इस प्रकार आगे बढ़ेगी जैसे कि इसके संबंध में कोई तीसरे पक्ष के दावे/ आपत्तियां/ विवाद अनुसूचित संपत्ति पर न हों और उसके बाद किसी दावे/आपत्ति/विवाद पर विचार नहीं किया जाएगा। संपत्ति की अनुसूची:- 85.19 वर्ग मीटर, सराय काइयां, सदर, शाहजहांपुर, उ.प्र. जिसकी चौहद्दी इस प्रकार है:- पूर्व में - घर कृष्णा कुमार पश्चिम में- मॉन्टेसरी स्कूल उत्तर में - सड़क व निकास दक्षिण में- आराजी रामप्रताप जिसे रामप्रताप वर्मा पुत्र सुन्दर लाल वर्मा द्वारा पंजीकृत विलेख दिनांक:- 27/1/2004 को गजेन्द्र वर्मा पुत्र रामप्रताप वर्मा के पक्ष में एस.आर.ओ. शाहजहांपुर में किताब 1, जिल्दः 3250, पृष्ठ 70-94 क्रमांकः 571 दर्ज किया गया है। **यहां संपर्क करें:- हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड कच्चा कटरा, निकट बालाजी ई.एन.टी क्लिनिक , शाहजहांपुर (उ.प्र.)**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद दातागंज (बदायूं)**

पत्रांकः 449/न.पा.परि.दातागंज/2023-24 दिनांकः 27.02.2024

**संसोधन अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद दातागंज द्वारा राज्य वित्त आयोग की प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद दातागंज में कराये जाने वाले निर्माण कार्यो की ई-निविदायें कार्यालय के पत्रांक संख्या 424 / न.पा.परि.दा./2023-24 दिनांक 15.02.2024 के द्वारा 04 कार्यो की ई-निविदायें दिनांक 20.02.2024 से दिनांक 27.02.2024 सायं 05:00 बजे तक ई-निविदायें आमंत्रित की गई थी। जोकि आमन्त्रित ई-निविदायें दिनांक 28.02.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जानी थी। अपहर्रयाण कारणों से उक्त ई-निविदा अब दिनांक 04.03.2024 सायं 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो आमन्त्रित ई-निविदायें दिनांक 05.03.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। ई-निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। जिसकी समस्त कार्यवाही वेबसाइट http:-e-tender.up.nic.in पर की जायेगी। निविदाओं से सम्बन्धित आगणन व शर्ते इस कार्यालय से सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। **शेष शर्ते यथावत रहेगी।**

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद दातागंज, जनपद-बदायूं
अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद दातागंज, जनपद-बदायूं

**कार्यालय नगर पालिका परिषद दातागंज (बदायूं)**

पत्रांकः 448/न.पा.परि.दातागंज/2023-24 दिनांकः 27.02.2024

**संसोधन अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद दातागंज द्वारा राज्य वित्त आयोग की प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद दातागंज में कराये जाने वाले निर्माण कार्यो की ई-निविदायें कार्यालय के पत्रांक संख्या 423/ न.पा.परि.दा./2023-24 दिनांक 15.02.2024 के द्वारा 06 कार्यो की ई-निविदायें दिनांक 20.02.2024 से दिनांक 27.02.2024 सायं 05:00 बजे तक ई-निविदायें आमंत्रित की गई थी। जोकि आमन्त्रित ई-निविदायें दिनांक 28.02.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जानी थी। अपहर्रयाण कारणों से उक्त ई-निविदा अब दिनांक 04.03.2024 सायं 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो आमन्त्रित ई-निविदायें दिनांक 05.03.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। ई-निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। जिसकी समस्त कार्यवाही वेबसाइट http:-e-tender.up.nic.in पर की जायेगी। निविदाओं से सम्बन्धित आगणन व शर्ते इस कार्यालय से सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। **शेष शर्ते यथावत रहेगी।**

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद दातागंज, जनपद-बदायूं
अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद दातागंज, जनपद-बदायूं

न ह्रश्यत्यात्मसम्माने नावमानेन तप्यते।
गंगो ह्रद इवाक्षोभ्यो य: स पंडित उच्यते।।

जो अपना आदर-सम्मान होने पर खुशी से फूल नहीं उठता और अनादर होने पर क्रोधित नहीं होता तथा गंगाजी के कुंड के समान जिसका मन अशांत नहीं होता, वह ज्ञानी कहलाता है।

संपादकीय

# निष्प्रभावी यूएनएससी

यूक्रेन की स्थिति को लेकर भारत लगातार चिंतित है। भारत ने महत्वपूर्ण सवाल उठाया है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद दो साल से जारी रूस-यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने में पूर्णतयाः निष्प्रभावी क्यों रही? जबकि सुरक्षा परिषद पर अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने का जिम्मा है। शनिवार को संयुक्त राष्ट्र में भारत के प्रतिनिधि ने कहा कि शत्रुता और हिंसा का बढ़ना किसी के हित में नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सितंबर 2022 में समरकंद में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के मौके पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मुलाकात के दौरान कहा था कि युद्ध का युग नहीं है। भारत की ओर से हमेशा कहा गया है कि कोई भी समाधान मानव जीवन की कीमत पर कभी नहीं निकल सकता। इसलिए शत्रुता को शीघ्र समाप्त करने और बातचीत एवं कूटनीति के रास्ते पर तत्काल वापसी के लिए सभी प्रयास किए जाने चाहिए। वास्तव में यूक्रेन संघर्ष के प्रति भारत का दृष्टिकोण जन-केंद्रित रहेगा। जरूरी है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को विकास संबंधी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए साझा उद्देश्यों और इन उद्देश्यों को हासिल करने के लिए आवश्यक साझेदारी एवं सहयोग पर ध्यान केंद्रित रखना चाहिए।

युद्ध मानवता के लिए अभिशाप बनता जा रहा है। भारत ने इस बात पर खेद जताया कि युद्ध के कारण भोजन, ईंधन और उर्वरकों की कीमत बढ़ रही है,व्यापक पैमाने पर दुनिया प्रभावित हो रही है और खासकर 'ग्लोबल साउथ' के देशों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। मतभेदों एवं विवादों का एकमात्र समाधान वार्ता ही है,भले ही इस समय यह काम कितना भी दुष्कर क्यों न लगे। शांति के मार्ग के लिए हमें कूटनीति के सभी माध्यम खुले रखने होंगे। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र प्रणाली में सुधार को लेकर इसके स्थायी सदस्यों में बीते काफी समय से उत्साह की कमी देखी गई, लेकिन वे सभी इस बात पर सहमत हुए हैं कि सुरक्षा परिषद में बदलाव लाना आवश्यक है। परिषद में स्थायी सदस्य अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस, चीन और अन्य देशों के बीच शक्ति असंतुलन को तत्काल दूर करने की आवश्यकता है ताकि परिषद को अधिक लोकतांत्रिक बनाया जा सके और अंतर्राष्ट्रीय शांति, सुरक्षा एवं व्यवस्था को नियंत्रित करने में इसकी वैधता बढ़ाई जा सके। वर्तमान गैर-स्थायी सदस्य के रूप में भारत सुरक्षा परिषद में सुधार के प्रस्तावों के व्यापक सेट वाले एक संकल्प का मसौदा तैयार कर सकता है। सुरक्षा परिषद बहुपक्षवाद को प्रभावी बनाने के लिए पुरानी एवं पुरातन संरचनाओं में सुधार और उनके पुनर्निर्माण की आवश्यकता है,अन्यथा उनकी विश्वसनीयता हमेशा कम होती रहेगी। इसीलिए इसके विस्तार की जरूरत है।

# कहानियों से प्रेरणा और कैरियर चुनने का ताना-बाना



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

कौन बच्चा विकसित होकर अपने लिए कैसा काम और कैरियर चुनता है यह 'प्रिडिक्टिव' नहीं होता। जरूरी नहीं आईएएस का बेटा आईएएस ही बने और किसान का किसान ही। उम्र के बढ़ने के साथ जब सेंसेस काम करना शुरू करती है तब हर एक मनुष्य अपने लिए एक अलग तरह ही अल्गोरिथम्स की रचना करता है।

'प्रेरणा' एक बहुत ही जटिल घटना है जिसके बारे में न्यूरोबायोलॉजिस्ट द्वारा कई स्तरों पर जांच की गई है और उनके विचार और सिद्धांत प्रकाशित रूप में उपलब्ध हैं। 'प्रेरणा' की जांच करने के लिए दार्शनिक डोमेन में तल्लीन होकर इसे 'अनुभूति' और 'सीखने' के साथ सह-संबंधित करने और फिर प्रेरणादायक कहानियों को पढ़ने या सुनकर व्यवहार को संशोधित करने के अलावा, इसे और अधिक गहराई से जानने के लिए तैयार किए गए प्रश्न अभी भी अनुत्तरित हैं। मनुष्य व्यवहार के संकेतों का क्या 'नुमेरिकल वैल्यूज' देकर और एक ज्ञात स्टेटिस्टिकल मॉडल के आधार पर इनका विश्लेषण करके हम वास्तव में कुछ जान पाएंगे। मेरे हिसाब से इस मामले में मचीन लैंग्वेज विकसित करने वाले जैसे ही आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस पर जो लोग काम कर चुके हैं, वे ही अधिक स्पष्टता से टिप्पणी कर पाएंगे।

क्या एक वैज्ञानिक की कहानी पढ़कर इसे पढ़ने वाले बच्चे वैज्ञानिक बनते हैं? मेरा ख्याल है एक कहानी, जिसमें संक्षिप्त में एक व्यक्तित्व या घटना का जिक्र होता है, दस बच्चे पढ़ेंगे तो दसों ही अलग तरह से मोटिवेट होंगे। इनमें से एक टीचर बनेगा और दूसरा स्पेस साइंटिस्ट। ऐसा क्यों? जरूरत यह जानने की है कि कहानी पढ़ने से इन बच्चों के मन-मस्तिष्क में किस तरह का परिवेश जन्म लेता है और यह किस फॉर्म में विकसित होता रहा, आकार लेता रहा और इनके लिए आगे के जीवन में परिस्थितयां कैसे रूपाकार लेती रहीं, बनती-बिगड़ती रहीं। परिवेशी फैक्टर्स और मोटिवेशनल वैल्यूज में -जो कहानी पढ़ने के बाद पैदा हुई, किस तरह का सामंजस्य पैदा होता है, यह न्यूरो-बायोलॉजिकल मेथड्स से भी ठीक से मालूम नहीं पड़ता।

मोटिवेशनल सिग्नल्स के पैटर्न्स को इन्टरप्रेट करना ही एक चुनौती है। मान लीजिए इस समस्या को हम 'चैट-जीपीटी' को सौंप देते हैं जो कि एक आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस टूल है। यह टूल नहीं बता सकता कि एक कहानी पढ़ने के बाद बच्चा और व्यस्क किस तरह से प्रभावित होकर क्या करेगा। 'बिहेवियर प्रीडिक्शन' एक मुश्किल काम है। इंदौर के संजय वर्मा ने 'क्या कहानियां प्रेरणा देती हैं' (अमृत विचार-24 फरवरी 2024) के माध्यम से जो कहना चाहा है उसे निष्कर्ष तो मान ही नहीं सकते,बल्कि एक इंडिकेटर जरूर है अर्थात बड़े पैमाने पर एक्जामिन करने के लिए समस्या की ओर यह एक इशारा मात्र है। निर्भर करता है कि ऐसे किसी एक या इससे समस्या के वैज्ञानिक अध्ययन की डिजाइनिंग कितनी कुशलता से की गई है जिससे बिहेवियरल निष्कर्ष निकाला जा सके जोकि सोशयली रिलेवेंट हो। अफसोस है कि भारत के सोश्यो-साइकोलोजिस्ट इस तरह के एक्सपेरिमेंट सेट-अप नहीं करते और न ही देश के न्यूरो-बायोलॉजिस्ट से इस मामले में प्रयोग करने के लिए कोआर्डिनेट करते हैं। यह मामला बेसिक साइंसेज में रिसर्च का है जिसे डिस्करेज किया जाता है। बेसिक रिसर्च के बिना 'कौशल' विकास भी असंभव होता है। इस बारे में उपलब्ध शोध-साहित्य से भी कोई निश्चित निष्कर्ष प्राप्त नहीं किए सकते। मेरा खुद का मानना है कि ऐसे प्रश्नों का उत्तर ढूंढने के लिए जो साइंटिफिक रूट हम अपनाना चाहते हैं वह शायद इस काम के लिए अभी उतना विकसित नहीं हुआ है जितना कि सोशल टूल्स या खुद वह मनुष्य जो यह बताए कि फलानी कहानी पढ़ने से उसे यह प्रेरणा मिली और वह वैसा ही करने या बनने के लिए खुद को तैयार करता रहा और किया या बना। मुझे नहीं लगता कि ऐसा कोई उदाहरण हमें दुनिया में मिल सकता है। यह मामला थ्योरेटिकल से आगे प्रैक्टिकल तक या व्यवहार तक पहुंचाने जाने और नतीजे रिपीट होने, देखने में अभी और वक्त लग सकता है। इसीलिए दुनिया में 'डाइवर्सिटी' का बोलबाला है। अपने भीतर अगर हम खुद झांक कर देखें तो पाएंगे कि प्रेरणा के स्रोत तो मौजूद रहे लेकिन पंचतंत्र जैसा कथा साहित्य पढ़कर किसी को पत्रकार या वैज्ञानिक बनने की प्रेरणा मिली हो, ऐसा मैं नहीं मानता। यह सब परोक्ष प्रभाव से होता है और कहानियों से हम एक वैल्यू-सिस्टम से अवगत हो सकते हैं, कैरियर डेवलपमेंट के लिए नहीं। एनालिस्ट तो यह कहते हैं कि फोकलोर की कहानियों में कोई 'मोरल' कभी नहीं दिया जाता, सिर्फ घटना का जिक्र होता है। वैल्यूज ओर मोरल श्रोता को खुद निकालना होता है।

> क्या एक वैज्ञानिक की कहानी पढ़कर इसे पढ़ने वाले बच्चे वैज्ञानिक बनते हैं? मेरा ख्याल है एक कहानी जिसमें संक्षिप्त में एक व्यक्तित्व या घटना का जिक्र होता है, दस बच्चे पढ़ेंगे तो दसों ही अलग तरह से मोटिवेट होंगे। इनमें से एक टीचर बनेगा और दूसरा स्पेस साइंटिस्ट। ऐसा क्यों? जरूरत यह जानने की है कि कहानी पढ़ने से इन बच्चों के मन-मस्तिष्क में किस तरह का परिवेश जन्म लेता है और यह किस फॉर्म में विकसित होता रहा, आकार लेता रहा और इनके लिए आगे के जीवन में परिस्थितयां कैसे रूपाकार लेती रहीं, बनती-बिगड़ती रहीं।

कहानियां पढने वाले बच्चों और युवाओं में कहानियों से प्रेरणा लेकर किस तरह का 'ब्रेन-मॉडयूल' विकसित होता है, यह जानना एक कौतुक से कम नहीं। इस बारे में भी शोध हुआ है। इसके अलावा 'ह्यूमन-मोटिवेशन' की एक एव्ल्युशनरी थ्योरी पर भी काम हुआ है जिसका जिक्र सन 2006 में प्रकाशित 'जेनेटिक, सोशल एंड जनरल साइकोलॉजी' नाम से एक मोनोग्राफ में हुआ है। अकसर पेरेंट्स ही बच्चों को कहानियों की किताबें या बाल-उपन्यास लाकर देते हैं। मुझे नहीं लगता कि किसी भी माता-पिता को पेरेंटिंग के एव्ल्युशन पर किताब पढ़ने की जरूरत महसूस होती है। कुछ तो यह 'नेचुरल' है और बाकी की अपनने परिवेश से मिले 'स्टिमुलाई' पर निर्भर करती है।

कहानी से प्रेरणा लेकर एक किशोर या युवा अगर यह चाहे कि मैं यह बनूंगा, वैसा बनूंगा और उसे वही परिवेश नहीं मिलता जिसमें उसके 'प्रेरणा स्रोत' व्यक्ति का विकास हुआ था और यह बच्चा या किशोर अगर प्रयास करता रहे और वैसा नहीं बने तो उसे निराशा घेर लेगी। निराशा एक रोग है। अनेक पेरेंट्स और खुद युवा भी अपने लिए एक रास्ता कर लेते हैं लेकिन उसके अंतिम छोर, अर्थात लक्ष्य, को नहीं छू पाते और रास्ता नहीं बदलते तो इसके दुष्परिणाम सामने आते हैं। वे कुछ और बन कर अर्थात जीवन के लिए दूसरा कार्य निर्धारित हो जाने के बाद यह टीस लेकर जीते हैं जो चाहते थे वह तो नहीं बन पाए लेकिन अब यही कर लेते हैं जो सामने है। तब इसका उनके व्यक्तित्व और फॅमिली पर क्या असर पड़ता होगा? मेरे जानकारों में एक पेरेंट्स कॉलेज टीचर्स हैं। उनकी बड़ी बेटी ने एमएससी (फिजिक्स) में करने के बाद आईएएस बनने का इरादा किया। तीन साल से परीक्षा दे रही है, लेकिन प्रीलिमिनरी ही क्लियर नहीं कर पा रही। शादी के लायक हो गई है। इतने समय में, इतने ही परिश्रम से पीएचडी कर लेती। दूसरी जगह कहीं कोशिश भी नहीं की है। जिद बांध रखी है कि आईएएस ही करूंगी। मैं ऐसे बहुत से उदाहरण जानता हूं जिन्होंनें आईएएस के लिए कोशिश एकाधिक बार की लेकिन शीघ्र ही संभल गए। आईएएस के लिए की गई तैयारी के आधार पर पर वे कहीं और कामयाब हुए और उसे एक कैरियर के तौर से लेकर खुशी-खुशी रिटायर भी हो गए हैं। मानता हूं कि एक खास काम के लिए खास लेवल तक पहुंचने के लिए समझ का उत्तरोत्तर विकास होता है, लेकिन जब तक समझ बढ़ती है तब तक अवसर निकल चुके होते हैं।

कौन बच्चा विकसित होकर अपने लिए कैसा काम और कैरियर चुनता है यह 'प्रिडिक्टिव' नहीं होता। जरूरी नहीं आईएएस का बेटा आईएएस ही बने और किसान का किसान ही। उम्र के बढ़ने के साथ जब सेंसेस काम करना शुरू करती है तब हरेक मनुष्य अपने लिए एक अलग तरह ही अल्गोरिथम्स की रचना करता है। इनका फंक्शन शायद इनवोलंटरी अधिक होता है। खुद की कमांड से ये कितना काम करेंगी, मुझे मालूम नहीं। यह तो प्रत्येक मनुष्य अपने भीतर झांक कर देख सकता है। विविधता का आलम इतना विशाल और जटिल प्रतीत होता है कि कहानियों से प्राप्त प्रेरणा की पृष्ठभूमि कहीं दूर गहराई में विलीन होने का अहसास बना रहता है।

प्रसंगवश

# जीवन में मिथक का सत्य

> वास्तव में मिथकों का अध्ययन लोकजीवन के सांस्कृतिक स्रोतों का ही अध्ययन है। उनकी अनदेखी करना अपने को ही वंचित करना होगा।

मिथक राष्ट्रीयता की शक्ति है। राष्ट्र की शक्ति है। सामूहिक मानस की शक्ति है। अवचेतन मन की ऊर्जा है। जिस के पास मिथकीयता नहीं,वह मानसिक रूप से विकलांग है। उसके पास अभिव्यक्ति की वह शक्ति कदापि नहीं हो सकती कि वह लोकमानस को संबोधित कर सके। मिथक भले ही इतिहास का सच नहीं होता,किंतु लोगों की जिंदगी में उसकी जो भूमिका होती है,वह इतिहास के सच से भी अधिक प्रभावशाली होती है। मिथक लोकचेतना का सच होता है। लोकजीवन मिथकों के साथ जीता है। मिथकों की भाषा में सोचता है, मिथकीय भाषा में अपने को अभिव्यक्त करता है, मिथक को लोकजीवन से विच्छिन्न करके नहीं सोचा जा सकता। मिथक वाचिक परंपरा है। पुराण लिखित परंपरा है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मिथक-कथाओं की युगानुकूल व्याख्या जरूरी है अन्यथा जिहाद भी मिथक ही तो है। इस विषय पर एक जर्मन लोकवार्ता-शास्त्री कई साल से रिसर्च कर रहे हैं। मिथक समष्टिचेतना का अंश होते हैं,उनकी सत्ता विद्यमान है,किसी महापुरुष के आंख बंद कर लेने से उसकी उपस्थिति में अंतर नहीं आता। यह ऊर्जा है,चिंगारी से दीपक भी जलाया जा सकता है और झोंपड़ी भी। विश्व के लोकवार्ता शास्त्री आज मिथकों के अध्ययन की ओर प्रवृत्त हुए हैं, लिन्क्ड-इन पर जाकर आप माइथोलॉजी-ग्रुप का डिस्कशन देखें, अरबी, इस्लामिक, रोमन, ग्रीक, मेसोपोटामिया, जापानी-चीनी मिथक शास्त्र पर विमर्श चल रहा है। एमीलियोवैली, लौरी होंको आदि ने मानवीकरण, प्रतीकवाद आनुष्ठानिक सिद्धांतों का प्रतिपादन किया है।

वास्तव में मिथकों का अध्ययन लोकजीवन के सांस्कृतिक स्रोतों का ही अध्ययन है। उनकी अनदेखी करना अपने को ही वंचित करना होगा। मिथक मिथ्या नहीं होता है, वह हमारी चेतना का एक सूत्र है,सत्य है। इतिहास का सत्य आपकी किताबों में है,मिथक का सत्य हमारे जीवन में है।

# बढ़ती अर्थव्यवस्था और आर्थिक सुधार



प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

> भारत में एक नया मध्य वर्ग उभरा है। यह नौकरी के बढ़ते अवसरों और आईटी तथा आउटसोर्सिंग जैसे क्षेत्रों के विस्तार के कारण है।

भारत की व्यापार करने में आसानी सूचकांक यानि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंक 63 है और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता सूचकांक 40 है। 476 मिलियन श्रमिकों के साथ भारतीय श्रम शक्ति दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी शक्ति है,जनसंख्या की दृष्टि से पहले स्थान है। भारत में दुनिया के सबसे अधिक अरबपतियों की संख्या और अत्यधिक आय असमानता भी है।

भारत की अर्थव्यवस्था मिश्रित, नियोजित अर्थव्यवस्था से रणनीतिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय सार्वजनिक क्षेत्र के साथ मिश्रित मध्यम आय वाली विकासशील सामाजिक बाजार अर्थव्यवस्था में परिवर्तित हो गई है। यह नाम मात्र जीडीपी के हिसाब से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और क्रय शक्ति समता (पीपीपी) के हिसाब से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। प्रति व्यक्ति आय के आधार पर,भारत सकल घरेलू उत्पाद (नाममात्र) द्वारा 139 वें और सकल घरेलू उत्पाद (पीपीपी) द्वारा 127 वें स्थान पर है।

1947 में स्वतंत्रता के दौर से लेकर 1991 तक की आर्थिक नीति को राज्य हस्तक्षेप, प्राकृतिक संसाधन, नौकरशाह संचालित उद्यमों और आर्थिक विनियमन के साथ संरक्षणवादी आर्थिक नीतियों को बढ़ावा दिए जाने वाला रहा है। इस संरक्षणवादी आर्थिक नीति के कारण देश की विकास दर लगभग 3-4 प्रतिशत तक रही और 4 प्रतिशत से आगे नहीं बढ़ पाई। इसलिए इस व्यवस्था को लाइसेंस राज की आर्थिक अनुशासनहीनता के रूप में ही याद किया जाता है। भारत में 1991 में गंभीर आर्थिक संकट के कारण व्यापक स्तर पर आर्थिक उदारीकरण की नीति को अपनाया। इन आर्थिक सुधारों के जनक तत्कालीन प्रधनमंत्री पीवी नरसिंहा राव रहे,उन्होंने उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की प्रक्रिया शुरू की। इन सुधारों को अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने 'सेकेंड जेनरेशन रिफॉर्म' के रूप में आगे बढ़ाया, उसका परिणाम है कि 21 वीं सदी की शुरुआत से ही वार्षिक औसत सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि 6 प्रतिशत से 7 प्रतिशत रही है और लगातार बढ़ती जा रही है।

भारत की जीडीपी का लगभग 70 प्रतिशत घरेलू उपभोग से प्रेरित है, निजी खपत के अलावा जीडीपी में सरकारी खर्च, निवेश और निर्यात से भी संचालित होती है। इसलिए विकास की गति बढ़ाने के लिए विनिर्माण उद्योग,ऊर्जा,तकनीकी,रक्षा,परिवहन आदि बुनियादी सुविधाओं की गुणवत्ता में आमूलचूल बदलाव की जरूरत थी और इन क्षेत्रों में पिछले एक दशक के दौरान तेजी से सुधार हुआ है। इन्हीं बदलावों में एक महत्वपूर्ण निर्णय जनधन खातों को खोलने का रहा इसने समाज में और गवर्नेंस में पारदर्शिता के रूप में एक नई क्रांति को जन्म दिया। कोविड-19 की वैश्विक महामारी की भीषण त्रासदी के बावजूद आज अर्थव्यवस्था विश्व के अन्य देशों के मुकाबले सबसे तेज गति से बढ़ रही है। इन आर्थिक सुधारों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए खोलने में मदद की जिससे विदेशी निवेश और व्यापार में वृद्धि हुई। आज देश का रिजर्व लगातार बढ़कर कर 600 बिलियन डॉलर को पार कर गया है, शेयर बाजार का आकार भी विश्व में चौथे स्थान पर पहुंच गया और लगातार बढ़ रहा है। भारत में एक नया मध्य वर्ग उभरा है। यह नौकरी के बढ़ते अवसरों और आईटी तथा आउटसोर्सिंग जैसे क्षेत्रों के विस्तार के कारण है। भारत आज तेज गति से बढ़ रहा है और शीघ्र तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। इसकी सबसे बड़ी वजह युवा जनसंख्या का होना है।

विकास की गति जारी रखने के लिए आवश्यक है कि बुनियादी ढांचे में सुधार के साथ-साथ ऊर्जा,रक्षा,तकनीकी व फार्मा क्षेत्र में शोध तथा नवाचार को बढ़ावा देना होगा। साथ ही शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार भी बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में करने से मानव विकास सूचकांक में सुधार होगा। पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों पर शोध व अध्ययन को व्यापक स्तर पर प्रोत्साहित करना होगा। न्यूक्लियर एनर्जी, इलेक्ट्रॉनिक वाहनों का प्रयोग, सौर ऊर्जा तथा एथोनोल जैसे जैविक ईंधन पर भी और तेज गति से कार्य करने की आवश्यकता है जिससे पर्यावरण सुरक्षा व विकसित भारत का लक्ष्य पूरा होगा।

सोशल फोरम

# नवउदारवादी आर्थिकी की परिणति

एक आर्थिक विशेषज्ञ बता रहे थे कि पिछले दस साल में कार्पोरेट घरानों द्वारा लिए गए तेरह लाख करोड़ रुपयों के बैंक लोन 'बैड लोन' घोषित हो गए और उन्हें माफ कर दिया गया। महज दस साल में महज कुछ घरानों ने तेरह लाख करोड़ रुपयों को खा पचा लिया। उसके पहले का हिसाब अलग होगा।



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

दूसरे विशेषज्ञ बता रहे थे कि पिछले एक साल में एक सौ पच्चीस अरबपतियों ने भारतीय बैंकों से लोन लेकर भारत छोड़ दिया। इनमें जिनका लोन सबसे कम था वह एक सौ करोड़ रुपयों का था। नौकरी करने वाले और इनकम टैक्स देने वाले पढ़े लिखे लोग जानते हैं कि पिछले दस वर्षों में आय कर की दरें आनुपातिक रूप से उच्चतम स्तरों पर जा पहुंची हैं।

टैक्स वसूल करने में आयकर विभाग की सख्ती भी पिछले दशक के मुकाबले इस दशक में बढ़ी है। यानी लाखों करोड़ रुपये डकार जाने वाले शक्तिशाली कार्पोरेट से वसूली में सरकार का दम फूल जाता है और वे पब्लिक मनी की लूट मचाकर सुरक्षित निकल जा रहे हैं,लेकिन मध्य वर्ग और निम्न मध्य वर्ग के लोगों के लोन की किस्तें वसूलने में बैंकों की तत्परता देखते ही बनती है। होम लोन या किसी तरह के कंज्यूमर लोन या फिर पर्सनल लोन लेने के बाद कोई आम आदमी एक पैसे की भी हेराफेरी नहीं कर सकता। उन्हें लोन देने वाले बैंक मूल और ब्याज के एक एक पाई का हिसाब रखते हैं। बिना किसी नियमित आय वाले निम्न आर्थिक वर्ग के लोगों को तो बैंक लोन देते ही नहीं।

हम जो अक्सर पढ़ते सुनते हैं कि भारतीय बैंकों की माली हालत अच्छी नहीं है,उसके पीछे के मूल कारण हम नहीं, हमारे दौर के बड़े लोग हैं। ऐसे बड़े लोग जिनके हाथों में सत्ता की डोर होती है और बड़े नौकरशाह जिनके प्यादे बन कर खुद को धन्य महसूस करते हैं। वे हमारे सार्वजनिक संसाधनों पर लगातार कब्जा करते जा रहे हैं। यह तो अलग और बेहद विस्तृत अध्याय है। इसे ही कहते हैं कार्पोरेट राज,जो नवउदारवादी आर्थिकी की स्वाभाविक परिणति है। **-फेसबुक वॉल से**

# गोवा को देश की आध्यात्मिक राजधानी बनाने की तैयारी



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

> गोवा में स्थित मंदिरों में मूलत: देश के अधिकांश हिंदू मंदिरों की तरह ही एक देवता की पूजा की जाती है। ऐतिहासिक कारणों से राज्य के मंदिरों की वास्तुकला थोड़ी अलग जरूर है।

कितने भारतीयों को पता है कि पुर्तगाली राज, खूबसूरत समुद्री तटों, नाइट लाइफ और प्राकृतिक सुंदरता से इतर गोवा का सनातन संस्कृति और ऐतिहासिक मंदिरों का समृद्ध इतिहास रहा है? गोवा अपने इसी गौरवशाली अतीत को एक बार फिर से स्थापित करने की ओर बढ़ रहा है। पुर्तगाली शासकों ने अपने 450 वर्षों से अधिक के शासनकाल के दौरान राज्य में मंदिरों को नुकसान पहुंचाया। 1961 तक देश के इस सबसे छोटे राज्य पर शासन के दौरान पुर्तगाली शासकों ने मुस्लिम शासकों की तरह ही हिंदू मंदिरों को नष्ट किया था। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत का दावा है कि पुर्तगालियों ने अपने शासनकाल के दौरान मंदिरों को नष्ट करना शुरू कर दिया था। मराठा राजाओं की चेतावनी और शांति समझौते पर हुए हस्ताक्षर के बाद उन्होंने मंदिरों को नुकसान पहुंचाना बंद किया।

17 वीं सदी में मराठा साम्राज्य की स्थापना करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक की 350 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह में उन्होंने कहा कि राज्य को उसके समृद्ध सनातन संस्कृति लौटाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार योजना बना रही है। समारोह में उन्होंने कहा कि कम से कम गोवा की आजादी के 60 साल बाद हमें पुर्तगालियों के निशान मिटा देने चाहिए।

गौरतलब है कि मराठा शासक ने ही सबसे पहले देश में स्वराज या स्वशासन का विचार रखा। उन्होंने गोवा आकर सप्तकोटेश्वर मंदिर का पुनर्निर्माण कराया और पुर्तगालियों को मंदिरों को नष्ट करने के खिलाफ चेतावनी दी। राज्य के मुख्यमंत्री ने कहा कि "यही कारण है कि हम कहते हैं कि हिंदू संस्कृति को बचाने का प्रमुख श्रेय शिवाजी और उनके बेटे संभाजी को जाता है।"

इस बीच गोवा पर्यटन विभाग ने एकादश तीर्थ की शुरुआत कर आध्यात्मिकता, स्वदेशी, सभ्यतागत और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर जोर देना शुरू कर दिया है। इस योजना के एक हिस्से के रूप में राज्यभर में 11 मंदिरों के आसपास समुदाय-आधारित पर्यटन केंद्र विकसित करने की तैयारी जोरों पर है। ये सभी 11 मंदिर राज्य के उन सात पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्रों से होंगे,जहां विकास एवं निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता। गोवा पर्यटन विकास निगम (जीटीडीसी) ने क्यूपेम, सत्तारी, कैनाकोना और सवोर्डेम में स्थित मंदिरों को नया और भव्य रूप देने की दिशा में कदम बढ़ाना शुरू कर दिया है। राज्य पर्यटन विभाग गोवा को दक्षिण का काशी के रूप में पहचान दिलाने के लिए लगातार पहल कर रहा है। इसी पहल के तहत गोवा के धार्मिक पक्ष, विशेष रूप से मंदिरों को पर्यटकों के लिए खोला जा रहा है। गोवा पर्यटन बोर्ड की अधिकार प्राप्त समिति जल्द ही आध्यात्मिक पर्यटन सर्किट को अंतिम रूप देगी।

गोवा में स्थित मंदिरों में मूलतः देश के अधिकांश हिंदू मंदिरों की तरह ही एक देवता की पूजा की जाती है। ऐतिहासिक कारणों से राज्य के मंदिरों की वास्तुकला थोड़ी अलग जरूर है। आमतौर पर किसी भी हिंदू मंदिर का मूल डिजाइन मंदिर के गर्भगृह के आसपास ही व्यवस्थित होता है जिसमें मुख्य देवता विराजमान होते हैं। मंदिर के बाहरी डिजाइन में एक मीनार या शिकारा मुख्य मंदिर के ऊपर होता है,जो पारंपरिक रूप से पिरामिड के आकार जैसा होता है।

धार्मिक विरासत स्थलों और ऐतिहासिक मंदिरों में निश्चित रूप से यह क्षमता है कि वे गुणवत्तापूर्ण और अधिक खर्च करने वाले पर्यटकों को लुभा सकें। इसी दृष्टिकोण से राज्य का पर्यटन विभाग गोवा में आध्यात्मिक सर्किट बनाने की रणनीति पर काम कर रहा है। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पर्यटन विभाग जल्द ही एक विज्ञापन अभियान और वृत्तचित्र श्रृंखला शुरू करने पर विचार कर रहा है। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के साथ ही गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने राज्य को आध्यात्मिक पर्यटन की राजधानी बनाने की घोषणा कर दी थी। देश में स्थित तिरुपति, शिरडी, अजमेर और अमृतसर जैसे क्षेत्रों की आर्थिक तंत्र का मुख्य हिस्सा ही धार्मिक पर्यटन है। इसके अलावा वेटिकन सिटी,सऊदी अरब में मक्का और पाकिस्तान में करतारपुर साहिब ऐसे स्थल हैं,जो वहां की अर्थव्यवस्था के मुख्य अंग हैं।

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों ने 15 फरवरी को अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन किए और मंदिर में पूजा-अर्चना की। राम मंदिर को लाखों भारतीयों के प्रेम और विश्वास का प्रतीक बताते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से उन्होंने अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने एक्स पर लिखा,'अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर श्रीरामलला के दर्शन-पूजन करके खुद को धन्य महसूस कर रहा हूं।'

अंत में यह सवाल है कि क्या गोवा भारत की धार्मिक और आध्यात्मिक राजधानी बन सकता है? निःसंदेह, यह हो सकता है। जिस प्रकार से गोवा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आगे बढ़ रहा है,मुमकिन है कि जल्द ही यह भारत की आध्यात्मिक राजधानी बन जाएगी।

# बैंकों में डिपॉजिट ग्रोथ

> अगर बैंक एफडी पर आने वाले समय में कुछ और बढ़ोतरी करेंगे तो शायद मध्यम वर्ग की जनता के लिए थोड़ी राहत की बात होगी।

हाल के दिनों में बैंकिंग सेक्टर में जमाराशियों में अच्छी ग्रोथ देखने को मिली है। डिपॉजिट रेट यानी एफडी रेट में कुछ बढ़ोतरी से ऐसा मुमकिन हो सका है। वित्त वर्ष 2024 की दिसंबर तिमाही में 12.5 प्रतिशत की वृद्धि दर देखने को मिली है,जो वित्त वर्ष 2023 की इसी तिमाही में 9.6 प्रतिशत ही थी। हालांकि बैंकों का लो कास्ट डिपॉजिट यानी चालू खाता और बचत खाता में जमा राशि में कमी आई है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

इसका कारण जमा राशियों में बढ़ोतरी होना तो है ही,अभी हाल के दिनों में कुछ बैंको ने डिपॉजिट रेट बढ़ाए हैं,वहीं बचत बैंकों पर ब्याज का आकर्षण कम होता गया है। वर्तमान में अगर यूनियन बैंक बचत बैंक का ब्याज देखे तो घटकर 2.75 प्रतिशत रह गया है जबकि एफडी रेट निरंतर बढ़ रहा है,जो वर्तमान समय में 7.90 प्रतिशत हो गया है। (सीनियर सिटीजन के लिए आधा प्रतिशत अधिक) ऐसे में ग्राहकों ने सुविधाओं का लाभ उठाते हुए बचत खाते को फ्लेक्सी खाते (स्वीपिंगखाते) में कनवर्ट करा लिया है और अधिकाश राशियां स्वतः बचत खाते से एफडी खाते में ट्रांसफर हो रही है और ग्राहक इसका भरपूर लाभ ले रहे हैं। मोबाइल बैंकिग करने वालों के लिए और भी आसानी है। वो बगैर बैंक जाए ही इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं और लाभ ले भी रहे हैं।

अगर बैंक एफडी पर आने वाले समय में कुछ और बढ़ोतरी करेंगे तो शायद मध्यम वर्ग की जनता के लिए थोड़ी राहत की बात होगी। चुनावी समय होने से जनता उम्मीद भी कर रही है।

# मतगणना से पहले सपा के मुख्य सचेतक ने ही कर दी बगावत

## इसके बाद विधानभवन स्थित पार्टी कार्यालय में लगी समाजवादी पार्टी विधायक मनोज पांडेय की नेम-प्लेट हटी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्यसभा चुनाव के लिए विधान भवन में मंगलवार को मतदान शुरु होने से पहले ही सपा के ऊंचाहार विधायक मनोज पांडेय ने पार्टी के मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा देते हुए भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट डालने के संकेत दे दिए। इसके बाद विधानभवन स्थित पार्टी कार्यालय में लगी उनकी नेम-प्लेट भी हटवा दी गई। मनोज पांडेय के अलावा सपा के जिन विधायकों ने भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान किया उनमें राकेश पांडेय (जलालपुर), राकेश प्रताप सिंह (गौरीगंज), अभय सिंह (गोसाइगंज), विनोद चतुर्वेदी (कालपी), पूजा पाल (चायल) और आशुतोष मौर्य (बिसौली) शामिल रहे। जबकि सपा विधायक महाराजी देवी मतदान में अपनी उपस्थिति नहीं दर्ज करा सकीं।

सपा के विधायकों ने ही नहीं बल्कि बसपा के एकमात्र विधायक उमा शंकर पांडेय ने भी राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को वोट किया है। मतदान के बाद उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोगों ने मुझसे वोट देने के लिए नहीं कहा इसलिए मैंने भाजपा प्रत्याशी को वोट किया। भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने मुझसे समर्थन मांगा था। वहीं, भाजपा प्रत्याशी को वोट देने वाले सपा विधायक मनोज पांडेय ने खरीद-फरोख्त के आरोपों को नकार दिया है। उन्होंने सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के आरोप पर कहा कि राजनीति में आरोप लगते रहते हैं। जनसत्ता दल के अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने भी अपने व अपने एक विधायक के भाजपा प्रत्याशी को वोट किया। वहीं, रालोद के सभी नौ विधायकों ने एनडीए प्रत्याशियों के लिए मतदान किया।



विधानभवन स्थित सपा पार्टी कार्यालय से मनोज पांडे की नेम प्लेट हटाता एक व्यक्ति।

### रालोद के सभी विधायकों ने संजय सेठ को किया वोट

लखनऊ। राज्यसभा चुनाव में एक-एक विधायक पर लोगों की निगाहें टिकी थीं। हाल ही में सपा से अलग होकर एनडीए का हिस्सा बने रालोद के सभी नौ विधायकों ने एकजुट होकर भाजपा के संजय सेठ के पक्ष में मतदान किया। मतदान के बाद सभी ने विक्ट्री का इशारा करते हुए, फोटो भी खिंचवायी। इसके बाद विधायकों ने लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। विधायक संजीव बालियान ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देशानुसार हम सभी लोगों ने भाजपा समर्थित उम्मीदवार को वोट दिया है।

### क्रॉस वोटिंग करने वाले सपा विधायकों पर फूटा गुस्सा

लखनऊ। राज्यसभा चुनाव में मंगलवार को सपा विधायकों ने क्रास वोटिंग की। इससे नाराज कार्यकर्ताओं ने विधायकों का पुतला फूंका। लखनऊ के परिवर्तन चौक पर विधायकों के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए। लखनऊ विश्वविद्यालय गेट नंबर-एक के सामने भी पुतला फूंका गया। सपा समर्थकों ने विधायक मनोज पांडेय, अभय सिंह, राकेश कुमार पांडेय और पूजा पाल के खिलाफ विरोध जताया। वहीं दूसरी ओर राज्यसभा चुनाव में भाजपा को मिली बड़ी जीत का भाजपा पार्टी दफ़्तर में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। ढोल बजने के बीच नाचगाने के साथ मिठाई बांटी गई।

### सपा को कांग्रेस के वोटों के साथ कुल 100 वोट ही मिले

लखनऊ। राज्यसभा के चुनाव में भाजपा को अपने सहयोगी दलों और सपा के क्रॉस वोटों के बाद कुल 294 विधायकों के वोट हासिल हुए। जबकि समाजवादी पार्टी को कांग्रेस के वोटों के साथ और राजभर की पार्टी में सेंध के बावजूद प्रथम वरीयता के कुल 100 वोट ही मिल पाए। सपा की तरफ से 7 वोट क्रॉस हुए और एक विधायक यानी महराजी देवी प्रजापति वोट देने नहीं आई। कुल वोट जो गिने गए उनको संख्या 394 है।

### मतदान के खास दृश्य

- अपना दल के विधायक नील रतन पटेल एंबुलेंस से मतदान करने के लिए पहुंचे। कोरोना संक्रमित नील रतन सिविल अस्पताल लखनऊ में भर्ती हैं।
- सुभासपा विधायक ने मतदान एजेंट पर मत पत्र छीनने का आरोप लगाया। सुभासपा के जगदीश राय ने जब सपा प्रत्याशी को वोट कर मतपत्र दिखाया तो ऐसा दृश्य पैदा हुआ।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए विधान भवन के तिलक हॉल में मतदान किया और पार्टी के सभी प्रत्याशियों की विजय के लिए हार्दिक मंगलकामनाएं दी।
- अचानक संजय सेठ ने विक्ट्री साइन बनाकर अपनी जीत का एलान कर दिया। दरअसल, खबर फैली कि हंडिया से सपा विधायक हाकिम चंद्र बिंद ने उनके समर्थन में वोट किया। हालांकि बाद में बिंद ने स्पष्ट किया कि उनका वोट सपा को गया है।
- उप्र. की 10 सीटों पर हुए राज्यसभा चुनाव की वोटिंग खत्म हो जाने के बाद कुल 395 वोट पड़े माने गए। वहीं चुनाव आयोग की अनुमति नहीं मिलने के चलते काफी देर तक मतगणना रूकी रही। मतदान में सुबह से ही भाजपा के संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह भी भाजपा के विधानमंडल दल कार्यालय में मौजूद दिखे। वह हर एक वोट पर नजर रखे हुए थे। लगातार विधायकों से भी मिल रहे थे।
- मतगणना शुरू होने के बाद सपा और सुभासपा ने आरोप लगाते हुए आपत्ति की। सुभासपा ने अपने विधायक पर बिना दिखाए वोट डालने का आरोप लगाया। इस कारण मतगणना थोड़ी देर के लिए रुकी रही।
- सूत्रों के मुताबिक, सपा के सभी 7 विधायकों ने संजय सेठ के पक्ष में क्रॉस वोटिंग की है। सपा ने जया बच्चन और रामजीलाल सुमन के लिए 40-40 वोट अलॉट किए थे, लेकिन जया बच्चन को सुभासपा विधायक के समर्थन से 41 वोट मिले हैं।

# सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामले का मास्टर माइंड पकड़ से बाहर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एसटीएफ पकड़े गए अभियुक्तों से उगलवा रही राज

**अमृत विचार :** सिपाही भर्ती परीक्षा निरस्त होने के तीन दिन बाद भी पेपर लीक मामले का मास्टर माइंड फिलहाल पकड़ से दूर हैं, लेकिन अभी तक मिले सबूत और पकड़े गए लोगों से पूछताछ के बाद मिले इनपुट के आधार पर एसटीएफ को जल्दी ही बड़ी कामयाबी की उम्मीद है।

दरअसल, एसटीएफ पकड़े गए लोगों से पूछताछ में मिली जानकारियों की कड़ी से कड़ी जोड़कर असल गुनाहगार तक पहुंचने की कोशिश में हैं। उप्र के अलावा दूसरे राज्यों से तार जुड़ने के चलते एसटीएफ की टीमें उन राज्यों में भी धर-पकड़ कर रही है। गुनाहगारों तक पहुंचने में एसटीएफ के सामने एक जो बड़ी दिक्कत आ रही है, वह यह कि गिरफ्तारी से पहले कई आरोपियों ने अपने-अपने मोबाइल से वाट्सएप का डाटा डिलीट कर दिया था। अब एसटीएफ उनका डेटा वापस कराने का प्रयास कर रही है। ताकि पेपर लीक मामले से जुड़े गिरोह लोगों के बारे में जानकारी मिल सके।

एसटीएफ सूत्रों के मुताबिक अभ्यर्थियों को पेपर बेचने के आरोपी कानपुर के वकील आशीष सचान से पूछताछ में जिस युवक का नाम सामने आया है, वह भी इस कांड से परदा उठाने में मजबूत कड़ी साबित होगा। पता चला है कि एक गांव के रहने वाले उसी युवक ने सिपाही भर्ती का पेपर आशीष सचान के पास पहुंचाया था। परीक्षा की तारीख से एक रात पहले ही उसे साल्व्ड पेपर उपलब्ध हो गया था। एसटीएफ उस युवक तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

# बायोमेट्रिक अटेंडेंस न देने वाले छात्र परीक्षा से होंगे वंचित

**लखनऊ, अमृत विचार :** निर्देश के बावजूद छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बायोमेट्रिक न लेने वाले नर्सिंग व पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों के रवैये पर स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने नराजगी व्यक्त की है, साथ ही निर्देश दिये हैं कि निर्देशानुसार मार्च माह से सभी छात्रों की बायोमेट्रिक उपस्थिति ही मान्य की जायेगी, अन्यथा वार्षिक परीक्षा में बैठने का मौका नहीं मिलेगा।

उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ.अलोक कुमार ने बताया कि नर्सिंग व पैरामेडिकल पाठ्यक्रम की पढ़ाई करने वालों के लिए बायोमेट्रिक अटेंडेंस अनिवार्य है, इस बाबत मई 2023 में सभी कॉलेज व संस्थानों को पत्र भी प्रेषित किये गये थे, बावजूद तमाम केन्द्रों द्वारा विभाग के सर्वर पर डाटा लोड नहीं किया जा रहा है।

# मास्टरमाइंड से नकदी व जेवरात बरामद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- श्रम विभाग के पोर्टल से गबन मामले में मुख्य आरोपी से की बरामदगी

**अमृत विचार :** श्रम विभाग के पोर्टल से एक करोड़ रुपये की धोखाधड़ी मामले में साइबर सेल और क्राइम ब्रांच ने मास्टरमाइंड उदित मिश्रा को रिमांड पर लेकर नई जानकारियां हासिल की हैं। गबन की रकम से खरीदे गए जेवर और कुछ कैश भी बरामद किया है। इस मामले में कुछ दिन पूर्व क्राइम ब्रांच ने मास्टरमाइंड और उसकी प्रेमिका के साथ चार अन्य आरोपियों को छत्तीसगढ़ और उत्तरप्रदेश के अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया था। उनके पास से कैश और अन्य माल की बरामदगी हुई थी।

एक फरवरी 2024 को अपर श्रमायुक्त कानपुर मंडल कल्पना श्रीवास्तव ने पुलिस को तहरीर दी थी कि साइबर अपराधियों ने कन्या विवाह सहायता योजना के अंतर्गत अनुदान के फर्जी आवेदन कर उनकी आईडी व अधिकारियों के फर्जी डिजिटल सिग्नेचर का प्रयोग कर डीएलसी तथा एलसी की आईडी को स्किप करते हुए 196 अपात्र श्रमिकों के खाते में प्रति श्रमिक 55 हजार रुपये की दर से लगभग एक करोड़ सात लाख अस्सी हजार की धनराशि का ट्रांसफर कर लिया था। जिसके बाद साइबर थाना में मुकदमा पंजीकृत कर घटना के खुलासे के लिए पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के आदेश पर सर्विलांस तथा स्वाट टीम समेत चार टीमों का गठन किया था। इस घटना के मास्टरमाइंड उदित मिश्रा निवासी सजेती व हाल पता पारा थाना लखनऊ और उसकी प्रेमिका नैंसी ठाकुर निवासी महाराष्ट्र के अलावा अंकित मिश्रा, मोहम्मद यासीन, ललित कश्यप, विनय दीक्षित को गिरफ्तार किया गया था। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने 26 फरवरी को मास्टरमाइंड उदित मिश्रा को रिमांड पर लिया था। क्राइम ब्रांच के अनुसार उदित मिश्रा से गहनता से पूछताछ की गई। उसने बताया कि गबन के काफी सबूत एक पेन्ड्राइव में हैं। गबन के बाद करीब 25 लाख 55 हजार रुपये एटीएम व चेक के माध्यम से निकाल लिए गए थे। जिसमें से कुछ हिस्सा अपने साथियों में बंटवारा कर लिया गया था और कुछ धनराशि से ज्वैलरी खरीद ली गयी। उसकी निशानदेही पर लखनऊ में स्थित फ्लैट से सोने की ज्वैलरी चार कंगन, एक जोड़ी झाला, दो चेन लगभग 3 लाख रुपये कीमत के जेवरात, एक लाख रुपये नगद व एक पेन्ड्राइव बरामद की गई। इसके बाद उसके पैतृक घर सजेती जाकर जानकारी जुटाई गई। मास्टरमाइंड उदित मिश्रा से मिली जानकारी के आधार पर घटना में शामिल अन्य साथियों की तलाश में पुलिस टीमें लगाई गई हैं।


# मेरठ में कारखाने का बॉयलर फटा, दो कर्मचारियों की मौत

**मेरठ, अमृत विचार :** जिले में एक टायर कारखाने में मंगलवार सुबह बॉयलर के फटने से दो कर्मचारियों की मौत हो गयी और अन्य तीन लोग घायल हो गए। घटना सुबह करीब साढ़े पांच बजे थाना इंचौली क्षेत्र के गांव फिटकरी से तीन किलोमीटर दूर स्थित कारखाने में हुई जहां पुराने टायर को गलाकर तेल, राख, तार अलग किए जाते हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रोहित सिंह सजवाण ने बताया कि सुबह अचानक बॉयलर फट गया जिसकी चपेट में आए शंकर (30) और प्रवीण (22) की मौत हो गयी और अन्य तीन लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। हादसे का शिकार हुये सभी लोग गांव किशोरीपुरा के निवासी थे।

# संवेदनशील मामलों में लापरवाही न बरते ट्रिब्यूनल

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संवेदनशील मामलों में मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल के विवेकहीन और यांत्रिक व्यवहार पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बिना सोचे-समझे यांत्रिक रूप से आदेश पारित करना ट्रिब्यूनल का निहायत ही लापरवाह रवैया प्रदर्शित करता है। जहां परिवार अपने किसी सदस्य को खो देता है और आर्थिक दबाव झेल रहा होता है, ऐसे में ट्रिब्यूनल द्वारा मामले की तत्कालिकता को न समझना उसकी असंवेदनशीलता जाहिर करता है।





इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में दिशा-निर्देश जारी किया था, जिससे दावेदारों विशेषकर नाबालिगों और निरक्षर लोगों के हितों की रक्षा की जा सके। इसका यह अर्थ नहीं है कि याचियों के आवेदन पर विचार करते समय ट्रिब्यूनल को कठोर हो जाना चाहिए। उक्त आदेश न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की पीठ ने ऐदल सिंह और एक अन्य की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया। मौजूदा मामले में याचियों ने वर्ष 2015 में अपने बेटे को खो दिया। उस समय उन पर विवाह योग्य तीन बच्चों की जिम्मेदारी थी। वर्ष 2015 में हुई दुर्घटना का अवार्ड वर्ष 2017 में पारित किया गया और पैसा फिक्स डिपॉजिट में निवेश कर दिया गया। याचियों ने जून 2023 में बेटी की शादी हेतु फिक्स्ड डिपॉजिट में जमा धनराशि जारी करने के लिए आवेदन दाखिल किया। कोर्ट ने भी माना कि फिक्स्ड डिपॉजिट में निवेश बरकरार रखने का निर्देश नहीं दिया जा सकता है। याची प्रार्थना के अनुसार राशि पाने के हकदार हैं। अतः ट्रिब्यूनल को निर्धारित धनराशि और उस पर अर्जित ब्याज तुरंत याचियों को देने का निर्देश दिया गया।

# प्रदेश को सबसे कम दुर्घटनाओं वाला राज्य बनाने का लक्ष्य: जितिन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश को देश का ही नहीं बल्कि विश्व में सबसे कम सड़क दुर्घटनाओं वाला राज्य बनाने का लक्ष्य है। सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में सड़क सुरक्षा शामिल हैं। हादसों को रोकने के लिए कई उपाय उठाये जा रहे हैं। पीडब्लूडी, परिवहन, स्वास्थ्य, शिक्षा और पुलिस सहित अन्य विभाग के साथ कई संस्थाएं इस दिशा में काम कर रहीं हैं। यह बातें लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने कही।



राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन कार्यक्रम में शामिल परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद। ● अमृत विचार

मंगलवार राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन पर विश्वेश्वरैया हाल में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में उन्होंने सड़क सुरक्षा को लेकर जन सामान्य से सावधान रहने को कहा। कार्यक्रम में परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। जितिन प्रसाद ने निर्देश दिए कि सड़क हादसों को रोकने के लिए हाईवे पर अवैध कट बंद किए जाए। रोड इंजीनियरिंग पर विशेष ध्यान दिया जाये। सड़कों पर रम्बल स्ट्रीप्स और साइनेज अवश्य लगाए जाए। इस मौके पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि दुर्घटनाओं में हो रही मृत्यु से स्पष्ट है कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। अधिकारी सड़क सुरक्षा के नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। सड़क हादसों को कम करने को सुरक्षा व्यवस्था के लिए अलग से टीम गठित करने की स्वीकृति मुख्यमंत्री ने दे दी है।

# संविदा बिजली कर्मियों ने किया शक्ति भवन पर विरोध प्रदर्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष को 16 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

**अमृत विचार :** लंबित मांगों के पूरा न किये जाने के विरोध में संविदा बिजली कर्मियों ने मंगलवार को शक्ति भवन के सामने सत्याग्रह आंदोलन कर विरोध प्रदर्शन किया। बाद में कर्मियों के प्रतिनिधिमंडल ने 16 सूत्री ज्ञापन उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष गोयल को सौंपा।

विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ उप्र के आह्वान पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से सैकड़ों संविदा बिजली कर्मी सुबह नौ बजे शक्ति भवन के सामने पहुंचे और प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। शाम को महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष आरएस राय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ऊर्जा निगमों के अध्यक्ष आशीष गोयल से मिला और उन्हें 16 सूत्री मांगों का ज्ञापन दिया। ज्ञापन में संविदा श्रमिकों को 18 हजार और लाइनमैन व उपकेंद्र परिचालक को 22 हजार वेतन दिये जाने, हटाए गए निर्दोष आउटसोर्स कर्मियों को बहाल किए जाने, संविदा कर्मियों की मृत्यु पर 10 लख रुपए का मुआवजा दिए जाने, सभी जिलों में ईएसआई की सुविधा देने, खाली पड़े 70 हजार पदों पर संविदा कर्मियों को समायोजित किए जाने आदि मांग की गई। अध्यक्ष ने महासंघ के साथ अगले सप्ताह वार्ता कर मांगों का समाधान निकालने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में महासंघ के प्रमुख नेताओं मे मोहम्मद काशिफ, भोला सिंह कुशवाहा, पुनीत राय, योगेश सिरोही, राम भूल सैनी, रियाजुद्दीन, राजेश्वर सिंह, अशोक राय आदि शामिल थे।

## वर्ग पहेली-356

**बाएं से दाएं**

4.1. नीली कुईं, कोका, इंदीवर 2. पृथ्वी, भूमंडल।

5.1. घुल-मिल जाना 2. पूर्ण होना 3. मिलना।

7.1. व्यक्ति

**ऊपर से नीचे**


1. शौच कराना, किसी अन्य को मल त्याग कराना।

2.1. तुलना के योग्य 2. जिससे तुलना की जा सकती हो।

3.1. देखने में सुंदर और भला लगने वाला 2. सुंदर, ख़ूबसूरत 3. मनोरम 4. प्रियदर्शन।

4.1. किसी विश्वविद्यालय का प्रधान अधिकारी; (वाइस चांसलर) 2. पितृसत्तात्मक व्यवस्था के अंतर्गत किसी कुल या परिवार का स्वामी, मुखिया 3. प्राचीन काल में गुरुकुल का प्रधान अधिकारी जो छात्रों की शिक्षा और भोजन आदि की व्यवस्था करता था।

6. जानवरों को होने वाला एक रोग।





## वर्ग पहेली - 355 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 कि | | | | | |
| र | | 2 छि | 3 गु | नी | |
| कि | | | ज | | |
| री | | 4 अ | रा | ड़ | |
| | 5 जं | भि | त | | 6 म |
| 7 यू | | ग | | | ह |
| रो | | 8 म | ज़ | कू | री |

## सुडोकू-73

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | 7 | 9 | | | 8 |
| | | 7 | | | | 4 | | |
| 2 | | 9 | | 6 | 4 | | | |
| 4 | | | | 1 | | 6 | | |
| | | 2 | | | | 9 | | |
| | | 1 | | 8 | | | | 3 |
| | | 6 | 8 | 3 | | 2 | | 5 |
| | | 8 | | | | 1 | | |
| 5 | | | 2 | 4 | 1 | | | |

## सुडोकू - 72 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 6 | 8 | 7 | 9 | 2 | 1 | 4 |
| 8 | 2 | 9 | 5 | 1 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 8 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 6 | 9 | 1 |
| 1 | 6 | 4 | 9 | 8 | 7 | 5 | 2 | 3 |
| 9 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 4 | 7 | 8 |
| 4 | 9 | 3 | 1 | 6 | 8 | 7 | 5 | 2 |
| 2 | 7 | 8 | 3 | 9 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 4 | 2 | 8 | 3 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 फरवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी 29 फरवरी 04 .18 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग





दिशाशूल- उत्तर। ऋतु-वसंत।

चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-हस्त 07 .33 तक तत्पश्चात चित्रा।

**मेष** — आज परिवार और कारोबार दोनों में ही अच्छा तालमेल बनाकर रखेंगे। जीवनसाथी से महत्वपूर्ण विषयों पर सलाह लेना हितकर होगा। पाचन की कमजोरी के कारण अपच और उल्टी जैसी समस्या हो सकती है।

**वृष** — आज कार्यक्षेत्र में आपको अपनी गुणवत्ता का ध्यान रखना चाहिए। आत्मविश्वास के साथ अपने काम करेंगे। नकारात्मक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। नए प्रेम संबंधों में तनाव होने के योग बन रहे हैं। दिन के उत्तरार्ध में कोई बड़ा काम पूरा हो सकता है।

**मिथुन** — आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। त्वरित निर्णय लेने से व्यवसाय में प्रगति हो सकती है। साझेदारी संबंधि कार्यों में आपको काफी ज्यादा ध्यान देना होगा। आपको अपनी गलतियों को सुधारने के कई मौके मिलेंगे।

**कर्क** — आज महत्वपूर्ण यात्रा होने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास की कमी के कारण निर्णय गलत हो सकते हैं। भाई-बहनों के साथ संबंध मधुर रहेंगे। कार्यक्षेत्र में राजनीति का सामना करना पड़ेगा। धन से जुड़े मामलों को लेकर भाग्यशाली रहेंगे।

**सिंह** — आज बॉस आपके ऊपर नाराज हो सकते हैं। जॉब को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। दोपहर के पहले कुछ अनचाही स्थितियों का सामना करना पड़ेगा, लेकिन अचानक से स्थितियां आपके पक्ष में आती हुई प्रतीत होंगी।

**कन्या** — आज आपके सामाजिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। गलत खान-पान के कारण स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। नया व्यापार शुरू करने की योजना को आकार दे सकते हैं। जीवनसाथी आपके मनोबल को बढ़ायेगा। अपनी शक्ति का सकारात्मक प्रयोग करेंगे।

**तुला** — आज महत्वपूर्ण दस्तावेजों को संभाल कर रखें। बच्चों के व्यवहार से कुछ चिंतित हो सकते हैं। नए विषयों को सीखने की कोशिश करेंगे। परिवार में आपके गुणों की प्रशंसा होगी। आपके ऊपर जिम्मेदारियां बढ़ने वाली है।

**वृश्चिक** — आज आपको ऐसे व्यक्तियों से मिलना पड़ सकता है ,जो आपके व्यक्तित्व को काफी प्रभावित करने वाले हैं। आवश्यक कार्यों को शाम से पहले पूरा कर लेना हितकर होगा। बेकार की बहसों से बचने का प्रयास करें।

**धनु** — आज सभी जरूरी काम पूरे करने की कोशिश करेंगे। छोटी-छोटी परेशानियों से निजात मिलेगी। जीवनसाथी के साथ रिश्ते बहुत प्रगाढ़ होंगे। सामाजिक आयोजन में आप भागीदारी कर सकते हैं। मित्रों से शुभ सूचना आपको प्राप्त हो सकती है।

**मकर** — आज अपने जीवन-स्तर को ऊंचा करने की दिशा में प्रयास करेंगे। भोग-विलास में आप काफी धन खर्च कर सकते हैं। जीवन से सभी क्षेत्रों में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहने वाला है। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए शुभ दिन सिद्ध होगा।

**कुंभ** — आज अनावश्यक लोगों के साथ विचार-विमर्श कर समय बर्बाद न करें। कुछ लोग आपके हितैषी होते हुए भी आपकी आलोचना करेंगे। बोलचाल में विनम्र भाषा का प्रयोग करें। मित्रों के स्वभाव में कुछ बदलाव देखने को मिलेगा।

**मीन** — आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। नया कार्य शुरू करने के लिए दिन अच्छा नहीं है। व्यापार में अड़चनें आ सकती हैं। सहकर्मियों से भी आपको परेशान होना पड़ सकता है। लोगों के बीच आपका व्यवहार काफी सराहा जाएगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- होते होते प्यार हो गया — सुबह : 11 .39
- कीमत — रात : 07 .07

SONY MAX
- लगे रहो मुन्ना भाई — सुबह : 10 .12
- विश्वासघात — रात : 10 .04

SONY PIX
- लाइफ — सुबह : 10 .48
- जिओस्ट्रोम — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- हाईजेक — सुबह : 10 .30
- विजय द मास्टर — रात : 07 .30

colors CINEPLEX
- जुर्माना — दोपहर : 12 .31
- फिर हेरा फेरी — रात : 09 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म





सोनी मैक्स पर सुबह-10 .12 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति -मेरे सीने में बहुत दर्द हो रहा है, जल्दी से एम्बुलेंस के लिए फोन लगाओ।
पत्नी- हां, लगाती हूं, जल्दी अपने मोबाइल का पासवर्ड बताओ
पति- रहने दो, अब थोड़ा ठीक लग रहा है।

पप्पू ने गली के कोने में कचरा फेंक दिया। थोड़ी देर बाद वो घूम फिर कर गली में ही वापस आया, तो मोहल्ले वाले आपस में लड़ने लगे कि, कचरा किसने फेंका!
एक औरत ने गुस्से से कहा- फेंका होगा किसी कुत्ते के बच्चे ने।
पप्पू हंसा और बोला- कचरा मैंने फेंका और नाम कुत्ते के बच्चे का आ गया।

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1100 डीएमओ 870 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

### बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 1835, राज श्री 1350, फ़ॉर्चून कि. 1720, रविन्द्रा 1760, फॉर्चुन ली0 1570, जय जवान 1420, सचिन 1485, सूरज 1445, अवसर 1575, राग गोल्ड 1550, गृहणी 1475, क्लासिक (किलो) 1670, मोर 1565, चक्र टिन 1650, ब्लू 1585, आशीर्वाद मस्टर्ड 1675, स्वास्तिक 1805। किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 14700, जीरा 41000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 41500, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950. चावल-(प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10300, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4650, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350। दाल दलहन-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छाँटी 7200, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-11900, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350।

# मोदी के तीसरे कार्यकाल में भी जारी रहेंगे सुधार कार्य

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उद्योग निकाय फिक्की की ओर से आयोजित कार्यक्रम में किया आश्वस्त

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को भारतीय उद्योग जगत से खुद को 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य के साथ जुड़ने का आह्वान किया। उद्योग निकाय फिक्की की ओर से आयोजित 'विकसित भारत @ 2047: विकसित भारत व उद्योग' सत्र को संबोधित करते हुए मंत्री ने उद्योग जगत को आश्वस्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में भी सुधार जारी रहेंगे।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने फिक्की के कार्यक्रम में कहा कि कोई भी देश डिजिटल इंफ्रा के बिना विकास का लक्ष्य हासिल नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि हम डेवलपमेंट गोल के साथ आगे बढ़ेंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार एआई के क्षेत्र में इनोवेशन और निवेश को बढ़ावा देगी। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार स्पेस सेक्टर में भी निवेश को बढ़ावा देगी।

अप्रैल-मई में होने वाले आम चुनावों के बाद नई सरकार का गठन होगा और भाजपा को विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में लौटेंगे। सीतारमण ने कहा कि भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। पिछले 10 वर्षों के दौरान सरकार की ओर से कई सुधार किए गए हैं और यह प्रवृत्ति जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि अगली मोदी सरकार द्वारा किए जाने वाले सुधारों में उत्पादन के कारकों पर ध्यान दिया जाएगा।



फिक्की के कार्यक्रम में मौजूद सीतारमण, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर व अन्य।

### 'विकसित भारत@2047' में बोले अनुराग ठाकुर

#### एक दशक में यूपीए से यूपीआई तक का आया बदलाव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि सरकार की पहल और उद्योग सहित सभी वर्गों के योगदान से भारत 2047 से बहुत पहले एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा। ठाकुर ने फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा आयोजित 'विकसित भारत@2047' सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की साहसिक नीतियों और निर्णयों के कारण भारत दुनिया की पांच नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में से एक से हटकर शीर्ष पांच में पहुंच गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि चुनावों में मिले स्पष्ट जनादेश के कारण प्रधानमंत्री को कठोर निर्णय लेने का अधिकार मिल गया। ठाकुर ने कहा, "यदि आप 2014 पर नजर डालें तो हम दुनिया की पांच नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में से एक थे। भ्रष्टाचार के मामले थे। एक खोए हुए दशक से लेकर 'टेकेड' (प्रौद्योगिकी से भरपूर दशक) तक, यूपीए के समय से लेकर यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) के समय तक का ये सफर कैसा रहा है, मुझे लगता है कि चीजें बदल गई हैं।"

# देश में कर्मचारियों के वेतन में औसत 10% वृद्धि की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

- सर्वे के मुताबिक, सर्वाधिक लाभ वाहन-विनिर्माण के क्षेत्र में

भारत में कंपनियों द्वारा इस साल कर्मचारियों के वेतन में औसतन 10 प्रतिशत वृद्धि किए जाने की उम्मीद है। मंगलवार को जारी एक सर्वे में यह बात कही गई है। सर्वे में कहा गया है कि सबसे अधिक वेतनवृद्धि का लाभ वाहन, विनिर्माण और इंजीनियरिंग क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों को मिलेगा।

मंगलवार को जारी परामर्शक फर्म मर्सर के कुल पारिश्रमिक सर्वेक्षण (टीआरएस) के अनुसार, वर्ष 2023 में औसत वेतनवृद्धि 9.5 प्रतिशत थी। इसमें कहा गया, 'यह प्रवृत्ति भारत के मजबूत आर्थिक प्रदर्शन और नवाचार और प्रतिभा के केंद्र के रूप में इसके बढ़ती आकर्षण को दर्शाती है। भारत में वाहन, विनिर्माण, इंजीनियरिंग और जीवन विज्ञान में कर्मचारियों



को सबसे अधिक वेतनवृद्धि मिलने का अनुमान है। यह इन क्षेत्रों की प्रतिस्पर्धी प्रकृति को दर्शाता है।'

सर्वेक्षण में कहा गया है कि भारत में औसत वेतनवृद्धि 2024 में 10 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है, जो 2023 में 9.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ शीर्ष पर थी। इसमें कहा गया है कि भारत में स्वैच्छिक नौकरी छोड़ने की दर वर्ष 2021 में 12.1 प्रतिशत से धीरे-धीरे बढ़कर वर्ष 2022 में 13.5 प्रतिशत हो गई है।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 72,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,650-47,850 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,200 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,050 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 72,000 |
| चांदी तैयार | 72,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,900 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,900 |
| चांदी पक्की | 704 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,100 |
| चांदी आभूषण | 72,200। |

# ऑनलाइन लोन: चीनी कंपनियों के खिलाफ जांच अंतिम चरण में

नई दिल्ली, एजेंसी

- कॉरपोरेट मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी जानकारी

एप के जरिये ऑनलाइन कर्ज वितरण से जुड़ी कंपनियों समेत कई चीनी फर्मों के खिलाफ कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय जांच कर रहा है। इनमें से कुछ जांच अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं।

गैरकानूनी ढंग से कर्ज वितरण एप का संचालन करने वाली कंपनियों के खिलाफ हाल में जांच तेज हुई है। इसके अलावा मंत्रालय लाभकारी स्वामित्व को छिपाने के लिए कंपनियों और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मंत्रालय विभिन्न चीनी कंपनियों खासकर कर्ज एप से जुड़ी कंपनियों के खिलाफ पड़ताल कर रहा है और इनमें से कुछ जांच अंतिम चरण में हैं। अधिकारी के मुताबिक, रिजर्व बैंक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय समेत अन्य इकाइयों से मिली शिकायतों के आधार पर भी संबंधित कंपनियों के खिलाफ जांच शुरू की जाती है। हालांकि कुछ कंपनियों के वित्तपोषण स्रोतों का पता लगाना कभी-कभी मुश्किल होता है, लेकिन कंपनियों के लाभकारी स्वामित्व का पता लगाने के प्रयास किए जाते हैं।

# वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री अगले वित्त वर्ष में 7% तक घटेगी: इक्रा

**नई दिल्ली।** घरेलू वाणिज्यिक वाहन (सीवी) की बिक्री में अगले वित्त वर्ष में उच्च आधार प्रभाव की वजह से चार से 7 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने कहा कि आम चुनावों से पहले आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण जनवरी-मार्च तिमाही में बुनियादी ढांचागत गतिविधियों में रुकावट के कारण बिक्री कम रह सकती है। एजेंसी ने कहा, "अनुमान है कि वित्त वर्ष 2023-24 में घरेलू सीवी उद्योग की मात्रा में सालाना दो से पांच प्रतिशत की वृद्धि होगी।

# खेती के साथ आय बढ़ाएगी कृषि विकास योजना

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- सरकार के अधीन विभाग और संस्थाएं करेंगी काम, मिली मंजूरी

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में खेती के साथ किसानों की आय 'राज्य कृषि विकास योजना' बढ़ाएगी। इस योजना को शासन ने स्वीकृति दी है। इसमें कृषि एवं सम्वर्गीय विभाग व संस्थाएं योजनाओं-परियोजनाओं पर काम कर किसानों को लाभान्वित करेंगी। इनके सहयोग से किसानों की आय में गुणात्मक वृद्धि होगी।

इसमें एक जिला एक उत्पाद में मुख्य फसल को शामिल किया जाएगा। जीआई टैग भी दिया जाएगा। इससे उत्पाद को पहचान के साथ बिक्री का प्लेटफार्म मिलेगा। वहीं, राज्य सरकार विभाग



व संस्थाओं को निधि पर 100 प्रतिशत अनुदान देगी। योजना का कृषि विभाग को नोडल नामित किया गया है, जिसकी देखरेख में बजट, भुगतान से लेकर योजनाओं पर सभी काम होंगे। विभाग व संस्थाएं प्रगति रिपोर्ट के साथ खर्च का उपभोग प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराएंगे।

**प्रोत्साहन के लिए करेंगे नई पहल:** कौशल विकास के तहत किसानों को अंतर्राज्यीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण, विस्तार सेवाओं के प्रोत्साहन के लिए नई पहल, फार्म मैकेनाइजेशन, सोलर संचाई पंप, कृषि ड्रोन, कंबाइन हार्वेस्टर, प्राकृति खेती, श्री अन्न पर प्रशिक्षण व मेला, प्रदर्शनी, गोष्ठी व कार्यशाला में सम्मलित किया जाएगा। इसके अलावा कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र के अंतर्गत नवीन अवसंरचनाओं की आवश्यकता होने पर प्रयोगशाला की स्थापाना, भंडारण सुविधा, मोबाइल मल्टी यूटिलिटी वैन, कृषि निवेश केंद्र, कृषि रक्षा इकाई, कृषि विपणन पर कार्य होंगे।

## राष्ट्रीय

# कांग्रेस-कम्युनिस्ट केरल में दुश्मन, बाकी जगह अच्छे मित्र

## भाजपा की राज्य इकाई की पदयात्रा के समापन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों दलों पर किया कटाक्ष

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र में भाजपा के खिलाफ मजबूत विकल्प तैयार करने का प्रयास कर रहे कांग्रेस और कम्युनिस्ट दलों पर कटाक्ष करते हुए मंगलवार को कहा कि वे केरल में एक-दूसरे के दुश्मन हैं, लेकिन अन्य राज्यों में वे 'बीएफएफ' यानी हमेशा के लिए सबसे अच्छे दोस्त हैं।

मोदी ने यहां सेंट्रल स्टेडियम में भाजपा की राज्य इकाई की पदयात्रा के समापन समारोह में विपक्ष पर निशाना साधते हुए दावा किया कि उसके पास देश की प्रगति के लिए कोई खाका नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष यह मान चुका है कि वह इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव में जीत नहीं पाएगा, इसीलिए उसके नेता उन्हें भला-बुरा कहने की रणनीति अपना रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'केरल में कांग्रेस और कम्युनिस्ट एक-दूसरे के दुश्मन हैं, लेकिन अन्य राज्यों में वे 'बीएफएफ' हैं।'

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने कम्युनिस्ट मुख्यमंत्री (पिनराई विजयन) पर भ्रष्टाचार एवं घोटालों में शामिल होने का आरोप लगाया और वाम सरकार को फासीवादी करार दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'इसके जवाब में कम्युनिस्टों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज कराया और उनके पूर्ववर्ती प्रशासनों पर विभिन्न घोटालों में शामिल होने का आरोप लगाया, लेकिन केरल के बाहर 'इंडी' गठबंधन की बैठकों में वे एक साथ बैठते हैं। समोसे और बिस्कुट खाते हैं और चाय पीते हैं।' उन्होंने कहा, 'यानी तिरुवनंतपुरम में वे कुछ और कहते हैं तथा दिल्ली में कुछ और कहते हैं। केरल के लोग आगामी लोकसभा चुनावों में इस विश्वासघात का जवाब देंगे।'

मोदी ने केरल के लोगों से आग्रह किया कि वे आगामी लोकसभा चुनावों में राज्य में उनकी पार्टी को दोहरे अंकों में सीट जिताकर अपना आशीर्वाद दें। उन्होंने कहा कि भाजपा कभी किसी राज्य को वोट बैंक के नजरिए से नहीं देखती। मोदी ने दावा किया कि पिछले 10 साल में केरल को अन्य भाजपा शासित राज्यों की तरह ही विकास से लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि यह उनकी गारंटी है कि वह केरल के लोगों के सपनों और आकांक्षाओं को साकार करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के साथ-साथ देश से गरीबी और भ्रष्टाचार मिटाना 'मोदी की गारंटी' है।



### तमिलनाडु में बोले मोदी- 'इंडिया' गठबंधन ने अपनी हार स्वीकार कर ली

**तिरुपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों ने हार स्वीकार कर ली है, लेकिन उनका इरादा लूटने का है। मोदी ने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए द्रमुक और कांग्रेस की आलोचना की और अन्नाद्रमुक के नेताओं दिवंगत एमजी रामचंद्रन और जयललिता की विरासत का उल्लेख किया। मोदी ने यहां भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई की राज्यव्यापी यात्रा 'एन मन एन मक्कल' के समापन समारोह को संबोधित करते हुए विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान केंद्र की भाजपा सरकार ने तमिलनाडु में विकास परियोजनाओं के लिए पहले की तुलना में अधिक धनराशि दी है। मोदी ने कहा, 'इंडिया के घटक दलों ने हार स्वीकार कर ली है, लेकिन उनका इरादा लूटने का है। लेकिन लोगों ने ऐसे किसी भी प्रयास को रोकने का मन बना लिया है। तमिलनाडु में भी भाजपा भ्रष्टाचार की राजनीति को खत्म करने की तैयारी कर रही है।"

# बिहार: कांग्रेस के दो व राजद के एक विधायक भाजपा में शामिल

**पटना।** बिहार में कांग्रेस के विधायक मुरारी प्रसाद गौतम, सिद्धार्थ गौतम और राष्ट्रीय जनता दल की विधायक संगीता कुमारी मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गईं। भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होंने बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा से मुलाकात की। सम्राट चौधरी से मिलने जाते वक्त जब संगीता कुमारी से पत्रकारों ने पूछा कि क्या वह भाजपा में शामिल हो गई हैं तो उन्होंने कहा- हां।

तेजस्वी यादव की 'जन विश्वास यात्रा' और 3 मार्च को प्रस्तावित रैली से पहले इस पालाबदल को भाजपा की ओर से लोकसभा चुनाव से पहले हर संभव समीकरण साधने के तौर पर देखा जा रहा है। संगीता कुमारी कैमूर जिले की मोहनिया सीट से विधायक हैं। वहीं सिद्धार्थ विक्रम सीट और मुरारी गौतम चेनारी से विधायक हैं।

# भाजपा अस्थिर करती रही तो खत्म हो जाएगा लोकतंत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने विपक्षी दलों को तोड़ने के लगाए आरोप

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राज्यसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश के कई पार्टी विधायकों के भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने के बाद भाजपा पर विपक्षी दलों को तोड़ने का आरोप लगाया और कहा कि अगर विपक्ष की सरकारों को ऐसे ही अस्थिर किया जाता रहा, तो देश में लोकतंत्र खत्म हो जाएगा।

खरगे ने एक टीवी कार्यक्रम में यह भी कहा कि कांग्रेस 'इंडिया' गठबंधन में सभी दलों को साथ लेकर चल रही है और प्रधानमंत्री मोदी जितना चाहें प्रयास कर लें, वे टूटने वाले नहीं हैं। खरगे ने हिमाचल प्रदेश के घटनाक्रम के बारे में पूछे जाने पर कहा, 'चुनी हुई सरकार को तोड़ते हैं, तो यह कौन-सा लोकतंत्र है? इससे पहले मध्य प्रदेश, कर्नाटक, मणिपुर



और गोवा में ऐसा ही हुआ था। अगर आप चुनकर नहीं आते, तो लोगों को डराकर, धमका कर काम करते हैं, क्या यह लोकतंत्र है।'

कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया, 'अगर ये ऐसा करते गए, तो एक दिन लोकतंत्र को खत्म कर देंगे और संविधान को अलग रख देंगे।' खरगे ने कहा, 'अगर आपको बहुमत मिला है, तो शासन करिए, लेकिन डरा-धमकाकर कोई काम करता है, तो यह लोकतंत्र में नहीं चलता।'

### एक नजर

#### संदेशखालि जा रहे आईएसएफ विधायक नौशाद सिद्दीकी गिरफ्तार

**कोलकाता।** पुलिस ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के अशांत संदेशखालि जा रहे 'इंडियन सेक्युलर फ्रंट' (आईएसएफ) के विधायक नौशाद सिद्दीकी को गिरफ्तार कर लिया। निषेधाज्ञा लागू होने का हवाला देते हुए संदेशखालि की ओर जा रहे कांग्रेस के एक दल को भी नजात के पास रोक दिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि भांगड़ से विधायक सिद्दीकी को कोलकाता में साइंस सिटी के पास गिरफ्तार किया गया था।

#### राजद विधायक के परिसरों पर ईडी ने की छापेमारी

**आरा/पटना।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आय से अधिक संपत्ति के मामले को लेकर मंगलवार को बिहार के भोजपुर जिला मुख्यालय आरा में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) विधायक किरण देवी, उनके पति और पूर्व विधायक अरुण यादव तथा कुछ अन्य से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की। किरण देवी भोजपुर जिले के संदेश निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं, जहां उनके पति ने 2015 के विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की थी। तेजस्वी यादव ने कहा कि ये छापे इस बात का सबूत हैं कि केंद्र में शासन करने वाली भाजपा डरी हुई है।

# बीजद से टिकट पाने के लिए 10 हजार से ज्यादा ने किया आवेदन

**भुवनेश्वर।** आगामी लोकसभा चुनाव और ओडिशा विधानसभा का चुनाव लड़ने के लिए बीजू जनता दल का टिकट पाने के लिए 10,000 से ज्यादा लोगों ने आवेदन किया है। ओडिशा विधानसभा में 147, जबकि राज्य में लोकसभा की 21 सीटें हैं। बीजद के संगठन सचिव प्रणब प्रकाश दास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "आगामी चुनावों में पार्टी टिकट के लिए 10,000 से अधिक लोगों ने आवेदन किया है।"

# अंबाला : कुछ इलाकों में मोबाइल इंटरनेट बंद

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने किसानों के 'दिल्ली चलो' आंदोलन के मद्देनजर मंगलवार को 28 से 29 फरवरी तक अंबाला जिले में कुछ स्थानों पर मोबाइल इंटरनेट और भारी मात्रा में संदेश भेजने की सेवाएं निलंबित रखने की घोषणा की। अंबाला समेत सात जिलों में मोबाइल इंटरनेट और संदेश सेवाएं बहाल किए जाने के दो दिन बाद यह नया फैसला आया है। मंगलवार को जारी आदेश के अनुसार, अंबाला में सदर अंबाला, पंजोखेड़ा और नग्गल थाना क्षेत्रों में सेवाएं निलंबित रहेंगी। आदेश के मुताबिक, यह आदेश 28 फरवरी (मध्यरात्रि) से 29 फरवरी (रात 11 बजकर 59 मिनट) तक लागू रहेगा। किसानों के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए 26 फरवरी को अंबाला के उपायुक्त से मिले अनुरोध के बाद यह फैसला लिया गया।

# राजस्थान: आईसीयू में भर्ती महिला से दुष्कर्म, आरोपी कर्मचारी गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान के अलवर जिले में एक निजी अस्पताल की आईसीयू में भर्ती महिला से दुष्कर्म के आरोप में एक कर्मचारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार सुबह करीब साढ़े चार बजे की है। आरोपी चिराग यादव को हिरासत में ले लिया गया। वह अस्पताल में नर्सिंग सहायक के पद पर कार्यरत है। शिवाजी पार्क थाना प्रभारी राजपाल सिंह ने बताया कि फेफड़ों में संक्रमण के कारण महिला अस्पताल के आईसीयू में उपचाराधीन है।

# प्रफुल्ल का राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) नेता प्रफुल्ल पटेल ने राज्यसभा के लिए दोबारा निर्वाचित होने पर संसद के उच्च सदन की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। पटेल के पांचवें कार्यकाल में अभी चार साल बाकी थे। उन्हें राज्यसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाया गया था, क्योंकि वह राकांपा के शरद पवार धड़े द्वारा दायर अयोग्यता याचिका का सामना कर रहे थे। राज्यसभा बुलेटिन में मंगलवार को कहा गया है, "महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने वाले निर्वाचित सदस्य प्रफुल्ल पटेल ने राज्यसभा में अपनी सीट से इस्तीफा दे दिया है और राज्यसभा के सभापति ने उनका इस्तीफा 27 फरवरी, 2024 को स्वीकार कर लिया है।" पटेल राकांपा के गुटीय संघर्ष में अजित पवार खेमे में चले गए थे।

# बीकानेर: जासूसी के आरोप में कैंटीन का संचालक गिरफ्तार

जयपुर, एजेंसी

- पाकिस्तानी महिला एजेंट के साथ खुफिया सूचना कर रहा था साझा

पाकिस्तानी गुप्तचर एजेंसियों के लिए जासूसी करने को लेकर बीकानेर जिले में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी सैन्य क्षेत्र 'महाजन' में कैंटीन चलाता है, जो 'हनीट्रैप' में फंसकर सामरिक महत्व की सूचनाएं पाक 'हैंडलर' को दे रहा था।

अतिरिक्त महानिदेशक (पुलिस खुफिया) संजय अग्रवाल ने बताया कि राजस्थान खुफिया विभाग ने मिलिट्री इंटेलिजेंस (सैन्य खुफिया शाखा), बीकानेर के साथ संयुक्त कार्रवाई कर पाकिस्तान गुप्तचर एजेंसी के लिए जासूसी कर रहे 'ऊपर का बास' गांव (बीकानेर जिले) के निवासी विक्रम सिंह (31) को गिरफ्तार किया है। अग्रवाल ने बताया कि सतत निगरानी के दौरान पता चला कि विक्रम सिंह सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तानी खुफिया हैंडलर के निरंतर संपर्क में है। उन्होंने बताया कि जब विक्रम सिंह की गतिविधियों पर गहनता से नजर रखी गई तो पता चला कि वह 'हनीट्रैप' में फंसकर सोशल मीडिया के माध्यम से पाक महिला एजेंट के साथ सामरिक महत्व की सूचना साझा कर रहा है।

# मराठा आरक्षण आंदोलन की होगी एसआईटी जांच

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने सरकार को निर्देश दिया कि वह एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करके उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे की टिप्पणी की व्यापक जांच करे। सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों ने जरांगे की टिप्पणियों का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि राज्य में अशांति फैलाने की साजिश थी। अध्यक्ष ने सरकार को फडणवीस के खिलाफ जरांगे की टिप्पणियों की जांच के लिए एक एसआईटी गठित करने का निर्देश दिया। जरांगे ने आरोप लगाया था कि फडणवीस उनकी हत्या कराने कोशिश कर रहे हैं।

# आप ने दिल्ली से चार और हरियाणा से एक उम्मीदवार घोषित किया

नई दिल्ली, एजेंसी

- विधायक सोमनाथ भारती को नई दिल्ली सीट से टिकट

आम आदमी पार्टी (आप) ने लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली की चार और हरियाणा की एक सीट के लिए मंगलवार को उम्मीदवारों की घोषणा की। पार्टी ने वरिष्ठ नेता सोमनाथ भारती को नई दिल्ली सीट से मैदान में उतारा है। पार्टी ने राज्यसभा के पूर्व सदस्य सुशील गुप्ता को हरियाणा के कुरुक्षेत्र से अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक के बाद पांच नामों की



घोषणा की गई। आप के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) संदीप पाठक ने यहां संवाददाता सम्मेलन में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। आप ने दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं मालवीय नगर से विधायक सोमनाथ भारती को नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से, कोंडली के विधायक कुलदीप कुमार को पूर्वी दिल्ली सीट से, सहीराम पहलवान को दक्षिणी दिल्ली से और पूर्व सांसद महाबल मिश्रा को पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है।

पार्टी ने दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की अपने सहयोगी कांग्रेस से हाथ मिलाया है। सीट बंटवारे को लेकर दोनों दलों के बीच हुए समझौते के तहत आप दिल्ली में चार और कांग्रेस तीन लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लोकसभा की कुल सात सीट हैं।

# आदर्श आचार संहिता से पहले जारी हो सकते हैं सीएए के नियम

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए बिना दस्तावेज वाले गैर-मुस्लिम प्रवासियों को तेजी से नागरिकता देने के लिए विवादास्पद नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 (सीएए) के कार्यान्वयन के नियम लोकसभा चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले जारी किए जाने की संभावना है। चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है। चुनाव का कार्यक्रम अगले पखवाड़े में घोषित किया जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि आदर्श आचार संहिता प्रभाव में आने से पहले सीएए के नियम जारी किए जा सकते हैं।

# हॉकी इंडिया की सीईओ एलेना नॉर्मन का त्यागपत्र

## आरोप लगाया- लंबे समय से वेतन रोका, गुटबाजी से काम करना मुश्किल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लंबे समय तक हॉकी इंडिया की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रहीं एलेना नॉर्मन ने त्यागपत्र दे दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय से उनका वेतन रोका गया था तथा महासंघ में गुटबाजी से काम करना मुश्किल हो गया था।



ऑस्ट्रेलिया की नॉर्मन 13 वर्ष से यह पद संभाल रही थीं और उन्हें तीन महीने से भुगतान नहीं किया गया था। हॉकी इंडिया के नॉर्मन के पद छोड़ने के संबंध में किसी कारण का उल्लेख किए बिना इस ऑस्ट्रेलियाई ने कहा कि (वेतन से जुड़े हुए) कुछ मुद्दे थे तथा काफी पहल करने के बाद पिछले सप्ताह उन्हें मंजूरी मिली। नॉर्मन ने कहा कि हॉकी इंडिया में दो गुट हैं। एक तरफ मैं और (अध्यक्ष) दिलीप टिर्की हैं तथा दूसरी तरफ (सचिव) भोलानाथ सिंह, (कार्यकारी निदेशक) कमांडर आरके श्रीवास्तव और (कोषाध्यक्ष) शेखर जे मनोहरन हैं। दो गुटों की लड़ाई में काम करना मुश्किल हो रहा था। नॉर्मन का त्यागपत्र भारतीय महिला हॉकी टीम की मुख्य कोच यानेक शोपमैन के उस बयान के कुछ दिनों बाद आया है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि राष्ट्रीय महासंघ उन्हें महत्व नहीं देता और उनका सम्मान नहीं करता।

### 13 साल तक एलेना नॉर्मन ने संभाला था पद

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया की निवर्तमान सीईओ एलेना नॉर्मन ने कहा कि महासंघ में जैसा माहौल बन गया था उसमें काम करना मुश्किल था और ऐसे में उनके पास त्यागपत्र देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। 13 साल तक यह पद संभालने के बाद नॉर्मन ने त्यागपत्र दे दिया। हॉकी इंडिया ने अपने आधिकारिक बयान में इसका कोई कारण नहीं बताया है लेकिन नॉर्मन ने उन चीजों का जिक्र किया है जिनसे उन्हें अपना पद छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा।

नॉर्मन का त्यागपत्र राष्ट्रीय महासंघ के लिए एक और झटका है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और पूर्व भारतीय कप्तान दिलीप टिर्की ने नॉर्मन का त्यागपत्र स्वीकार करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। टिर्की ने कहा कि न सिर्फ हॉकी इंडिया के अध्यक्ष बल्कि पूर्व खिलाड़ी और हॉकी प्रेमी होने से मैं 12-13 वर्षों में उल्लेखनीय योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त करता हूं। नॉर्मन के सानिध्य में भारत की पुरुष और महिला टीमों ने सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की थी। यही नहीं पुरुष टीम ने तोक्यो ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीतकर 41 साल के इंतजार को खत्म किया था।

# नामीबिया के लॉफ्टी-ईटन ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में 33 गेंद पर जड़ा शतक

**कीर्तिपुर (नेपाल), एजेंसी**

नामीबिया के यान निकोल लॉफ्टी-ईटन ने मंगलवार को त्रिकोणीय शृंखला के पहले मैच में नेपाल के खिलाफ 33 गेंद में शतक के साथ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास का सबसे तेज शतक जड़ा। मध्य क्रम के बल्लेबाज लॉफ्टी-ईटन ने नेपाल के कुशाल मल्ला के 34 गेंद में शतक के रिकॉर्ड को तोड़ा।



मल्ला ने पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों के दौरान यह उपलब्धि हासिल की थी जब उनकी टीम ने मंगोलिया के खिलाफ 3 विकेट पर 314 रन का विश्व रिकॉर्ड स्कोर बनाया था। लॉफ्टी-ईटन ने सिर्फ 36 गेंद में 101 रन की पारी खेली। उन्होंने 11 चौके और 8 छक्के लगाए तथा 280.55 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 92 रन बाउंड्री से जुटाए। 22 साल के लॉफ्टी-ईटन ने अब तक 33 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय और 36 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। यह उनका पहला अंतर्राष्ट्रीय शतक है। लॉफ्टी-ईटन के अलावा सलामी बल्लेबाज मलान क्रूगर ने भी नाबाद 59 रन की पारी खेली, जिससे नामीबिया ने 4 विकेट पर 206 रन बनाए। नेपाल की टीम इसके जवाब में 19वें ओवर में 186 रन पर सिमट गई। दीपेंद्र सिंह ऐरी (48) नेपाल की ओर से शीर्ष स्कोरर रहे। नामीबिया की ओर से रूबेन ट्रंपलमैन ने 29 रन देकर 4 विकेट चटकाए। टूर्नामेंट की तीसरी टीम नीदरलैंड है।

## खेल डायरी

### एंडी मरे ने दुबई में जीत के बाद दिया संकेत, कुछ महीने और बचे हैं



**दुबई, एजेंसी।** तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन एंडी मरे ने दुबई टेनिस चैंपियनशिप के पहले दौर में तीन सेट में डेनिस शापोवालोव को हराने के बाद संकेत दिया कि उनके करियर के अब कुछ अंतिम महीने बचे हैं। मरे ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करत हुए शापोवालोव को 4-6, 7-6 (5), 6-3 से हराकर हार्ड कोर्ट पर 500वीं जीत दर्ज की। पहले दौर में जीत के बाद मरे ने कहा कि बेशक मुझे अब भी प्रतिस्पर्धा पेश करना पसंद है और अब भी खेल से प्यार करता हूं। लेकिन उम्र बढ़ने के साथ युवा खिलाड़ियों से प्रतिस्पर्धा करना और शरीर को फिट तथा तरोताजा रखना मुश्किल हो जाता है। संभवत: मेरे पास काफी समय नहीं बचा है लेकिन इन अंतिम महीनों में मैं जितना संभव हो सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा। मरे पहले भी संन्यास लेने पर विचार कर चुके हैं। शापोवालोव के खिलाफ जीत साल की उनकी सिर्फ दूसरी जीत है। मरे अगले दौर में उगो हम्बर्ट और गेल मोनफिल्स के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे। ओपन युग में मरे के अलावा रोजर फेडरर (783), नोवाक जोकोविच (700), आंद्रे अगासी (592) और रफेल नडाल (518) ने हार्ड कोर्ट पर 500 से अधिक जीत दर्ज की हैं।

### रोनाल्डो के आपत्तिजनक इशारे से बवाल

**रियाद (सऊदी अरब), एजेंसी।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो सऊदी प्रो लीग में दर्शकों की तरफ कथित आपत्तिजनक इशारा करने से विवादों में फंस गए हैं। उनके इस व्यवहार की जांच की जा रही है। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में रोनाल्डो को अपने कान पकड़ते हुए और बार-बार अपनी श्रोणि के पास हाथ ले जाते हुए दिखाया गया है। ऐसा लगता है कि रोनाल्डो इस तरह का आपत्तिजनक इशारा करके अपनी टीम अल नासर की प्रतिद्वंद्वी टीम अल शबाब के समर्थकों को चिढ़ा रहे हैं। यह घटना रविवार को खेले गए मैच के दौरान हुई जिसमें अल नासर ने अल शबाब को 3-2 से हराया। इस वीडियो में दर्शकों को मेसी मेसी के नारे लगाते हुए सुना जा सकता है। लियोनेल मेसी रोनाल्डो के प्रतिद्वंद्वी रहे हैं।

### मेरा लक्ष्य पैरालंपिक स्वर्ण बरकरार रखना है : प्रमोद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पांच विश्व चैंपियनशिप खिताब के लिन डैन के रिकॉर्ड की बराबरी करने वाले भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत अब पेरिस में अपना पैरालंपिक खिताब बरकरार रखना चाहते हैं और उनका इरादा 2036 खेलों में भी भाग लेने का है। बिहार में जन्मे 35 वर्ष के भगत ने रविवार को इंग्लैंड के डेनियन बेथेल को एसएल3 वर्ग के फाइनल में हराकर चीन के लिन डैन के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। पोलियो के शिकार भगत ने कहा कि ओलंपिक के बाद से मेरे अभ्यास में कमी आ गई थी और उसने भी अपने खेल पर काम किया। हमने जितने फाइनल खेले हैं, उसका दबदबा रहा है लिहाजा मेरे लिए मानसिक अवरोध पैदा हो गया था। पेरिस पैरालंपिक से पहले वह तोड़ना जरूरी था। मैं यह गलती सुधारना चाहता था जो मैने ओपन टूर्नामेंटों में की थी।

### न्यूजीलैंड के नील वैगनर ने टेस्ट से संन्यास लिया

**वेलिंगटन (न्यूजीलैंड), एजेंसी।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज नील वैगनर ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। दक्षिण अफ्रीका में जन्मे वैगनर ने न्यूजीलैंड की तरफ से 64 टेस्ट मैच खेले, जिनमें उन्होंने 37 की औसत से 260 विकेट लिए। वह न्यूजीलैंड की तरफ से टेस्ट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में पांचवें नंबर पर हैं। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए न्यूजीलैंड की टीम में जगह मिलने की संभावना नहीं थी और उन्होंने 5 दिवसीय प्रारूप से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। वैगनर ने 2012 में टेस्ट में पदार्पण किया था तथा वह न्यूजीलैंड के सबसे सफल दौर में टीम का अहम हिस्सा रहे। उन्होंने टीम को 2022 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वैगनर ने जो 64 टेस्ट मैच खेले उनमें से न्यूजीलैंड ने 34 में जीत दर्ज की। वैगनर 2008 में दक्षिण अफ्रीका से न्यूजीलैंड आ गए थे और उन्होंने ओटैगो प्रांत की तरफ से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में छाप छोड़ी।



# शमी के टखने का ऑपरेशन आईपीएल से बाहर होना तय

## जून में होने वाले टी-20 विश्व कप से भी रह सकते हैं बाहर

- गत वर्ष वनडे विश्व कप में भारत को फाइनल में पहुंचाने में निभाई थी अहम भूमिका
- 19 नवंबर 2023 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था अपना अंतिम मैच

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के बाएं टखने (अकिलीज़ टेंडन) का सफल ऑपरेशन हुआ है, जिससे वह अगले महीने से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नहीं खेल पाएंगे। इस कारण से वह जून में होने वाले टी-20 विश्व कप से भी बाहर रह सकते हैं।

इस 33 वर्षीय गेंदबाज ने पिछले साल वनडे विश्व कप में भारत को फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने भारत की तरफ से अपना अंतिम मैच 19 नवंबर 2023 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप फाइनल के रूप में खेला था। उनका सोमवार को लंदन में ऑपरेशन हुआ। शमी को फिट होने में 3 महीने का समय लग जाएगा। इससे वह 22 मार्च से 26 मई तक होने वाले आईपीएल में नहीं खेल पाएंगे। उनका जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप में खेलना भी संदिग्ध है। शमी ने सोमवार को अस्पताल से अपनी कई तस्वीरों को साझा करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, अभी मेरे अकिलीज़ टेंडन का सफल ऑपरेशन हुआ है। इससे उबरने में समय लगेगा लेकिन मैं फिर से अपने पांवों पर खड़े होने के लिए उत्सुक हूं।वनडे विश्व कप में 24 विकेट लेने वाले शमी दर्द के बावजूद इस टूर्नामेंट में खेले थे। वह टखने में विशेष इंजेक्शन लगाने के लिए जनवरी में लंदन चले गए थे। उन्हें हालांकि इससे कोई फायदा नहीं हुआ जिसके बाद उन्हें ऑपरेशन करवाना पड़ा।

इस घटनाक्रम से राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) की ओर से शमी के लिए तैयार किए रिहैबिलिटेशन कार्यक्रम पर भी सवाल उठ गया है। इस गेंदबाज के बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ अक्टूबर-नवंबर में भारत में होने वाली टेस्ट शृंखला से पहले वापसी की संभावना नहीं है। उनका लक्ष्य ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी धरती पर होने वाली टेस्ट शृंखला में वापसी करना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शमी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मैं आपके शीघ्र स्वस्थ होने और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं मोहम्मद शमी। मुझे विश्वास है कि आप अपने अंदर रचे बसे साहस से जल्द चोट से उबर जाएंगे।



### शमी का बाहर होना गुजरात टाइटंस के लिए झटका

शमी का आईपीएल से बाहर होना गुजरात टाइटंस के लिए करारा झटका है, जिसके ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या पहले ही मुंबई इंडियंस से जुड़ चुके हैं। शमी ने पिछले साल आईपीएल में अपनी टीम की तरफ से सर्वाधिक विकेट लेकर उसे फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। शमी को हाल में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्होंने अभी तक एक दशक के अपने करियर में टेस्ट क्रिकेट में 229, वनडे में 195 और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 24 विकेट लिए हैं।

# भारत से प्रतिस्पर्धा का मौका तक नहीं था: बेन

**रांची, एजेंसी**

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि वर्तमान टेस्ट शृंखला में उनके पास भारत के साथ प्रतिस्पर्धा करने का मौका तक नहीं था, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने मेजबान टीम को कड़ी चुनौती दी और इसलिए उन्हें अपने खिलाड़ियों पर गर्व है।



भारत ने इंग्लैंड को चौथे टेस्ट मैच में 5 विकेट से हराकर 5 मैच की शृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त ले ली है। इंग्लैंड ने स्टोक्स के कप्तान और ब्रैंडन मैकुलम के मुख्य कोच बनने के बाद पहली बार कोई शृंखला गंवाई है। स्टोक्स ने कहा कि 3-1 अच्छा नहीं लग रहा है, लेकिन जिस तरह से हमने भारत को चुनौती दी उस पर मुझे गर्व है। उन्होंने कहा कि यहां तक कि हमारे पास भारत के साथ प्रतिस्पर्धा करने तक का मौका नहीं था, लेकिन हमने भारत को आसानी से नहीं जीतने दिया और मुझे लगता है कि वे इसे स्वीकार करेंगे।

स्टोक्स ने कहा कि यह युवा और कम अनुभवी टीम दो वर्ष से सफल रही है लेकिन भारत आना पूरी तरह से भिन्न होता है जिसका इस टीम को अभी तक अनुभव नहीं था। हमने जिस तरह से उनकी हर चुनौती का जवाब दिया उस पर मुझे वास्तव में गर्व है भले ही हमें हार का सामना करना पड़ा हो। हमारे हर खिलाड़ी ने जिस तरह से आखिर तक हार नहीं मानी, उस पर मुझे गर्व है। कोई भी खिलाड़ी किसी भी समय पीछे नहीं हटा।

### गिल-जुरेल की साझेदारी ने भारत को संभाला

इंग्लैंड ने चौथे टेस्ट मैच में एक समय अच्छी वापसी की थी। चौथे दिन 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत का स्कोर एक समय 5 विकेट पर 120 रन था। इसके बाद शुभमन गिल और ध्रुव जुरेल ने 72 रन की साझेदारी करके भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया।



# मंधाना ने आरसीबी को 8 विकेट से दिलाई जीत

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कप्तान स्मृति मंधाना की आक्रामक पारी और गेंदबाजों के प्रदर्शन के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने महिला प्रीमियर लीग के मैच में मंगलवार को गुजरात जाइंट्स को 8 विकेट से हराया। मंधाना ने 27 गेंद में 8 चौकों और 1 छक्के की मदद से 43 रन बनाए। वहीं एस मेघना ने 28 गेंद में 36 रन जोड़े, जिसमें 5 चौके और 1 छक्का था। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी करके टीम को 12.3 ओवरों में ही 108 रन के लक्ष्य तक पहुंचाया। इससे पहले आरसीबी के गेंदबाजों ने जाइंट्स को 7 विकेट पर 107 रन पर रोक दिया। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने 14 रन देकर 2 और बाएं हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनू ने 25 रन देकर 3 विकेट लिए। मंधाना ने तेज गेंदबाज लिया ताहुहू की पहली दो गेंदों पर 2 चौके लगाए। उन्होंने चौका जड़कर पहले ओवर में 13 रन निकाले। तीसरे ओवर में आरसीबी का स्कोर बिना नुकसान के 32 रन था, लेकिन चौथे ओवर में सोफी डेवाइन को एशले गार्डनर ने आउट किया। मंधाना ने ताहुहू को छक्का लगाया। उन्हें बाएं हाथ की स्पिनर तनुजा कंवर ने आउट किया। इससे पहले मंधाना ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया और उनके गेंदबाजों ने इसको सही साबित किया। जाइंट्स की कप्तान बेथ मूनी सिर्फ 8 रन ही बना सकी। रेणुका को दो चौके जड़ने के बाद वह अगली गेंद पर आउट हो गई। रेणुका ने फोबे लिचफील्ड को भी आउट किया जो बाहर निकलकर खेलने के प्रयास में चूकीं और रिचा घोष ने कुशल स्टम्पिंग किया। रेणुका ने 4 ओवर में 14 रन देकर 2 विकेट लिए। डायलान हेमलता ने 25 गेंद में नाबाद 31 रन बनाकर उसे 100 रन के पार पहुंचाया। जाइंट्स ने पहले दस ओवर में 44 रन बनाए जबकि उसके दो विकेट गिरे। पूरी पारी में जाइंट्स के बल्लेबाज 10 चौके और 2 छक्के ही लगा सके।

# डब्ल्यूपीएल संहिता के उल्लंघन में अरुंधति पर लगा जुर्माना

**बेंगलुरु।** दिल्ली कैपिटल्स की तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी पर यूपी वॉरियर्स के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इस खिलाड़ी ने दिल्ली की यूपी के खिलाफ 9 विकेट से जीत में 1 विकेट लिया था। डब्ल्यूपीएल ने कहा कि अरुंधति रेड्डी पर यूपी के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान डब्ल्यूपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अरुंधति ने डब्ल्यूपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.1 के अंतर्गत आने वाले लेवल एक के अपराध को स्वीकार किया है। संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के मामले में मैच रेफरी का फैसला अंतिम होता है।



# बॉलीवुड हलचल

## वार 2 का ऋतिक ने वीडियो किया शेयर




फिल्म 'फाइटर' के बाद ऋतिक रोशन की नई फिल्म 'वॉर 2' की शूटिंग शुरू हो चुकी है। ऐसे में खुद एक्टर ने स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ अदजानिया को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए 'वॉर 2' का बीटीएस वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया। ऋतिक रोशन ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें वह अपनी स्टाइलिस्ट के साथ चल रहे हैं और खूब मस्ती करते नजर आ रहे हैं उस वीडियो में स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ अदजानिया भी है उन्हीं को एक्टर ने विश कर लिखा- अनसुनी चीजों को पर्दे पर लाने के लिए धन्यवाद, आपका आने वाला साल सुपरसोनिक हो! प्यार। ऋतिक रोशन और स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ काफी समय से एक-दूसरे के साथ काम कर रहे हैं। वह एक्टर के लुक से शानदार जादू चलाती है। इससे पहले बैंग बैंग, वॉर और अब वॉर 2 जैसी फिल्मों में भी ऋतिक के साथ काम किया हैं।

### अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के इवेंट में हंगामा

अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ-स्टारर 'बड़े मियां छोटे मियां' साल की मचअवेटेड फिल्मों में से एक है। एक्टर सोमवार (26 फरवरी) को लखनऊ में थे जहां उन्होंने भारी भीड़ के सामने कुछ स्टंट किए। शेयर हुए एक वीडियो के मुताबिक हालात जल्द ही बेकाबू हो गए क्योंकि भीड़ ने इवेंट में हंगामा शुरू कर दिया। वीडियो में अक्षय और टाइगर को मंच पर देखा गया जहां उन्होंने लखनऊ आने पर अपनी एक्साइटमेंट के बारे में बात की। जैसे-जैसे भीड़ बढ़ती गई सिक्योरिटी के होते हुए भी भीड़ को संभालना मुश्किल हो गया। कई लोगों को सामने चप्पल फेंकते देखा गया जबकि सुरक्षा बलों ने हालात कंट्रोल करने की कोशिश की। भीड़ में से कई चप्पलें मैदान के चारों तरफ पड़ी देखी गईं। हंगामे के कारण मची अफरा-तफरी से कुछ देर के लिए प्रोग्राम रोक दिया गया। टाइगर श्रॉफ को लोकेशन पर इकट्ठा हुए फैन्स से कुछ देर इंतजार करने के लिए माफी मांगते भी देखा गया। इसके बाद उन्होंने कहा कि लखनऊ आना और वहां की एनर्जी देखना उनके लिए अब तक का सबसे 'हैरान कर देने वाला पल' था। इस इवेंट के दौरान सितारों ने कुछ हवाई स्टंट भी दिखाए।

## यामी गौतम के आगे विद्युत का एक्शन फेल

फिल्म आर्टिकल 370 का कलेक्शन वीकेंड के बाद गिरा है लेकिन इसे वीकडेज के हिसाब से बुरा नहीं कहा जाएगा। ये फिल्म विद्युत जामवाल की क्रैक पर भारी पड़ती दिख रही है। एक्ट्रेस यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल 370 जब रिलीज हो रही थी उस दौरान लोगों का ऐसा मानना था कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाएगी, लेकिन इससे एकदम विपरीत होता दिख रहा है। फिल्म फैंस काफी पसंद कर रहे हैं और इसकी कमाई के ताजा आंकड़े इस बात का सबूत हैं। इसी के साथ विद्युत जामवाल की फिल्म क्रैक कमाई के लिए काफी संघर्ष कर रही है। दोनों फिल्में एक साथ ही रिलीज हुई थीं। वीकेंड के बाद यामी गौतम की फिल्म में गिरावट देखने को मिल रही है। फिल्म ने वीकेंड में काफी अच्छा कलेक्शन किया। फिल्म ने 3 दिनों में 23 करोड़ का कलेक्शन किया था। रविवार को फिल्म ने 9 .6 करोड़ का कलेक्शन किया, लेकिन सोमवार को फिल्म की कमाई में गिरावट दर्ज की गई है। फिल्म ने 3 .25 करोड़ का कलेक्शन चौथे दिन किया है। ये कलेक्शन भले ही रविवार की तुलना में कम है, लेकिन इसके बाद भी फिल्म के कलेक्शन को वीकडेज के हिसाब से बुरा नहीं कहा जाएगा। 4 दिनों में आर्टिकल 370 ने 26 .15 करोड़ कमा लिए हैं। फिल्म की इस कमाई से यामी गौतम भी खुश नजर आ रही हैं और उन्होंने फैंस को थैंक्स कहा है। वहीं, क्रैक तो रिलीज होने के बाद से ही दर्शकों के लिए तरस रही है। फिल्म का कलेक्शन अच्छा नहीं जा रहा है। फिल्म ने वीकेंड तक 8 .70 करोड़ की कमाई कर ली थी। रविवार को फिल्म सिर्फ 2 .3 करोड़ कमा सकी. लेकिन सोमवार को फिल्म के कलेक्शन में भारी गिरावट देखने को मिली। बड़े स्टार्स से सजी ये फिल्म एक दिन में 1 करोड़ रुपये भी कमाने के लिए संघर्ष कर रही है। फिल्म ने सोमवार को करीब 1 करोड़ कमाए हैं। फिल्म के लिए आगे के दिन और मुश्किल होने वाले हैं। फिल्म को रफ्तार पकड़ने के लिए वीकेंड का इंतजार करना होगा।



## चाचा की नकल से अर्जुन को मिली थी फिल्म



अर्जुन कपूर बॉलीवुड में एक दशक से काम कर रहे हैं। अब वह अजय देवगन की सिंघम अगेन में बड़े रोल में नजर आएंगे। अर्जुन ने कई सारी फिल्मों में काम किया है। भले ही वे फिल्मी खानदान से आते हैं, लेकिन एक्टर को फिल्मों में आने के लिए ऑडिशन देना पड़ा था। अर्जुन कपूर की डेब्यू फिल्म इशकजादे आज तक उनके करियर की सबसे बड़ी फिल्म मानी जाती है। हाल ही में अर्जुन कपूर ने एक इंटरव्यू में इसी फिल्म और अपने करियर पर बात करते हुए बताया कि उन्हें ये फिल्म उनके चाचा अनिल 5कपूर की कॉपी करके मिली थी। दरअसल अर्जुन कपूर और रणबीर का 'कॉफी विद करण' शो का एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें अर्जुन कपूर से पूछा गया कि उन्हें ये फिल्म कैसे मिली, तो एक्टर ने इस बारे में बताया कि 'इशकजादे' फिल्म उन्हें ऑडिशन के बेस पर मिली थी। अर्जुन कपूर ने बताया कि जब वो ऑडिशन दे रहे थे, तो उन्होंने उस सीन को अपने चाचा की नकल करते हुए किया। उन्होंने अनिल कपूर की एक्टिंग की। इसके अलावा उन्होंने ये भी बताया कि उन्होंने अनिल कपूर के साथ सलमान खान की एक्टिंग भी की। प्रोड्यूसर को दोनों सुपरस्टार्स की कॉपी की गई एक्टिंग पसंद आई और उन्होंने अर्जुन को फाइनल कर लिया। इस तरह से अर्जुन कपूर को चाचा की नकल करके उनके करियर की सबसे बड़ी फिल्म मिल गई। इस फिल्म में उनके अपोजिट परिणीति चोपड़ा थीं।

### ओम शांति ओम ने बदल दी अर्जुन रामपाल की किस्मत



अर्जुन रामपाल इन दिनों क्रैक को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म ने 23 फरवरी 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक दे दी है। इस फिल्म में वो विद्युत जामवाल के साथ हैं। हाल ही में अर्जुन रामपाल ने शाहरुख खान के साथ 27 साल पहले की एक फिल्म का जिक्र किया और बताया कि कैसे उस फिल्म ने अर्जुन रामपाल की जिंदगी बदल दी थी। अर्जुन रामपाल ने अपने करियर की शुरुआत 22 साल पहले 2001 में आई फिल्म प्यार इश्क और मोहब्बत से की थी। उन्होंने इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया। उसके बाद से अब तक वो विलेन से लेकर हीरो तक कई रोल निभा चुके हैं। 2 दशक से फिल्म इंडस्ट्री में काम कर रहे अर्जुन रामपाल ने कई फिल्में की हैं, जिसमें उनके अलग-अलग तरह के रोल देखने को मिले हैं, लेकिन वो शाहरुख खान के साथ की ओम शांति ओम को अपने करियर की सबसे अहम फिल्म मानते हैं. उनका कहना है कि ये फिल्म उनके करियर में टर्निंग प्वाइंट साबित हुई। शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म ओम शांति ओम साल 2007 में आई। फिल्म का निर्देशन फराह खान ने किया था। इस फिल्म ने दर्शकों का दिल जीत लिया था और ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। फराह खान की इस फिल्म में अर्जुन रामपाल ने विलेन मुकेश मेहरा का रोल किया था। उनकी एक्टिंग की खूब तारीफ हुई थी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, **कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# नागरिक का जीवन और व्यक्तिगत आजादी की सुरक्षा सर्वोपरि : उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी



● सुनवाई करते हुए शीर्ष कोर्ट ने की टिप्पणी कहा- अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा

एक नागरिक की आजादी सर्वोपरि है और उससे जुड़े मामले में तेजी से फैसला न करना व्यक्ति को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मिले बहुमूल्य अधिकार से वंचित करेगा। शीर्ष अदालत ने हाल ही में एक मामले में सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

शीर्ष अदालत ने अनुच्छेद 21 को जीवन और व्यक्तिगत आजादी की सुरक्षा से जुड़े अनुच्छेद 21 को संविधान की आत्मा बताया। अदालत ने कहा कि बंबई उच्च न्यायालय से ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां जमानत या अग्रिम जमानत के आवेदनों पर तेजी से फैसला नहीं किया जा रहा है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ सुनवाई कर रही थी। पीठ ने अपने 16 फरवरी के आदेश में कहा, हमारे सामने ऐसे कई मामले आए हैं जिनमें न्यायाधीश गुण-दोष के आधार पर मामले पर फैसला नहीं कर रहे हैं। लेकिन कई आधारों पर मामलों को दबाने के लिए बहाने ढूंढ रहे हैं। इसलिए, हम बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से अनुरोध करते हैं कि वह आपराधिक अधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल करने वाले सभी न्यायाधीशों से जल्द से जल्द जमानत से जुड़े मामले पर फैसला करने का अनुरोध करें।

पीठ ने कहा, यह कहने की जरूरत नहीं होनी चाहिए कि भारत के संविधान का अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा है। नागरिकों की आजादी सर्वोपरि है। इसमें कहा गया, किसी नागरिक की आजादी से जुड़े मामले में तेजी से फैसला न करना और किसी न किसी आधार पर मामले को दबाना भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत उनके बहुमूल्य अधिकार से वंचित करेगा। पीठ ने सर्वोच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) से कहा कि वह उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) को अपने आदेश से अवगत कराए। शीर्ष अदालत एक आरोपी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। आरोपी ने बंबई हाईकोर्ट के 31 मार्च 2023 के फैसले को चुनौती थी। हाईकोर्ट ने उसकी जमानत याचिका का निपटारा करते हुए उसे निचली अदालत के सामने ऐसी याचिका दायर करने की अनुमति दी थी।

# पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगन चूमेंगी देश की चार शक्तियां

*गगनयान देश का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है जिसके तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष की सैर कराई जाएगी। इस मिशन को 2024 के आखिर या 2025 की शुरुआत तक भेजा जा सकता है। इसी साल मानव रहित परीक्षण उड़ान होगी, जिसमें एक व्योममित्र रोबोट भेजा जाएगा। गगनयान मिशन तीन दिवसीय है। मिशन के लिए 400 किलोमीटर की पृथ्वी की निचली कक्षा पर मानव को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा और फिर सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाया जाएगा।*

**400** किलोमीटर की निम्न पृथ्वी की कक्षा में अंतरिक्ष यात्रियों को भेजा जाएगा

● भारत का गगनयान मिशन सफल होता है, तो भारत उन देशों की एक खास सूची में शामिल हो जाएगा, जिन्होंने खुद चालक दल अंतरिक्ष यान लॉन्च किया है। वर्तमान में ऐसा मुकाम हासिल करने वाले देश केवल अमेरिका, रूस और चीन ही हैं।



### प्रशांत बालाकृष्णन नायर

ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालाकृष्णन नायर केरल से ताल्लुक रखते हैं। ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालाकृष्णन नायर (47) ने अपनी स्कूली शिक्षा कुवैत से पूरी की। उन्होंने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) से स्नातक की डिग्री हासिल की है। उन्होंने वहां 'स्वोर्ड ऑफ ऑनर' हासिल करके उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। साल 1999 में एक कमीशन अधिकारी के रूप में वो वायु सेना में शामिल हो गए।

### अंगद प्रताप

ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप ने ग्रुप के अन्य तीन सदस्यों के साथ रूस में 13 महीने तक ट्रेनिंग की है। उनका जन्म 17 जुलाई 1982 को प्रयागराज में हुआ था। वह एनडीए के पूर्व छात्र हैं और 18 दिसंबर 2004 को भारतीय वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में नियुक्त हुए थे। वह एक फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर और टेस्ट पायलट हैं और उनके पास लगभग 2000 घंटे की उड़ान का अनुभव है।

### अजित कृष्णान

ग्रुप कैप्टन अजित कृष्णन उन चार अंतरिक्ष यात्रियों में से हैं जिन्हें मिशन के लिए चुना गया था। उनका जन्म 19 अप्रैल 1982 को चेन्नई, तमिलनाडु में हुआ था। वह एनडीए के पूर्व छात्र हैं और वायु सेना अकादमी में राष्ट्रपति के स्वर्ण पदक और स्वॉर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित हैं। उन्हें 21 जून 2003 को भारतीय वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन दिया गया था। वह फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर और टेस्ट पायलट हैं और उनके पास लगभग 2900 घंटे की उड़ान का अनुभव है।

### शुभांशु शुक्ला

गगनयान मिशन के चार अंतरिक्ष यात्रियों में से एक विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला ने रूस की राजधानी मॉस्को के यूरी गगारिन कॉस्मोनॉट ट्रेनिंग सेंटर में ट्रेनिंग हासिल की है। उनका जन्म 10 अक्टूबर 1985 को लखनऊ, यूपी में हुआ था। वह एनडीए के पूर्व छात्र हैं और 17 जून 2006 को भारतीय वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में नियुक्त हुए थे। वह एक फाइटर कॉम्बैट लीडर और एक टेस्ट पायलट हैं, जिनके पास लगभग 2000 घंटे की उड़ान का अनुभव है।

## एक नजर



### थाईलैंडः भारत से पहुंचे भगवान बुद्ध के अवशेष, भक्तों ने किए दर्शन

**बैंकॉक।** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में बौद्ध भिक्षुओं ने ध्यान लगाकर माखा बुचा पर्व मनाया। भगवान बुद्ध ने इसी दिन अपने पहले शिष्यों में से 1,250 को दीक्षा दी थी। एक लाख भक्तों ने भगवान बुद्ध और उनके दो शिष्यों के पवित्र अवशेषों की पूजा की। इन्हें भारत से ले जाया गया है।

### तंबाकू-सिगरेट पर लगे प्रतिबंध को हटाएगा न्यूजीलैंड

**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड की नई सरकार तंबाकू की बिक्री पर लगे प्रतिबंध को हटाने जा रहा है। रिसर्चर और प्रचारकों द्वारा सरकार को तंबाकू से होने वाले मौतों के बारे में दी गई चेतावनी के बावजूद मंगलवार को सरकार ने इस पर लगे प्रतिबंध को हटाने की घोषणा की है। ये इसी साल जुलाई से लागू हो जाएगा। इसके साथ ही स्मोक्ड तंबाकू उत्पादों में निकोटीन सामग्री में कटौती की जाएगी और तंबाकू खुदरा विक्रेताओं की संख्या 90% से अधिक कम हो जाएगी। अक्टूबर में चुनी गई नई गठबंधन सरकार ने पुष्टि की कि मंगलवार को तत्काल कार्रवाई की जाएगी।




### आंदोलनः किसानों ने ट्रैक्टरों की बाड़ लगा पोलैंड की सीमा सील की

**वर्सॉव।** यूरोप के कई देशों में चल रहा किसान आंदोलन लगातार उग्र होता जा रहा है। अब पोलैंड के किसानों ने जर्मनी के साथ अपने देश की सीमा सील कर दी है। उन्होंने बॉर्डर पर ट्रैक्टरों की बाड़ बना दी है। बढ़ती कीमतों, करों में वृद्धि और हरित प्रतिबंधों के खिलाफ किसान आंदोलन कर रहे हैं।

### चंद सिक्कों में खरीदी गई हैरी पॉटर किताब की प्रति लाखों में बिकी

**लंदन।** करीब 30 साल पहले पुरानी किताबें बेचने वाली एक दुकान से महज कुछ रुपयों में खरीदी गई हैरी पॉटर के पहले उपन्यास की शुरुआती प्रति (प्रूफ कॉपी) नीलामी में 11,000 पाउंड (करीब 11.5 लाख रुपये) में बिकी। ब्रिटिश नीलामीकर्ता ने सोमवार को बताया कि एक दुकान से दो अन्य पुस्तकों के साथ कुल 40 पेंस (आज की दर से करीब 41 रुपये) में खरीदी गई थी। इस प्रति के पृष्ठ पर असंशोधित प्रूफ कॉपी लिखा है।

# रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने में नाकाम रही यूएनएससी, भारत ने उठाई बदलाव की मांग

## कंबोज बोलीं-जब तक इसमें बदलाव नहीं होगा, तब तक सुरक्षा परिषद विश्वसनीयता के घेरे में रहेगी

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मौजूदा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने सवाल उठाते हुए पूछा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने में क्यों असफल रहा? भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की पुरानी व्यवस्था में बदलाव की मांग की। यूएन जनरल असेंबली प्लेनरी की बैठक हुई, जिसमें रुचिरा कंबोज ने सवाल उठाए।

रुचिरा कंबोज ने कहा 'रूस-यूक्रेन युद्ध को चलते हुए दो साल का समय बीत चुका है। ऐसे में हमें बतौर संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों को कुछ पल रुककर सोचने और अपने आप से पूछने की जरूरत है कि क्या निकट भविष्य में इस संकट का समाधान निकल सकता है? और अगर नहीं निकल सकता तो फिर संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था, खासकर सुरक्षा परिषद क्यों है? इसका गठन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शांति और सुरक्षा के लिए किया गया था, ऐसे में ये क्यों मौजूदा संघर्षों को सुलझाने में पूरी तरह से बेअसर साबित हुई है?'

बीते शुक्रवार को यूक्रेन संकट पर संयुक्त राष्ट्र की जनरल असेंबली की प्लेनरी बैठक हुई। इसी दौरान भारत की संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने सुरक्षा परिषद में बदलाव की मांग उठाई। कंबोज ने यूएनएससी के पुराने ढांचे में बदलाव की मांग की और कहा कि जब तक इसमें बदलाव नहीं होंगे तब तक सुरक्षा परिषद की विश्वसनीयता सवालों के घेरे में रहेगी।

### कूटनीतिक से निकलेगा समाधान यूक्रेन को लेकर भारत चिंतित

रुचिरा कंबोज ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान को भी दोहराया, जिसमें पीएम मोदी ने रूस के




राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा था कि 'ये युद्ध का युग नहीं है।' कंबोज ने कहा कि 'यूक्रेन हालात को लेकर भारत चिंतित है। हम लगातार इस बात पर जोर दे रहे हैं कि इंसानी जिंदगी की कीमत पर कोई समाधान नहीं होना चाहिए। हिंसा किसी के भी हित में नहीं है।' कंबोज ने कहा कि कूटनीतिक तरीके से ही शांति संभव है और इसके लिए सभी पक्षों के बीच बातचीत होनी चाहिए। हमें ऐसे कदम उठाने से बचना चाहिए, जिनसे बातचीत और समाधान के रास्ते बंद हो जाएं।

### मानवाधिकार हमारे लोकतांत्रिक सिद्धांतों का हिस्सा, यूएन की बैठक में बोले जयशंकर



**नई दिल्ली।** स्विट्जरलैंड के जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार परिषद का सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। यह मानवाधिकार परिषद का 55वां सत्र है, जो सबसे लंबा होगा और अप्रैल तक चलेगा।

इस बैठक के पहले दिन भारतीय विदेश मंत्री ने अपने संदेश में मानवाधिकार परिषद की बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल के पूरे सहयोग का वादा किया और कहा कि भारत मानवाधिकारों की सुरक्षा के लिए काम करता रहेगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने संदेश में कहा कि 'मैं ये सुनिश्चित करूंगा कि हमारा प्रतिनिधिमंडल और उच्चायुक्त आपको पूरा समर्थन और सहयोग दें। भारत परिषद के सदस्यों के साथ मिलकर मानवाधिकारों की सुरक्षा और बढ़ावे के लिए काम करता रहेगा। भारत के लोकतांत्रिक सिद्धांतों और विविधता भरी सोच में मानवाधिकार गहरे तक समाए हुए हैं। विदेश मंत्री ने नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से सत्र को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 'पुरानी संरचनाओं को सुधारने, प्रणालीगत खामियों को ठीक करने और वर्तमान वैश्विक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने वाले बहुपक्षीय ढांचे को तत्काल बनाने का समय आ गया है।' उन्होंने कहा, 'भू-राजनीतिक चुनौतियों का स्थायी समाधान खोजने के लिए यूएन और उसके बाहर मिलकर काम करना हमारे सामूहिक हित और हमारी जिम्मेदारी भी है।

# इमरान-बुशरा बीबी भ्रष्टाचार के नए मामले में दोषी करार

इस्लामाबाद, एजेंसी

● दंपती ने लगे आरोपों से किया इनकार, मामले की सुनवाई छह मार्च तक स्थगित



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पत्नी बुशरा बीबी को अदालत ने दोनों के खिलाफ 190 मिलियन पाउंड (लगभग 20 अरब रुपये) के अल-कादिर भ्रष्टाचार मामले में आरोप तय किए हैं। न्यायाधीश नासिर जावेद राणा ने रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में सुनवाई की। कई मामलों में इमरान इसी जेल में सजा काट रहे हैं।

न्यायाधीश ने अदालत कक्ष में इमरान खान और बुशरा बीबी की मौजूदगी में आरोप पत्र पढ़ा। अल-कादिर ट्रस्ट के नाम पर सैकड़ों नहरों की जमीन का कथित तौर पर अधिग्रहण किया गया था। मामले में राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने इमरान खान, उनकी पत्नी और अन्य के खिलाफ जांच शुरू की थी। जिसमें सरकारी खजाने को 190 मिलियन पाउंड का नुकसान होने का मामला सामने आया था।

मीडिया के मुताबिक, सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने कहा कि मामले में 58 गवाहों के बयान दर्ज किए जाएंगे। न्यायाधीश ने इमरान खान के खिलाफ आरोप तय करते समय पूछा कि क्या वह दोषी हैं या नहीं। इमरान ने जवाब दिया, मुझे आरोप पत्र क्यों पढ़ना चाहिए, जब मुझे पता है कि उसमें क्या लिखा है? इमरान खान और उनकी पत्नी दोनों ने अपने खिलाफ लगे आरोपों से इनका किया। मामले की सुनवाई छह मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई। जवाबदेही अदालत ने एनएबी के पांच गवाहों को भी सुनवाई में शामिल होने का आदेश दिया। एक जवाबदेही अदालत ने तोशाखाना मामले में इमरान और बुशरा को 14 साल की सजा सुनाई थी। बुशरा को इमरान के इस्लामाबाद स्थित बनी गाला आवास में नजरबंद किया गया है। अल-कादिर ट्रस्ट मामला 190 मिलियन पाउंड के समझौते से जुड़ा है। जिसे ब्रिटेन की राष्ट्रीय अपराध एजेंसी ने कारोबारी मलिक रियाज हुसैन से रकम वसूलने के बाद पाकिस्तान भेजा था।

# जम्मू-कश्मीर के बारामूला से लश्कर का आतंकी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के बारामूला से लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी को गिरफ्तार किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पट्टन इलाके में आतंकी गतिविधियों की सूचना पर कार्रवाई करते हुए उत्तर कश्मीर जिले के चिनार चौराहे पर नाकाबंदी की गई।

उन्होंने कहा-पुलिस का देखकर आतंकी भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन सुरक्षा बलों ने पकड़ लिया। आतंकी की पहचान मेहराजउद्दीन भट के रूप में हुई है जो मुंडयारी पट्टन का रहने वाला है। पुलिस ने आतंकी के पास से एक हथगोला बरामद किया है। प्रवक्ता ने बताया कि कानून के संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क पर उतरे लोग...







**साओ पाउलो :** ब्राजील के साओ पाउलो शहर में पूर्व राष्ट्रपति जैर बोल्सोनारो पर लगाए गए तख्तापलट की कोशिश के आरोप के खिलाफ उनके 5 लाख से ज्यादा समर्थक सड़कों पर उतर आए। साथ उन पर लगाई गई चुनावी पाबंदी का भी विरोध किया। दरअसल, बोल्सोनारों से जनवरी 2023 में हुई हिंसा को लेकर पूछताछ हुई। लोगों ने पूर्व राष्ट्रपति पर लगी चुनावी पाबंदी हटाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। ● एजेंसी

# अंतरिक्षयान ओडीसियस ने चंद्रमा से भेजी पहली तस्वीर

वाशिंगटन, एजेंसी



अमेरिका के टेक्सास की इंट्यूटिव मशीन का लूनार लैंडर ओडीसियस चंद्रमा पर लैंडिंग करने में सफल रहा, लेकिन यह लैंडिंग पूरी तरह से सटीक नहीं थी और लैंडिंग के बाद यान थोड़ा सा टेढ़ा हो गया। इस घटना से यह कई मायनों में एक अनोखी लैंडिंग बन गई है।

ओडीसियस, 1972 में अपोलो17 मिशन के बाद चंद्रमा पर पहुंचने वाला पहला अमेरिकी अंतरिक्षयान बन गया है। ओडीसियस ने चंद्रमा की दक्षिणी सतह से पहली तस्वीर भेजी है। इंट्यूएटिव मशीन्स ने एक्स पर सोमवार को एक पोस्ट पर कहा, ओडीसियस चंद्रमा की सतह से नोवा कंट्रोल में फाइटर कंट्रोलर के साथ कम्यूनिकेट कर रहा है। पोस्ट में दो तस्वीरें भी शेयर की गई हैं। पहली तस्वीर षट्भुज आकार के अंतरिक्ष यान के उतरने की, और दूसरी उसके गिरने के 35 सेकंड बाद ली गई, जिसमें मालापर्ट ए प्रभाव क्रेटर की पक्की मिट्टी का पता चलता है। आपको बता दें यह एक प्राइवेट कंपनी का लैंडर था, और इसमें नासा का भरपूर सहयोग था।

# सूरज की रोशनी से जागा जापान का मून लैंडरः जाक्सा

**टोक्यो।** जापान के पहले मून लैंडर ने पृथ्वी से एक संकेत का जवाब दिया है। इससे पता चलता है कि यह सप्ताह भर की दूसरी चंद्र रात से बच गया है। यह जानकारी देते हुए जापान की अंतरिक्ष एजेंसी जाक्सा ने इसे चमत्कार बताया।

गत 20 जनवरी को जापान के मानव रहित स्मार्ट लैंडर फॉर इन्वेस्टिगेटिंग ने 20 जनवरी को चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग की थी। इसके साथ ही जापान चांद पर पहुंचने वाला पांचवां देश बन गया। जाक्सा ने बताया कि एसएलआईएम गत माह गलत दिशा में गिर गया था और इसके सौर पैनलों तक सूरज की रोशनी नहीं पहुंच पा रही थी। हालांकि, सूरज की रोशनी मिलते ही लैंडिंग के आठवें दिन एसएलआईएम से संपर्क हो गया।

# अगले सोमवार तक गाजा में थम जाएगा युद्धः जो बाइडन

वाशिंगटन, एजेंसी



● बोले- दोनों पक्ष संघर्ष विराम समझौते के करीब फाइनल मुहर लगना बाकी

इजराइल और हमास के बीच पांच महीने से अधिक समय से युद्ध जारी है। इजराइल ने कड़ी जवाबी कार्रवाई और समझौता कर अपने कुछ लोगों को रिहा करा लिया था। अब एक बार फिर जंग थोड़े समय के लिए रुक सकती है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने उम्मीद जताई है कि अगले सोमवार तक इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम हो सकता है। उन्होंने माना है कि दो पक्ष संघर्ष विराम समझौते के करीब हैं।

जो बाइडन ने गाजा में संघर्ष विराम के सवाल पर कहा, 'मेरे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने मुझसे कहा है कि हम इसके करीब हैं और मेरी उम्मीद है कि अगले सोमवार तक हम युद्धविराम कर लेंगे।' साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि हम इसके नजदीक हैं, लेकिन यह अभी तक पूरा नहीं हुआ है। अभी इस पर फाइनल मुहर लगना बाकी है। गौरतलब है, इससे एक दिन पहले ही व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने बताया था कि, 'इस्राइल, अमेरिका, मिस्र और कतर के प्रतिनिधियों ने पेरिस में मुलाकात की। इस दौरान अस्थायी संघर्षविराम के बदले हमास द्वारा बनाए गए बंधकों को रिहा करने पर चारों के बीच सहमति बन गई है। मोसाद के निदेशक डेविड बार्निया सहित एक इस्राइली प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को पेरिस में सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) के निदेशक बिल बर्न्स, मिस्र और कतर के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की।

**विज्ञान** इसरो 2030 तक अगला मंगल मिशन लॉन्च करने की बना रहा है योजना

# मंगल की धरती पर उड़ान भरेगा भारतीय हेलीकॉप्टर

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** इसरो लाल ग्रह मंगल पर उड़ान भरने की योजना पर काम कर रहा है। मंगलयान के बाद यह दूसरा भारतीय मंगल मिशन होगा, जिसे 2030 में लॉन्च करने की योजना है। मंगल मिशन नन्हा हेलीकॉप्टर साथ लेकर इस मिशन को महत्वाकांक्षी बनाने जा रहा है।

इसमें दोराय नही कि अंतरिक्ष की दुनिया में भारत बहुत कम समय पर दुनिया के अग्रणी देशों में अपना नाम सुमार कर चुका है। बहुत कम लागत और कम समय में मार्स ऑर्बिटर मिशन (मंगलयान) की सफलता से इसरो ने दुनिया को अपनी ओर आकर्षित किया था। मंगलयान को 2013 में लॉन्च किया था और 2014 में मंगल की कक्षा में स्थापित हुआ था। करीब आठ साल मंगल मिशन ने अनेक महत्वपूर्ण खोज कर भारतीय विज्ञान क्षमता का परिचय दिया। अब इसरो मंगल ग्रह की सतह पर नासा का इनजेनिटी हेलीकॉप्टर की तर्ज पर अपना हेलीकॉप्टर शामिल करना चाहता है, जो 2030 के दशक की शुरुआत में लॉन्च हो जाएगा।

हेलीकॉप्टर भारतीय मार्सलैंडर के साथ उड़ान भरेगा। विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र के अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला के वैज्ञानिक जयदेव प्रदीप ने हाल ही में एक वेबिनार के दौरान यह जानकारी दी। मंगल ग्रह पर लैंडिंग मिशन के लिए हेलीकॉप्टर मंगल के हवाई अन्वेषण के लिए पेलोड का एक सूट साथ ले जाएगा। पेलोड में एक तापमान सेंसर, आर्द्रता सेंसर, दबाव सेंसर, हवा की गति सेंसर, विद्युत क्षेत्र सेंसर और धूल एरोसोल के ऊर्ध्वाधर वितरण को मापने के लिए एक ट्रेस प्रजाति और धूल सेंसर शामिल किया जाएगा। भारतीय हेलीकॉप्टर मंगल की सतह से 328 फीट यानी100 मीटर ऊपर तक उड़ान भरने में सक्षम होगा, जबकि नासा का इनजेनिटी 79 फीट की ऊंचाई तक उड़ सकता है। मंगल की धरती के वातावरणीय जानकारी जुटाने के लिये अगली पीढ़ी के लिए वरदान साबित होगा।



मंगल की धरती पर नासा का हेलीकॉप्टर।

### मंगल पर कीर्तिमान स्थापित करेगा इसरो, बसाएगा मानव बस्ती

मंगल की धरती पर मानव बस्ती बसाने को लेकर नासा व चीन के साथ भारत भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर चुका है। इन सभी देशों का एकमात्र सपना मंगल पर मानव का दूसरा घर बसाना है। मंगलयान की सफलता से भारतीय वैज्ञानिको के हौंसले बुलंद हैं। इसरो की तैयारी अब मंगल पर नया कीर्तिमान स्थापित करना है। मगर आज भी यह सवाल अनुत्तरित है कि कब तक मंगल पर मानव बस्ती बसाई जा सकेगी।

# यूएईः आम लोगों के लिए मार्च से खुलेगा बीएपीएस मंदिर

आबू धाबी, एजेंसी

**15** से 29 फरवरी तक वीआईपी मेहमानों को दी गई थी दर्शन करने की अनुमति



अबू धाबी में पहला हिंदू मंदिर एक मार्च से जनता के लिए खोला जाएगा। बता दें कि इस महीने की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मंदिर का उद्घाटन किया था। लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से इस मंदिर का निर्माण बोचासनवासी श्री अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) द्वारा अबू मुरीखा में किया गया।

भव्य मंदिर का उद्घाटन 14 फरवरी को एक समर्पण समारोह के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने किया था, जिसमें 5,000 से अधिक आमंत्रित लोग शामिल हुए थे। 15 से 29 फरवरी तक पहले से पंजीकरण कराने वाले विदेशी श्रद्धालुओं या वीआईपी मेहमानों को मंदिर में दर्शन की अनुमति दी गई थी। अब मंदिर 1 मार्च से सुबह 9 बजे से रात 8 बजे तक जनता के लिए खुला रहेगा। मंदिर हर सोमवार को बंद रहेगा। इसकी जानकारी मंदिर के एक प्रवक्ता ने दी है।

इस मंदिर के निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाली 18 लाख ईंटों और 1.8 लाख घन मीटर बलुआ पत्थर राजस्थान से लाए गए है। यह मंदिर अयोध्या में हाल ही में उद्घाटन किए गए राम मंदिर की तरह, वास्तुकला की नागर शैली में बनाया गया है।